* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

17 अप्रैल, 2023
वैशाख, कृष्ण पक्ष, द्वादशी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
सोमवार, वर्ष 08, अंक 177

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मिलन पैलेस, क्लब रोड, रांची में आयोजित दावत- ए- इफ्तार कार्यक्रम में हुए शरीक।









## शराब नीति केस: सीबीआइ के दफ्तर 11 बजे पहुंचे थे दिल्ली सीएम

# अरविंद केजरीवाल से नौ घंटे तक हुई पूछताछ

- गिरफ्तारी के डर से आप ने बुलायी थी आपात बैठक
- पार्टी ने सीबीआइ दफ्तर के बाहर प्रदर्शन भी किया



आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** शराब नीति केस में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से सीबीआइ ने अपने ऑफिस में करीब नौ घंटे तक पूछताछ की। वे रविवार सुबह 11 बजकर 10 मिनट पर एजेंसी के ऑफिस पहुंचे थे। केजरीवाल रात 8.30 बजे एजेंसी ऑफिस से बाहर निकले। केजरीवाल को सुबह सीबीआइ ऑफिस तक छोड़ने के लिए दिल्ली सरकार के कई मंत्री, पार्टी सांसद और पंजाब के सीएम भगवंत मान गये थे। बाद में इन नेताओं समेत पार्टी के अन्य लोगों ने सीबीआइ ऑफिस के बाहर ही विरोध-प्रदर्शन शुरू कर दिया। आपके छह से ज्यादा विधायकों को पुलिस ने हिरासत में लिया। उधर, केजरीवाल से सीबीआइ की पूछताछ के मद्देनजर आपके दिल्ली के संयोजक गोपाल राय ने इमरजेंसी मीटिंग बुलायी थी, जिसमें पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पंकज गुप्ता, दिल्ली मेयर शैली ओबेरॉय और डिप्टी मेयर आले मोहम्मद इकबाल भी मौजूद थे। इसमें आगे की रणनीति पर बातचीत हुई।

### आठ महीने से एक्टिव है सीबीआइ:

दिल्ली शराब नीति केस में अनियमितता को लेकर सीबीआइ पिछले आठ महीने से एक्टिव है। सीबीआइ ने 17 अगस्त 2022 को केस दर्ज किया था। इस मामले में दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया को पहले सीबीआइ ने और फिर इडी ने अरेस्ट किया था। वह अभी इडी की कस्टडी में हैं। उनकी जमानत पर 18 अप्रैल को सुनवाई होगी। गौरतलब है कि केजरीवाल को शराब नीति केस में सीबीआइ ने पेश होने के लिए पिछले दिनों नोटिस भेजा था।

### सीबीआइ ने 56 सवाल पूछे: केजरीवाल

नयी दिल्ली। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि सीबीआइ ने शराब नीति को लेकर मुझसे 56 सवाल पूछे गये। वो मुझे आगे बुलाएंगे या नहीं यह पता नहीं। उन्होंने मुझसे जितने सवाल पूछे मैंने सबका जवाब दिया। कथित शराब घोटाला झूठ है। मेरा मानना है कि पूरा का पूरा केस गलत और फर्जी है। आम आदमी पार्टी एक कट्टर ईमानदार पार्टी है। हम मर जाएंगे लेकिन भ्रष्टाचार नहीं करेंगे। भाजपा 30 साल में गुजरात में एक अच्छा स्कूल नहीं बना सकी। लोगों ने देख लिया है कि 75 साल में जो देश में काम नहीं हुई वो दिल्ली में पिछले कुछ दिनों में हुई है। ये आम आदमी पार्टी को खत्म करना चाहते हैं। केजरीवाल सीबीआइ दफ्तर से लौटने के बाद घर पर मीडिया से बात कर रहे थे।

# अभय सिंह गिरफ्तारी प्रकरण में एक मंच पर आये बाबूलाल और सरयू राय

- हिंदू पंचायत महासभा के कार्यक्रम में शामिल हुए दोनों नेता

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** हिंदू पंचायत महासभा ने भाजपा नेता अभय सिंह की गिरफ्तारी का विरोध किया है। पिछले दिनों रामनवमी के बाद अबय सिंह को गिरफ्तार किया गया है। महासभा की ओर से रविवार को काशीडीह मैदान में धनरा का आयोजन किया गया। इस मौके पर भाजपा विधायक दल नेता बाबूलाल मरांडी और निर्दलीय विधायक सरयू राय एक मंच पर दिखे। दोनों का एक मुद्दे पर मंच साझा करने को लेकर राजनीतिक गलियारे में अलग नजरिये से देखा जा रहा है। इसे लेकर तरह-तरह की चर्चाएं भी शुरू हो गयीं हैं। खास कर जमशेदपुर में दोनों का मंच साझा करना भी चर्चा का विषय है। हालांकि दोनों नेताओं ने केवल अभय सिंह की गिरफ्तारी से संबंधित बातें कही और इसे एक साजिश बताया। कार्यक्रम में इचागढ़ के पूर्व विधायक अरविंद सिंह भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दिनेशानंद गोस्वामी, आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव चंद्रगुप्त सिंह, जिला परिषद उपाध्यक्ष पंकज सिन्हा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### साजिश के तहत अभय सिंह को फंसाया गया : बाबूलाल



बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि यह सोची समझी साजिश है। साजिश के तहत अभय सिंह को फंसाया गया है। राज्य में तुष्टीकरण की राजनीति ने एंटी सोशल एलिमेंट्स के लोगों को बढ़ावा दे रखा है। उन्होंने कहा कि शास्त्रीनगर में बीते दिनों हुए विवाद में एक पक्ष ने पत्थरबाजी की घटना को अंजाम दिया था। इसमें कई लोग घायल हुए थे। पत्थरबाजी की घटना में प्रशासन के लोग भी घायल हुए थे। मामले में थाने में जो एफआइआर दर्ज की गयी है, उसमें साफ तौर पर घटना का जिक्र किया गया है। कहीं भी अभय सिंह का नाम नहीं है। अभय सिंह के अलावा जेल में बंद कई लोग घटनास्थल पर नहीं थे। ऐसे में प्रशासन की कार्रवाई पर सवाल खड़ा हो रहा है। जमशेदपुर प्रशासन पूरी तरह से विफल है। सोची समझी साजिश के तहत अभय सिंह को फंसाया गया है। उन्होंने बताया कि पूरे राज्य में इस तरह के माहौल बन रहे हैं, घटनाएं घट रही हैं। तुष्टिकरण की राजनीति को एंटी सोशल एलिमेंट्स के लोगों को बढ़ावा दे रखा है। इस मामले में प्रदेश भाजापा का प्रतिनिधिमंडल महामहिम से मिलेगा।

### कदमा प्रकरण में दर्ज एफआइआर गलत : सरयू



सरयू राय ने कहा कि कदमा प्रकरण में जो एफआइआर की गयी है, वह गलत है। राजनीतिक दबाव में ही ऐसा किया गया है। जो धारा लगायी गयी है, वह भी गलत है। कदमा में हुई झड़पवाली घटना के दिन जनार्दन पांडेय और सुधांशु ओझा अपनी बेटी से मिलने पुरी गये हुए थे। पुलिस टीम ने उन्हें पुरी जाकर गिरफ्तार किया, जो सवालों के घेरे में है।

### राज्यपाल से मिल कर रखेंगे बात: गोस्वामी



दिनेशानंद गोस्वामी ने कहा कि प्रदेश बाजपा की ओर से पांच सदस्यीय कमेटी बनी है। इस मामले में अब तक जिला प्रशासन की ही गलती सामने आयी है। राज्य सरकार के दबाव में ऐसा हुआ है। वह इस मामले में राज्यपाल से भी मिल कर बात रखेंगे।

## कर्नाटक के कोलार की चुनावी रैली

# मुफ्त में बिजली और अनाज मिलेगा, महिलाओं और ग्रेजुएट को हर महीने रुपये



**कोलार (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को कर्नाटक के कोलार में एक चुनावी जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधा, तो लोगों से कई चुनावी वायदे भी किये। खास बात यह है कि ये वही कोलार है, जहां राहुल ने मोदी सरनेम को लेकर बयान दिया था, जिस वजह से उनकी सांसदी गयी। राहुल गांधी ने कर्नाटक की जनता से चार वादे किये हैं। पहला, हर घर के परिवार को 200 यूनिट मुफ्त बिजली दी जायेगी। दूसरा हर महीने हर महिला को 2000 रुपये दिये जायेंगे। तीसरा हर महीने हर परिवार को 10 किलो चावल मुफ्त दिया जायेगा। चौथा हर महीने दो साल के लिए कर्नाटक के हर ग्रेजुएट को 3000 रुपये और डिप्लोमा होल्डर को 1500 रुपये दिये जायेंगे। राहुल ने कहा कि प्रधानमंत्री जी अगर आप हजारों करोड़ रुपये अडाणी को दे सकते हैं, तो हम गरीबों, महिलाओं, युवाओं को पैसा दे सकते हैं।

## लैंड स्कैम: अन्य लोगों की संलिप्तता की जानकारी लेने में जुटे अधिकारी

# इडी की हिरासत में सातों आरोपियों से पूछताछ जारी

- प्राप्त कागजात और बयानों की पुष्टि की जा रही

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने बरियातू स्थित सेना जमीन घोटाले मामले में सीआइ भानुप्रताप प्रसाद सहित सात लोगों से पूछताछ शुरू कर दी है। गिरफ्तार सभी लोगों को रविवार को बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार होटवार से इडी ऑफिस लाया गया और उनसे पूछताछ की गयी। इडी के अधिकारी बरामद जमीन के कागजात सहित अन्य सवालों को जानने की कोशिश कर रहे हैं।

इडी ने सेना की जमीन घोटाले मामले में 13 अप्रैल को कारोबारी प्रदीप बागची, सीआइ भानु प्रताप प्रसाद, अफसर अली, इम्तियाज खान, तल्हा खान, फैयाज खान और मोहम्मद सद्दाम को गिरफ्तार किया था। इसके बाद इडी को कोर्ट से गिरफ्तार आरोपियों की चार दिन की रिमांड मिली है। इडी के अधिकारी इनसे पूछताछ कर रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक चापेमारी में मिले कागजात के आधार पर इडी ने आरोपियों से पूछताछ के लिए सवाल तैयार किये हैं। उनके बयानों की कागजातों के साथ पुष्टि की जायेगी। साथ ही इस जमीन घोटाले में और कोन-कौन लोग शामिल हैं, इस बारे में भी अधिकारी जानने का प्रयास कर रहे हैं। गौरलतब है कि सेना की जमीन के साथ कई जमीन घोटाले से जुड़े केस में इडी ने रांची के पूर्व डीसी और आइएएस छवि रंजन, बड़गाईं अंचल के सीओ भानुप्रताप प्रसाद सहित अलग-अलग अंचल के राजस्व कर्मचारियों और जमीन माफियाओं के कुल 22 ठिकाने पर छापेमारी की थी। छापेमारी के दौरान इडी को भारी संख्या में जमीन की डीड, रजिस्ट्री से जुड़े दस्तावेज और कई सरकारी कागजात मिले थे। कोलकाता से जमीन के फर्जी दस्तावेजों के आधार पर रांची में अरबों की जमीन की खरीद बिक्री में गड़बड़ी और उससे मनी लांड्रिंग के साक्ष्य भी इडी को मिले हैं।




## अतीक-अशरफ हत्याकांड: उत्तरप्रदेश सरकार ने दिये जांच के आदेश

# तीन सदस्यीय न्यायिक आयोग गठित, दो महीने में देगी रिपोर्ट

- तीनों आरोपियों को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया
- अतीक और अशरफ का शव दफनाया गया, हत्याकांड को लेकर उठ रहे कई सवाल



आजाद सिपाही संवाददाता

**प्रयागराज।** अतीक-अशरफ हत्याकांड से उत्तरप्रदेश में खलबली मची हुई है। सरकार ने मामले की जांच का आदेश दिया है। उत्तरप्रदेश गृह विभाग ने हत्याकांड की जांच के लिए तीन सदस्यीय न्यायिक आयोग गठित किया है। यह आयोग दो महीने के अंदर मामले की जांच करके रिपोर्ट सौंपेगा। आयोग को हाइकोर्ट के रिटायर्ड जस्टिस अरविंद कुमार त्रिपाठी लीड करेंगे। इसमें रिटायर्ड डीजीपी सुबेश सिंह, जिला कोर्ट के रिटायर्ड जस्टिस बृजेश कुमार सोनी को भी शामिल किया गया है। उधर, अतीक और अशरफ के शव को पोस्टमार्टम के बाद भारी सुरक्षा के बीच दोनों का शव कसारी-मसारी स्थित उनके पैतृक कब्रिस्तान ले जाया गया। अतीक के बेटे असद की कब्र के पास दोनों को सुपुर्द-ए-खाक किया गया। इस दौरान दोनों नाबालिग बेटे और रिश्तेदार शामिल हुए। इस बीच पुलिस ने तीनों शूटरों को कोर्ट में पेश किया। वहां से उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। शूटरों का कहना है कि नाम कमाने के लिए दोनों की हत्या की। हालांकि इन सबके बीच हत्याकांड को लेकर कई सवाल उठ रहे।

### भारत में बैन पिस्टल चर्चा में

ठांय, ठांय, ठांय... एक के बाद एक गोलियां चलीं। 18 सकेंड में 20 गोलियां चलीं और अतीक-असरफ का खेल खत्म। हत्याकांड में जिगाना मेड पिस्टल का इस्तेमाल हुआ है। इसमें 17 गोलियां लोड होती हैं। तुर्की में बननेवाली यह पिस्टल पांच से छह लाख रुपये की आती है। भारत में इस पर प्रतिबंध है। सवाल उठ रहा कि आखिर कैसे हत्यारों के पास ये पिस्टल पहुंची? अलग-अलग शहर से आये तीन हत्यारे 48 घंटे होटल में रुके। क्या वह पहले से एक-दूसरे से परिचित थे? क्या इस पूरी वारदात के पीछे किसी और का हाथ है? क्या अतीक और अशरफ कोई राज खोल रहे थे? क्या किसी ने हत्या के लिए सुपाड़ी दी थी? अगर तीनों हत्यारों ने खुद इसे अंजाम दिया, तो उन्होंने कैसे प्लान बनाया? आतीक और अशरफ की हत्या को लेकर ऐसे कई सवाल चर्चा में हैं। प्रशासन और जांच आयोग को इन तमाम सवालों के जवाब तलाशने होंगे।

माफिया अतीक और उसके भाई अशरफ की शनिवार रात प्रयागराज में हत्या कर दी गयी। पुलिस दोनों को मेडिकल टेस्ट के लिए अस्पताल ले जा रही थी। पत्रकार साथ-साथ चलते हुए अतीक और अशरफ से सवाल कर रहे थे। इसी बीच तीन हमलावर पुलिस का सुरक्षा घेरा तोड़ते हुए आये और अतीक के सिर में गोली मार दी, फिर अशरफ पर फायरिंग की। दोनों की मौके पर ही मौत हो गयी। हमलावर मीडियाकर्मी बन कर आये थे। इनके नाम लवलेश तिवारी, सनी और अरुण मौर्य हैं। हमले के तुरंत बाद ही तीनों ने सरेंडर कर दिया। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ धारा 302, 307 के तहत एफआइआर दर्ज की है। आर्म्स एक्ट की धारा 3, 7, 25, 27 के तहत एफआइआर दर्ज की गयी है। तीनों शूटरों ने बताया कि हम अतीक गैंग का सफाया करना चाहते थे। उन्हें मार कर उत्तरप्रदेश में नाम कमाना चाहते थे। जब से कोर्ट ने अतीक-अशरफ को पुलिस कस्टडी दी थी, तब से ही वे प्रयागराज आ गये थे और उन्हें मारने की फिराक में थे।

आजाद सिपाही
188100 Subscribers
झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

सर्राफा
सोना (बिक्री) 57,500 रु./10 ग्राम
चांदी 77,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 17 अप्रैल, 2023
www.azadsipahi.in



## प्रयागराज में डॉन अतीक-अशरफ हत्याकांड से पैदा हुए कुछ अनसुलझे सवाल

# 41 सेकेंड में खत्म हो गयी 41 साल तक डॉन रहे अतीक अहमद की कहानी

**करीब 41 साल तक पूरे उत्तरप्रदेश के अपराध जगत पर राज करनेवाले खूंखार डॉन अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ का अंत उन्हीं असलहों से हुआ, जिनके बल पर वे सैकड़ों जान ले चुके थे। 41 साल के जरायमपेशे की कहानी महज 41 सेकेंड में खत्म तो हो गयी, लेकिन इस हत्याकांड ने कुछ सवाल पैदा कर दिये हैं, जिनका जवाब तलाशे जाने की जरूरत है। अतीक और उसके भाई के हत्यारों ने जिस पेशेवर अंदाज में गोलियां बरसायीं और मकसद पूरा होने के तुरंत बाद घटनास्थल पर ही सरेंडर भी कर दिया, उससे साफ लगता है कि यह पूरी साजिश अच्छी तरह सोच-समझ कर रची गयी थी। तीनों हमलावर आपराधिक पृष्ठभूमि के हैं और उन्होंने कहा है कि वे अपराध की दुनिया में बड़ा नाम बनना चाहते थे, इसलिए अतीक और अशरफ की हत्या की। हत्या के असल कारण और उसके पीछे की साजिश का पता तो विस्तृत जांच के बाद ही लगाया जा सकेगा, लेकिन सवाल यह है कि क्या अतीक अहमद ने पूछताछ के दौरान कुछ ऐसे नाम लिये थे, जिनको खतरा पैदा हो गया था और उन्होंने अतीक के खात्मे के लिए इन तीन युवकों को तैयार किया हो। वैसे कई सफेदपोशों का अतीक चहेता भी रहा है। उनका राजदार भी रहा है। कहीं कोई बेपर्द राज तो अतीक नहीं खोल देता, जिससे कुछ सफेदपोशों को परेशानी हो सकती थी। पुलिसिया जांच इस एंगल से भी होनी चाहिए। लेकिन सोचनेवाली बात यह है कि अगर यह थ्योरी सही है तो अतीक की हैसियत उन सफेदपोशों की नजर में मात्र प्यादे की रही होगी। जब चाहा उठा दिया, जब चाहा दुनिया से उठा दिया। इस सनसनीखेज हत्याकांड की अब तक सामने आयी कड़ियां बताती हैं कि हमलावर नौसिखिये नहीं थे। इतना फुल प्रूफ प्लान कोई नौसिखिया तो नहीं बना सकता। बिना मजबूत संरक्षण के यह काम करना भी आसान नहीं है। कोई तो राज है, जो अतीक अपने साथ ले गया। वैसे देखा जाये, तो अतीक अहमद जैसे खूंखार डॉन को मारने के पीछे कई वजहें हो सकती हैं। निजी दुश्मनी, राज खुलने का डर या फिर मार कर नाम कमाना। लेकिन मार कर नाम कमानेवाली थ्योरी अटपटी लगती है। खैर जो भी हो, प्रयागराज से शुरू हुई अतीक अहमद की अपराध की कहानी वहीं खत्म तो हो गयी, लेकिन साथ ही अतीक की हत्या ने कई सवालों को जन्म भी दे दिया है। अतीक की हत्या, हमलावरों और तैरते सवालों की पृष्ठभूमि के बारे में बता रहे हैं *आजाद सिपाही* के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष



राकेश सिंह

प्रयागराज के कॉल्विन हॉस्पिटल में मेडिकल जांच कराने के लिए लाये गये माफिया अतीक अहमद और अशरफ की शनिवार देर रात गोली मार कर हत्या कर दी गयी। दोनों को पांच दिनों की रिमांड के दौरान मेडिकल जांच के लिए कॉल्विन अस्पताल लाया गया था। तभी तीन हमलावरों ने मीडिया की भीड़ में शामिल होकर अतीक पर गोली दाग दी। अतीक मीडियाकर्मियों से बात करते हुए आगे बढ़ा ही था कि एक शूटर ने पीछे से आकर उसके सिर के पिछले हिस्से में बायीं ओर गोली दागी। इसके बाद अतीक जमीन पर गिर गया। उधर गोली चलने की आवाज सुन कर अशरफ अपने भाई अतीक को संभालने के लिए पीछे मुड़ा तो उसके चेहरे पर भी गोली दाग दी। दोनों वहीं ढेर हो गये। हमलावरों ने सधे हुए अंदाज में अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ को महज 18 सेकंड के भीतर मौत की नींद सुला दी। कुल 41 सेकंड में वारदात को अंजाम देकर शूटर अपने मकसद में कामयाब हो चुके थे। 10:37 मिनट पर शूटरों ने पहली गोली दागी, फिर ताबड़तोड़ फायरिंग। 10:38 तक अतीक और अशरफ दोनों लहूलुहान होकर जमीन पर लुढ़के पड़े थे। उनकी मौत हो चुकी थी। अतीक और अशरफ को मौत के घाट उतारनेवाले शूटरों ने नाइन एमएम की पिस्टल का इस्तेमाल किया। मौके से तीन नाइन एमएम पिस्टल बरामद की गयीं। साथ ही नाइन एमएम कारतूस के 11 खोखे भी बरामद हुए हैं। जिन हथियारों के बल पर अतीक ने कई माताओं की गोद को सुना किया था, आज उन्ही हथियारों से वह सड़क पर खून से लथपथ मरा हुआ पड़ा था। चंद सेकंड में ही उसका काम तमाम हो गया। 41 साल का साम्राज्य 41 सेकंड में ढह गया। उत्तरप्रदेश के अपराध की दुनिया का बेताज बादशाह रहे अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की 15 अप्रैल की रात प्रयागराज के अस्पताल के बाहर पुलिस हिरासत में हुई हत्या ने देश में बहुत बड़ी बहस छेड़ दी है। लेकिन राजनीतिक नजरिये से इतर जाकर हत्या के इस वारदात ने कई सवाल खड़े कर दिये हैं। इस दुस्साहसिक दोहरे हत्याकांड के पीछे शक की सूई रसूखदार सफेदपोशों की ओर भी घूमने लगी है। एक दिन पहले ही धूमनगंज थाने में पूछताछ में माफिया ने कई बिल्डरों और बड़े लोगों से अपने रिश्तों का खुलासा किया था। संभव है कि राज खुलने के डर से माफिया और उसके भाई की जान ली गयी है। फिलहाल पुलिस इस पहलू पर पैनी नजर रखे हुए है। पूरा मामला तो विस्तृत जांच के बाद सामने आयेगा, लेकिन हत्याकांड से जुड़े सवालों की फेहरिस्त में फिलहाल तीन सवाल बेहद अहम हो गये हैं।

**पर इसके पीछे की साजिशों का खुलासा करना है बेहद जरूरी**



### सवाल नंबर-1: राज खुलने के डर से करायी गयी हत्या?

पूरे 41 साल तक आतंक के बल पर यूपी को दहलानेवाले अतीक अहमद ने रिमांड के दौरान कई सनसनीखेज खुलासे किये थे। उसने प्रयागराज समेत यूपी भर में अपनी काली कमाई के बल पर खड़े किये गये आर्थिक साम्राज्य में पार्टनर के तौर पर कई बड़े और सफेदपोशों के नाम गिनाये थे। ये वो नाम हैं, जिन्होंने अतीक के काले धन को अपनी कंपनियों में लगाया है। ऐसी दो सौ से अधिक कंपनियों के बारे में पता चला था। रीयल इस्टेट कारोबार में अतीक की कमाई खपानेवालों के अलावा कई सफेदपेशों तक आंच आने लगी थी। इस तरह के 50 से अधिक नामों का अतीक ने खुलासा किया था। अपराध की दुनिया में दखल रखनेवाले माफिया के कई राजनीतिक दलों के नेताओं से भी गहरे रिश्ते रहे। अतीक राजनीतिक दलों को साधने में भी बखूबी माहिर था। यही वजह थी कि दो दशकों तक उसकी अंगुलियों पर सरकारें नाचती रहीं और आला पुलिस अधिकारी उसके सियासी रसूख के आगे घुटने टेकते रहे। ऐसे में क्या यह संभव नहीं लगता कि इन बड़े सफेदपोशों ने अपनी गर्दन बचाने के लिए अतीक को रास्ते से हटाने की साजिश रची हो? इतना ही नहीं, इडी ने इसी सप्ताह प्रयागराज में अतीक अहमद और उसके करीबियों के 15 ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस दौरान 84.68 लाख नगद, 60 लाख के जेवरात और 2.85 करोड़ की संपत्ति के कागजात जब्त किये गये। साल 2004 में अतीक अहमद ने एक बयान में कहा था, क्या पता एनकाउंटर होगा या पुलिस मारेगी या कोई अपनी बिरादरी का सिरफिरा। सड़क के किनारे पड़े मिलब। उसने फूलपुर संसदीय सीट से लोकसभा चुनाव लड़ने के दौरान पत्रकारों से यह बात कही थी। 19 साल बाद पुलिस कस्टडी में उसकी हत्या हुई, तो बयान दोबारा चर्चा में आ गया।

### सवाल नंबर- 2: लश्कर या आइएसआइ की करतूत?

पुलिस पूछताछ में अतीक ने पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आइएसआइ और आतंकी संगठन लश्करे तैयबा से अपने संपर्क की बात स्वीकार की थी। उसने यह भी कहा था कि इन दोनों संगठनों के भारतीय एजेंटों से वह लगातार संपर्क में रहा था। इसलिए हो सकता है कि इन भारत विरोधी विदेशी संगठनों के भारतीय एजेंटों ने अतीक को हमेशा के लिए खत्म करने की साजिश रची हो। वैसे पूरे यूपी में अतीक अहमद की दबंगई रही। ऐसे में उसके दुश्मनों की कोई कमी नहीं थी। उमेश पाल हत्याकांड के बाद पुलिस अतीक पर तेजी से कार्रवाई कर रही थी। ऐसे में अतीक का कुनबा बिखरा हुआ था। शूटर भागे हुए थे। किसी पुराने दुश्मन के लिए बदला लेने का यह मुफीद समय था और उसने अतीक और अशरफ की हत्या करवा दी हो।

### सवाल नंबर-3 : अपराधियों का ग्लैमराइजेशन

अतीक और अशरफ पर गोलियां बरसानेवाले तीन हमलावरों ने पुलिस को बताया है कि उनका मकसद अपराध की दुनिया में बड़ा नाम बनने का था। इसके लिए अतीक की हत्या से अच्छा मौका उन्हें नहीं मिल सकता था। उनकी यह बात काफी हद तक सही भी लगती है। जिस तरह अतीक अहमद को यूपी की राजनीति में पहचान मिली और देश के दूसरे राज्यों में भी अपराधी सरगनाओं को ग्लैमराइज किया जाता रहा है, इन तीन मामूली बदमाशों की यह आकांक्षा भी मजबूत हो ही सकती है। पुलिस की पूछताछ में भी यह बात सामने आयी है कि वे बड़े माफिया बनना चाहते हैं। इसीलिए अतीक और अशरफ की हत्या की। आरोपियों ने कहा कि कब तक छोटे-मोटे शूटर रहेंगे। बड़ा माफिया बनना है, इसलिए हत्याकांड को अंजाम दिया।

### क्या कहा है हमलावरों ने

इन तीन सवालों के अलावा अतीक-अशरफ हत्याकांड में कई और सवाल उठेंगे। जैसे-जैसे इसकी जांच आगे बढ़ेगी, सवालों की कड़ी भी आगे बढ़ती रहेगी। ऐसे में यह जानना भी अहम हो जाता है कि अतीक और अशरफ को मारनेवाले बदमाशों ने पुलिस को क्या बताया है। हत्याकांड के बारे में दर्ज एफआइआर के मुताबिक हमलावरों ने बताया कि वे लोग पुलिस के घेरे का अनुमान नहीं लगा पाये और हत्या करके भागने में कामयाब नहीं हुए। पुलिस की तेजी से की गयी कार्रवाई में पकड़े गये। उन्होंने बताया है कि अतीक और अशरफ की पुलिस रिमांड की सूचना जबसे उन्हें मिली थी, तबसे वे मीडियाकर्मी बन कर यहां की स्थानीय मीडिया कर्मियों की भीड़ में रह कर इन दोनों को मारने की फिराक में थे। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने पुलिस को बताया कि हत्याकांड को अंजाम देने से दो दिन पहले ही उन्होंने होटल में अपना ठिकाना बना लिया था। पुलिस की जांच आगे बढ़ने के साथ-साथ ही कई खुलासे हो रहे हैं। जांच में यह बात सामने आयी है कि अतीक और अशरफ के हत्यारों ने प्रयागराज में रुकने के लिए किराये पर होटल लिया था और 48 घंटे से होटल में ठहरे हुए थे। हत्यारे जिन होटलों में रुके थे, पुलिस को वहां सुबह छापेमारी में एक हत्यारे का बैग मिला है। बाकी हत्यारों का सामान अब भी होटल में होने की संभावना है।

### कौन हैं अतीक के तीनों हत्यारे

अतीक और अशरफ की हत्या करनेवाले तीनों युवकों के नाम सनी, अरुण और लवलेश हैं। पुलिस रिकॉर्ड में भी तीनों को शातिर अपराधी बताया गया है। पुलिस ने तीनों हत्यारों से पूछताछ शुरू कर दी है। अतीक और अशरफ की हत्या करने वाले तीनों आरोपी प्रयागराज के रहनेवाले नहीं हैं। अब तक की पूछताछ में पता चला है कि अतीक और अशरफ की हत्या करनेवाला लवलेश तिवारी बांदा का रहने वाला है, जबकि अरुण मौर्य हमीरपुर का निवासी है। तीसरा आरोपी सनी कासगंज जनपद से है।

### कम उम्र में बन गये थे अपराधी

पुलिस के अनुसार तीनों हमलावर शातिर अपराधी हैं। कम उम्र में ही उन्होंने अपराध की दुनिया में कदम रख दिया था। तीनों ही हत्या और लूट सहित कई संगीन आरोपों में लिप्त रह चुके हैं। तीनों कई बार जेल भी जा चुके हैं और जेल में ही तीनों की दोस्ती हुई थी। अतीक और अशरफ की हत्या कर वे डॉन बनना चाहते थे। शुरूआती पूछताछ में पुलिस को तीनों गुमराह करते दिखे और बयानों में समानता नहीं थी। सनी ने शुरूआत में कहा कि वह प्रयागराज में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करता है। वहीं दूसरे हत्यारे ने भी खुद को छात्र ही बताया। कड़ी पूछताछ में तीनों युवक आपराधिक पृष्ठभूमि के निकले।

### लवलेश के पिता बोले, परिवार से कोई लेना-देना नहीं

अतीक अहमद की हत्या में शामिल आरोपी लवलेश बांदा में शहर कोतवाली के क्योटरा मोहल्ले का रहनेवाला है। पुलिस ने लवलेश के घर का भी पता कर लिया है। लवलेश के पिता ने बताया कि चार भाइयों में लवलेश तीसरे नंबर का है। लवलेश का परिवार से कोई लेना-देना नहीं है। वह परिवार के साथ बेहद कम रहता है। पिता ने बताया है कि लवलेश को नशे की लत है और वह कई आपराधिक गतिविधियों में शामिल रहा है। इधर लवलेश के छोटे भाई ने भी बताया कि लवलेश नशे का आदी था और तीन-चार साल पहले एक लड़की को थप्पड़ मारने में जेल गया था। करीब एक सप्ताह पहले वह घर से गया था। लवलेश घर पर कभी-कभार ही आता था। वह गलत संगत में था। उसने बताया कि पिता एक स्कूल में बस चलाते हैं। इन लोगों को घटना की जानकारी टीवी से मिली। जब टीवी पर भाई का चेहरा देखा, तो पहले यकीन नहीं हुआ। लवलेश की मां और पिता अवसाद में हैं।

### लवलेश की मां बोली, बहुत धार्मिक था मेरा बेटा

हमलावरों में से एक लवलेश तिवारी की मां ने रविवार को कहा कि मेरा बेटा बहुत धार्मिक था। मां आशा देवी ने रोते-बिलखते हुए कहा कि पता नहीं, उसके नसीब में क्या लिखा था। मां ने भावुक होते हुए कहा कि वह गहरा धार्मिक था और दर्शन के लिए नियमित रूप से मंदिरों में जाता था। जब से वह घर से निकला है, हमने उससे बात नहीं की है। उसका फोन भी स्विच ऑफ था।

### सनी सिंह का भाई बोला, परिवार से अलग रहता है भाई

अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ को गोली मारनेवाले सनी सिंह के भाई पिंटू सिंह ने हमीरपुर में कहा कि वह कुछ नहीं करता था और उसके ऊपर पहले से भी मामले दर्ज.हैं। हम लोग तीन भाई थे, जिसमें से एक की मृत्यु हो गयी। सनी ऐसे ही घूमता-फिरता रहता था और फालतू के काम करता रहता था। हम उससे अलग रहते हैं। वह बचपन में ही घर से भाग गया था।

### अरुण मौर्य के घर में कोई नहीं

तीसरा हमलावर अरुण मौर्य यूपी के कासगंज के सौरों इलाके का रहनेवाला है। पुलिस अरुण की चाची से पूछताछ कर रही है। जानकारी के अनुसार, अरुण पिछले छह सालों से घर से बाहर है। उसके माता-पिता जीवित नहीं हैं और उसके घर में भी कोई नहीं है।

---

# बोकारो में होटल पर ताबड़तोड़ फायरिंग, अपराधी हुए फरार



आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** जिले के सेक्टर 4 थाना क्षेत्र के सिटी सेंटर स्थित कोजी स्वीट्स और होटल हिलटॉप के पास शनिवार देर रात बाइक सवार अपराधियों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। लगातार छह राउंड गोली चलाने से वहां हड़कंप मच गया। इसके बाद अपराधी फरार हो गये। सेक्टर 4 थाना प्रभारी पूनम कुजूर ने बताया कि कोजी स्वीट्स और होटल हिलटॉप के पास फायरिंग होने की खबर मिली। होटल हिलटॉप में मौजूद किसी ने सेक्टर 4 पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना पाकर मौके पर सेक्टर 4 थाना प्रभारी और सेक्टर 9 थाना प्रभारी दल बल के साथ पहुंच छानबीन में जुट गये। उन्होंने बताया कि पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंच कर जायजा लिया और जांच के दौरान पांच खोखे बरामद किये। होटल के ऊपर लगे शीशे पर गोलियां चलायी गयी हैं, जिससे होटल का शीशा टूट गया है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगालने के साथ ही लोगों से भी पूछताछ कर रही है।

### उग्रवादियों ने पोकलेन मशीन को किया आग के हवाले

**सिमडेगा (आजाद सिपाही)।** जिले के कोलेबिरा थाना क्षेत्र स्थित डुमरडीह में पीएलएफआइ उग्रवादियों ने शनिवार देर रात निर्माण कार्य में लगी विनोद कुमार जैन कंस्ट्रक्शन की पोकलेन मशीन में आग लगा दी। उग्रवादी हथियार से लैस होकर आये और सड़क निर्माण कार्य में लगी पोकलेन में आग लगा दी। आगजनी की घटना के बाद आसपास के क्षेत्रों में दहशत का माहौल बन गया है। घटना की सूचना मिलने के बाद कोलेबिरा थाना प्रभारी प्रभात कुमार, बसिया थाना प्रभारी, बसिया और सिमडेगा के एसडीपीओ घटनास्थल पर पहुंच कर मामले की जांच कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि लेवी को लेकर उग्रवादियों ने आगजनी की घटना को अंजाम दिया है। पीएलएफआइ उग्रवादियों ने इससे पहले 19 जनवरी को भी सिमडेगा में आगजनी की थी। जलडेगा थाना क्षेत्र के ओड़गा रेलवे स्टेशन के पास निर्माण में लगी जेसीबी और पानी टैंकर को आग के हवाले कर दिया था।

---

# बंदूक की नोक पर बुजुर्ग दंपति से लूटपाट

आजाद सिपाही संवाददाता

**देवरी (गिरिडीह)।** गिरिडीह में अपराधी बेखौफ हो गये हैं। बीती रात उन्होंने एक बुजुर्ग दंपति के घर को अपना निशाना बनाया। जिला के देवरी में पिस्तौल की नोक पर बुजुर्ग दंपति को बंधक बना कर डेढ़ लाख रुपये की संपत्ति ली। घटना भेलवाघाटी थाना क्षेत्र के कुलमुंगरी गांव की है।

### मौके पर पहुंची पुलिस

घटना की सूचना मिलते ही भेलवाघाटी के थाना प्रभारी अवधेश कुमार दल बल के साथ कुलमुंगरी गांव पहुंचे, जहां पुलिस ने पीड़ित दंपति से पूछताछ कर मामले की जानकारी ली। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। इधर बुजर्ग दंपति इस घटना से काफी निराश और डरे सहमे हैं।

### रौशनी पड़ने से खुली नींद

भुक्तभोगी महेंद्र मोदी के मुताबिक, बीती रात 12 बजे वह पेशाब के लिए घर से बाहर निकले थे। उसके बाद वापस कमरे में सो गये। तकरीबन डेढ़ घंटे के बाद उनके चेहरे पर टॉर्च की रौशनी पड़ने से उनकी नींद खुल गयी। नींद खुलने पर बुजुर्ग ने अपने घर में हथियार से लैस अपराधियों को देखा। अपराधियों ने बंदूक दिखा कर उन्हें चुप रहने के लिए कहा। इस दौरान अपराधियों ने बुजुर्ग दंपति को बंधक बना लिया, जिसके बाद सोने-चांदी के जेवर समेत पचास हजार नकद राशि सहित डेढ़ लाख की संपति लूट कर भाग गये। महेंद्र मोदी की पत्नी ने कान में सोने के कर्णफूल, गले में लॉकेट और पैर में पायल भी पहना था। अपराधियों ने उनके पहने हुए गहने भी उतरवा लिये। जब महेंद्र मोदी की पत्नी शकुंतला देवी ने पहने हुए जेवर खोलने का विरोध किया, तो अपराधियों ने बुजुर्ग के साथ मारपीट भी की।

---

# आखिर क्या है डॉ रामेश्वर उरांव के हृदय परिवर्तन का राज!

आफताब अंजुम

**गुमला (आजाद सिपाही)।** राज्य सरकार के वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव के सुर इन दिनों काफी बदले नजर आ रहे हैं। कभी भाजपा नेताओं, मंत्रियों और भाजपा की कार्यशैली की आलोचना करते नही थकने वाले डॉ रामेश्वर उरांव अब भाजपा की तारीफ करते नजर आ रहे हैं। कभी इडी की सराहना, कभी भारत माला सड़क की तारीफ तो कभी भाजपा के केंद्रीय मंत्रियों की प्रशंसा। इनकी गुफ्तगू में इस मसालों का मिश्रण साफ देखा जा सकता है। डॉ रामेश्वर उरांव शनिवार को गुमला में थे। अवसर था, कांग्रेस द्वारा आयोजित भारत सत्याग्रह कार्यक्रम का। कार्यक्रम के पूर्व कई पत्रकारों को परिसदन बुलाया गया था और चाय पर चर्चा हो रही थी। मौका केवल औपचारिक नहीं था, क्योंकि पत्रकार उनसे सीधा सवाल पूछ रहे थे और उनके सामने कैमरे की आंखें खुली हुई थीं। जिस इडी के खिलाफ पूरा विपक्ष एकजुट है, उसकी तारीफ में डॉ रामेश्वर उरांव कह रहे थे कि झारखंड में इडी अच्छा काम कर रही है। उन्होंने कहा कि इसे जरूर लिखियेगा कि आदिवासियों की जमीन के साथ इस तरह की हरकत करनेवाले के साथ ऐसा होना जरूरी है। लेफ्ट की पार्टियां केंद्र सरकार द्वारा बनायी जा रही भारत माला सड़क के विरोध में मोर्चा खोले बैठी हैं। वहीं राज्य के वित्त मंत्री इसके समर्थन में उतर कर इसे देश के हित में बता रहे हैं। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी की तारीफ में डॉ रामेश्वर उरांव का मानना है नितिन गडकरी के पास कोई भी मामला जाये तो वह समस्या का समाधान कर देते हैं। डॉ रामेश्वर की नजर में नितिन गडकरी की कार्यशैली बहुत पसंदीदा है, लेकिन सवाल केवल पसंद और ना पसंद का नहीं। एक बैठक की वार्ता में ऐसे कई मोड़ आये जब डा रामेश्वर भाजपा, भाजपा नेताओं और भाजपा की कार्यशैली की तारीफ करते नजर आ रहे हैं। पूरी बातचीत के दौरान एक जगह भी केंद्र सरकार के खिलाफ खुल कर बोलते हुए डॉ रामेश्वर उरांव को नहीं पाया गया। आखिर डॉ रामेश्वर उरांव के इस हृदय परिवर्तन का कारण क्या है? या फिर सच्चाई को अब बेबाक अंदाज में बोलना उन्हें आ गया है। वरना कल तक भाजपा की नीतियों का खुले मंच से विरोध करनेवाले के सुर अचानक बदल जाये, तो हैरानी होना स्वाभाविक है।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

| वेदर | | |
|---|---|---|
| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| रांची | 28.0 °c | 13.9 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.46 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.20 बजे |



### कार्यक्रम : कांग्रेस की जय भारत सत्याग्रह सभा का समापन

# देश में अघोषित आपातकाल का माहौल : अविनाश पांडे



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** कांग्रेस की जय भारत सत्याग्रह सभा का रविवार को समापन हो गया। समापन कार्यक्रम धुर्वा स्थित पुराना विधानसभा मैदान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता पहुंचे। राज्य में कांग्रेस की सत्याग्रह सभा को प्रदेश कांग्रेस ने अप्रैल में शुरू किया था।

राहुल गांधी की सदस्यता रद्द करने और सूरत कोर्ट से उन्हें मोदी सरनेम केस में दो साल की सजा सुनाये जाने के बाद पार्टी में रोष था। इसी को लेकर देशभर में इसके खिलाफ कांग्रेस पार्टी ने सत्याग्रह सभा शुरू की थी। नेताओं ने इस दौरान कहा कि देश में लोकतंत्र का पूरी तरह से गला घोंट

**कहा- भाजपा की साजिश को अब देश की जनता जान चुकी है**

**राहुल गांधी को टारगेट किया जा रहा**

दिया गया है, अडाणी के किसके साथ रिश्ते हैं, इस पर सवाल खड़े करने पर लोगों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी जाती है। भाजपा की साजिश को अब देश की जनता जान चुकी है। जनता अब इन्हें बर्दाश्त नहीं करेगी। झारखंड कांग्रेस के सभी नेताओं ने सत्याग्रह सभा में केंद्र पर हमला बोला। सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस के झारखंड प्रभारी अविनाश पांडे ने कहा कि संविधान को ताख पर रख कर देश में अघोषित आपातकाल का माहौल बना दिया गया है। इसे देश की जनता और पार्टी के कार्यकर्ता इसे कभी सहन नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को टारगेट किया जा रहा है। देश में राहुल गांधी संघर्ष कर रहे हैं। जिस प्रकार से देश की जनता का सहयोग उन्हें मिल रहा है, उससे यह साफ हो गया है कि जनता भी राहुल गांधी के खिलाफ की गयी कार्रवाई से काफी आक्रोशित है। कार्यक्रम में प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, सांसद गीता कोड़ा, मंत्री आलमगीर आलम, बन्ना गुप्ता, विधायक प्रदीप यादव, कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुखदेव भगत, विधायक शिल्पी नेहा तिर्की, विधायक राजेश कच्छप, कुमार राजा, अजयनाथ शाहदेव, गुंजन सिंह, सुरेश बैठा, राकेश किरण महतो आदि उपस्थित थे। सभा को अविनाश के अलावा सभी बड़े नेताओं ने संबोधित किया। सभी ने भाजपा पर हमला बोला।

इस कार्यक्रम को लेकर रविवार की दोपहर से काफी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता अजयनाथ शाहदेव की अगुवाई में बिरसा चौक पर अविनाश पांडेय के स्वागत के लिए खड़े थे। इसमें सांस्कृतिक दल भी थे। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए तीन दिशाओं से मोटरसाइकिल पर होकर पहुंचे थे। साथ में कांग्रेस का झंडा था।

### आजसू के मिलन समारोह में राज्यभर से काफी संख्या में न्यायविद जुड़े पार्टी से

# न्यायविदों के जुड़ने से आजसू की बढ़ेगी बौद्धिक ताकत, वैचारिक क्रांति को मिलेगा बल : सुदेश



**इन्होंने ली पार्टी की सदस्यता**

झारखंड उच्च न्यायालय के अधिवक्ता वीर विजय प्रधान, विनय कुमार सिन्हा, शिव प्रसाद, बिरेंद्र कुमार, संदीप कुमार वर्णवाल, अमन कुमार सिंह, विद्याशंकर, विक्रमा चौधरी, राकेश कुमार चौधरी, अभिषेक कुमार, सलील सिधांशु, अभिषेक कुमार, प्रेम कुमार उपाध्याय, राजेश कुमार सिंह, जोजो प्रफुल, वादब अंसारी, शिवप्रसाद महतो, प्रमोद कुमार मिश्रा, रिजवाना परवीन, अभिरंजन तिवारी, अंकित सिंह, सचिव पाण्डेय, दीपक दुबे, प्रशांत कुमार, रोशन कुमार, आशुतोष कुमार, विक्रम कुमार साथ ही वेटेरिनरी चिकित्सक डॉ. मीनू शरण तथा डॉ. संजय कुमार शास्वत ने भी आजसू पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रविवार को झारखंड के पूर्व उपमुख्यमंत्री और आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने रांची के हरमू स्थित आजसू केंद्रीय कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह के दौरान कहा कि राज्य के कोने-कोने से प्रबुद्ध, अनुभवी और युवा न्यायविद् आजसू पार्टी के मूल सिद्धांतों से प्रेरित होकर पार्टी का दामन थाम रहे हैं। यह ना सिर्फ आजसू, बल्कि पूरे राज्य के लिए सुखद संदेश है।

उन्होंने कहा कि राज्य के राजनीतिक परिप्रेक्ष्य को देखते हुए सार्वजनिक पटल पर आकर झारखंड की सेवा के लिए तमाम न्यायविदों के जुड़ने से पार्टी की बौद्धिक ताकत बढ़ेगी। वैचारिक क्रांति को भी बल मिलेगा। सुदेश महतो ने कहा कि आम जनमानस की संभावनाओं, आकांक्षाओं को हकीकत में बदलने की चुनौती तथा राज्य की वर्तमान राजनीतिक

**झारखंड में साढ़े तीन लाख से अधिक पद खाली, नौकरी के नाम पर कोरा आश्वासन**

परिस्थितियों का आंकलन करते हुए हम दूरगामी सोच के साथ आगे बढ़ रहे हैं।

#### आज और कल को बर्बाद कर रही हेमंत सरकार

राज्य के अभाव को नेतृत्व देने की एक बड़ी जिम्मेदारी हम सभी पर है। मौजूदा सरकार सवा तीन वर्षों से सिर्फ बातें कर रही है। राज्य में साढ़े तीन लाख से अधिक पद रिक्त हैं। इनमें दो लाख के करीब शिक्षकों के पद हैं।

इससे राज्य की शिक्षा व्यवस्था तथा सरकार की मानसिकता का आंकलन आसानी के साथ किया जा सकता है। सरकार झारखंड के आज और कल दोनों को बर्बाद कर रही है। उन्होंने कहा कि विधि विभाग के स्पष्ट मंतव्य के बावजूद सरकार ने स्थानीय नीति और आरक्षण के मुद्दे का राजनीतिकरण कर दिया। यह झारखंड की भावनाओं के साथ खिलवाड़ है। जनादेश के साथ धोखा है।

#### सुदेश महतो के विजन को धरातल पर उतारेंगे

आजसू पार्टी की सदस्यता ग्रहण करते हुए झारखंड हाइकोर्ट के अधिवक्ता वीर विजय प्रधान ने कहा कि आजसू पार्टी और पार्टी की अनुषंगी इकाई अखिल झारखंड अधिवक्ता संघ का विस्तार करना ही उनकी प्रतिबद्धता है। प्रधान ने कहा कि आजसू पार्टी की सामाजिक न्याय और विकास की विचारधारा और केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो के विजन को धरातल पर उतारने की मुहिम का हिस्सा बनकर हम बेहद गौरवांवित हैं। वे इस दायित्व का निर्वाहन करने के लिए संकल्पित भी हैं।

कार्यक्रम के दौरान पूर्व न्यायाधीश पंकज श्रीवास्तव, अखिल झारखंड अधिवक्ता संघ के प्रदेश अध्यक्ष राधेश्याम गोस्वामी, उपाध्यक्ष एमबी सुब्रह्मण्यम, जेपी महतो, दिनेश चौधरी, रेखा वर्मा, प्रधान महासचिव भरत चंद्र महतो, संगठन सचिव धनेश्वर महतो, कोषाध्यक्ष परमेश्वर महतो, प्रवक्ता सह सोशल मीडिया प्रभारी मृत्युंजय प्रसाद, सचिवसंजीत कुमार सहित कई अन्य अधिवक्ता और पदाधिकारी मौजूद रहें।। कार्यक्रम का संचालन अखिल झारखंड अधिवक्ता संघ के रांची जिला अध्यक्ष अंजित कुमार ने किया।

# यूपी की खतरनाक स्थिति झारखंड के लिए सबक: बंधु

**राम राज्य की बजाय अराजक प्रदेश बन गया है उत्तर प्रदेश**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** पूर्व मंत्री, झारखंड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य और झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि उत्तरप्रदेश में कानून-व्यवस्था की खतरनाक स्थिति इस बात का परिचायक है कि भारतीय जनता पार्टी का कानून और



व्यवस्था के साथ ही संविधान के ऊपर भी कोई भरोसा नहीं है। उन्होंने कहा कि कुल मिला कर पिछले तीन-चार दिनों में झांसी और प्रयागराज की घटनाएं झारखंड के लिए सबक हैं। तिर्की ने कहा कि भाजपा और विशेष रूप से भाजपा सरकारों की कथनी और करनी में जमीन-आसमान का अंतर है।

उससे सबसे ज्यादा खतरा संविधान के साथ ही परस्पर सौहार्द्र और भाईचारे को है। कहा कि झांसी में आरोपी असद और गुलाम की पुलिस मुठभेड़ में मौत को एक हद तक तो जायज ठहराया जा सकता है, लेकिन जिस प्रकार से प्रयागराज में पुलिस के संरक्षण में आरोपी अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की अपराधियों ने दिनदहाड़े हत्या की है, वह यूपी की ध्वस्त हो चुकी कानून व्यवस्था और शासन के इकबाल के समाप्त होने का संकेत ही नहीं बल्कि पूरी फिल्म है। उत्तरप्रदेश रामराज्य की बजाय अराजकता का प्रदेश में बदल चुका है।

# सीएम ने शहीद विश्वनाथ शाहदेव को दी श्रद्धांजलि

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** अमर वीर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव के शहादत दिवस पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर उन्होंने कहा कि 1857 क्रांति के दौरान अंग्रेज शोषकों के खिलाफ विद्रोह करनेवाले झारखंड की माटी के वीर सपूत ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव के सर्वोच्च



बलिदान को सदैव याद रखा जायेगा।

# 10 प्रशाखा पदाधिकारियों का हुआ स्थानांतरण

**रांची (आजाद सिपाही)।** राज्य सरकार ने झारखंड सचिवालय सेवा के 10 प्रशाखा पदाधिकारियों का स्थानांतरण कर दिया गया है। इनमें पांच एसओ राज्यपाल सचिवालय के भी बदले गये हैं। रविवार को कार्मिक विभाग ने एक अधिसूचना जारी की है। इसके अनुसार स्थानांतरित किये गये अधिकारियों में पांच राज्यपाल सचिवालय में पदस्थापित थे। इनके स्थान पर राज्यपाल सचिवालय में पांच नये प्रशाखा पदाधिकारियों की तैनाती की गयी है। इनमें कुलदीप टूटी, राजर्षि हांसदा, कृष्ण कुमार भगत, रामाकांत मुंडा, विशाल कुमार मित्तल, अनुराग रवि कुजूर, कौशल किशोर राय, रंजीत कुमार, सिद्धार्थ कुमार उपाध्याय और दीपक उरांव हैं।

# शहीदों और उनके परिजनों को मिले उचित सम्मान : अजय नाथ शाहदेव

**स्कूलों के पाठ्यक्रम में अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव की जीवनी को शामिल किया जाना चाहिए**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव के 165 वें शहादत दिवस पर रविवार को हटिया में लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। हटिया स्थित शहादत स्तंभ के प्रांगण में बड़कागढ़ रैयत जन मंच के द्वारा अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव का 165वां शहादत दिवस मनाया गया। सभा मे रांची के पूर्व डिप्टी मेयर सह कांग्रेस के नेता अजयनाथ शाहदेव, भारतीय जन मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी और भाजपा नेत्री फरहाना खातून मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस श्रद्धांजलि सभा में सबसे पहले अमर शहीद



की तस्वीर के सामने द्वीप प्रज्जवलित किया गया और पुष्पांजलि अर्पित की गयी। अजय नाथ शाहदेव ने कहा कि आज के दिन मैं उन सभी अमर शहीद आत्माओं को अपनी ओर से कोटि-कोटि नमन करता हूं और श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं, जिन्होंने देश की खातिर अपना सब कुछ न्योछावर कर दिया। कहा कि अमर शहीद किसी जाति, धर्म या फिर किसी विशेष परिवार के नहीं होते हैं, बल्कि वे देश की धरोहर होते है। देश में कई अमर शहीद हुए हैं, उन्ही में से एक 1857 के वीर योद्धा ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव ने भी देश को अंग्रेजी गुलामी से मुक्त कराने के लिए उनसे युद्ध लड़ा।

**ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव के वंशजों का ख्याल सरकार रखे : धर्मेंद्र तिवारी**

भारतीय जन मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि जब अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव की जीवनी को पढ़ते हैं, तब दिल में राष्ट्रभक्ति का संचार होता है। किस तरह से उन्होंने जब 1840 में सत्ता संभाली, तो उन्हें पता था कि वह नाम मात्र के राजा हैं, सारी शक्ति अंग्रेजों के पास है। फिर 1855 में वह स्वयं को स्वतंत्र राजा घोषित कर देते हैं। अंग्रेजों के साथ भीषण लड़ाई होती है और ठाकुर साहब की जीत होती है। फिर देश में जब 1857 का सिपाही विद्रोह होता है, उसमें छोटानागपुर से वह विद्रोह का नेतृत्व करते हैं। अंग्रेजों को यहां से भगाने में सफल होते हैं। कार्यक्रम में ठाकुर सुधांशु शाहदेव, शिवशंकर, दिलीप शाहदेव, विजय उरांव, संतोष कच्छप, पंटू, सुभाष प्रसाद, हरिदास चौधरी, रंथू प्रजापति, चंद्रमा प्रसाद, बेबी कच्छप, मुन्नी कच्छप, परवेज खान, सत्याप्रकाश माली, सहित दर्जनों की संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित हुए।



आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 17 अप्रैल, 2023
www.azadsipahi.in
05

## आदिवासी छात्र संघ के सरहुल पूजा सह मिलन समारोह में शामिल हुए कई दिग्गज

# सरहुल कृतज्ञता, आशा और एकता की अभिव्यक्ति है : चमरा लिंडा

**झारखंड राज्य के लगभग सभी जनजाति प्रकृति से बिलकुल करीब होते हैं**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** आदिवासी छात्र संघ रामगढ़ जिला के तत्वधान में रविवार को शहर के मेन रोड स्थित सरहुल पूजा सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि बिशुनपुर विधायक सह पूर्व अध्यक्ष अधिवासी छात्र संघ चमरा लिंडा, अति विशिष्ट अतिथि एएसएएस के संयोजक शिवराम कच्छप, सह-संयोजक देवेन्द्र तिर्की, आदिवासी छात्र संघ के फाउंडर मेंबर जतरू उरांव सहित कई अथिति शामिल हुए। अतिथियों के आगमन पर आदिवासी छात्र संघ के पदाधिकारियों ने परंपरागत तरीके से स्वागत किया। मौके पर समारोह को संबोधित करते हुए विधायक चमरा लिंडा ने कहा कि सरहुल कृतज्ञता, आशा और एकता की अभिव्यक्ति है। झारखंड राज्य प्रकृति से जुड़ा भारत का वह राज्य है, जो प्रकृति को हर तरीके से पूजता है फिर वो चाहे क्यों न यहां की जंगलों की हो या पेड़ पौधों की, फसलों की हो या फिर पहाड़ों- नदियों की। झारखंड राज्य के लगभग सभी जनजाति प्रकृति से बिलकुल करीब होते हैं। इनके प्रकृति से जुड़े होने के कारण ही यहां प्रक्रति से जुड़े हुए रहने के कई प्रमाण भी मिलते रहते हैं। फिर वो क्यों न किसी भी प्रकार से हो।




### विभिन्न स्थानों से पहुंचे सुभाष चौक सरहुल पूजा कमेटी के लोग

सरहुल पूजा सह मिलन समारोह को लेकर विभिन्न स्थानों से शहर के सुभाष चौक पर आदिवासी समाज के लोग एकजुट हुए। यहां ढोल और मांदर की थाप पर लोगों ने प्रकृति के इस पर्व को बेहद परंपरागत तरीके से मनाया। समारोह में पतरातू बस्ती, पोचरा, परसोतिया सहित अन्य सरहुल पूजा कमेटी शामिल हुए।



### समारोह को सफल बनाने में इनकी रही भूमिका

समारोह को सफल बनाने में कार्यक्रम के मुख्य संयोजक आदिवासी छात्र संघ के केंद्रीय उपाध्यक्ष छोटेलाल करमाली, जिलाध्यक्ष सुनील मुंडा, सहसंयोजक प्रकाश करमाली, संतोष मानकी, जगनारायण बेदिया, पंचदेव करमाली, जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष दिनेश मुंडा, किशुन राम मुंडा, अनमोल सिंह, चंदन मुंडा, सुनील करमाली, पंकज महतो, प्रभात अग्रवाल, अजीत करमाली, सरवन करमाली, छोटू वर्मा, दीपक बेदिया, दिनेश मुर्मू, बंधु करमाली, ज्ञानी मुंडा, एथवा मरांडी, शिव मुंडा, रमेश करमाली, कमलेश करमाली, बनवारी मुंडा, गौतम करमाली, प्रदीप करमाली, अजय करमाली, मदन करमाली, बैजनाथ करमाली, कमलेश बेदिया सहित कई लोगों का नाम शामिल है।

# बदलते जातिगत समीकरण और धर्म परिवर्तन की समस्या को रोकना जरूरी : विनायक

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** देश में बदलती जातिगत समीकरण और धर्म परिवर्तन बहुत गंभीर समस्या के रूप में उभर कर सामने आया है। इस समस्या को दूर करना और रोकना बेहद जरुरी है। उक्त बातें विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल की दो दिवसीय कार्यशाला में राष्ट्रीय संगठन महामंत्री विनायक राव देशपांडे ने कही। शहर के मारवाड़ी धर्मशाला में आयोजित कार्यक्रम में विनायकराव देशपांडे ने कहा कि आज पूरे देश में बदलते जाति समीकरण और धर्मपरिवर्तन को रोकने में बजरंग दल की अहम भूमिका रहने वाली है। पूर्वी और दक्षिणी भारत भारत सहित झारखंड, बंगाल, ओड़ीसा जैसे राज्यों में आए दिन डर अथवा लोभ में धर्म परिवर्तन की खबरें आती है। जिसको रोकने में बजरंगदल के कार्यकर्ताओं को जिम्मेवारी लेनी होगी। साथ हीं उन्होंने कहा कि आज जरूरत न सिर्फ धर्मपरिवर्तन को रोकने की है बल्कि किसी भी कारणवश अपना धर्मपरिवर्तन कर चुके लोगों को पुनः घरवापसी कराने की भी है। वही, जिला संगठन मंत्री छोटू वर्मा की उपस्थिति में हुए इस कार्यक्रम में विशिष्ट अथिति के रूप में राष्ट्रीय सह संयोजक सूर्यनारायण राव, क्षेत्रीय संगठन मंत्री आनंद कुमार, क्षेत्र संयोजक जन्मेजय कुमार एवं प्रांत कार्याध्यक्ष तिलकराज मंगलम मौजूद रहे। उपस्थित पदाधिकारियों ने बौद्धिक के माध्यम से देश की वर्तमान परिस्थिति में उनका दायित्व और समाज के प्रति उनकी जिम्मेवारियों को याद दिलाया। दूसरी तरफ रामगढ़ के होटल लॉ मैरिटल के सभागार में विश्वहिंदू परिषद दुगार्वाहिन मातृशक्ति सेना की बैठक हुई। जिसमें संगठन के पदाधिकारियों ने अपनी उपस्थिति और बौद्धिक से दुगार्वाहिनी मातृशक्ति बहनों को समाज में अपनी उपयोगिता दशार्ने के गुर दिये।




### ये थे उपस्थित

कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रांत संगठन मंत्री देवी सिंह, प्रांत मंत्री डॉक्टर वीरेंद्र साहू, प्रांत सह मंत्री रंगनाथ महतो, प्रांत संयोजक दीपक ठाकुर, प्रांत साप्ताहिक मिलन प्रमुख संजय चौबे, मनोज सिंह, प्रांत विधार्थी संपर्क प्रमुख अमित पासवान, विकास सिंह, सोनू सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

## अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ भुरकुंडा शाखा की हुई बैठक

# प्रबंधन 11 वेज बोर्ड जल्द लागू करे : सतीश सिन्हा

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुरकुंडा।** अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ भुरकुंडा शाखा की बैठक रविवार को भुरकुंडा पंचायत भवन में हुई। इसकी अध्यक्षता धर्मेंद्र मिश्रा एवं संचालन विकास कांत सिन्हा ने किया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि संघ के केंद्रीय महासचिव सतीश सिन्हा सहित क्षेत्रीय सचिव संजय मिश्रा एवं क्षेत्रीय अध्यक्ष इंद्रदेव राम मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक को संबोधित करते हुए केंद्रीय महासचिव सतीश सिन्हा ने संघ की मजबुती पर बल देते हुए कहा कि दिन-प्रतिदिन अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ की ओर मजदूरों का विश्वास बढ़ रहा है। सभी पदाधिकारियों को मिलकर यूनियन को और मजबूत बनावें। उन्होंने कहा कि 11 वेज बोर्ड का फैसला मजदूरों के हित में होगा। श्री सिन्हा ने कहा कि हमारे यूनियन के लिए मजदूरों का हित सर्वोपरि है, इससे कोई समझौता नहीं किया जा सकता। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय हुआ कि परियोजना के कर्मियों की सभी समस्याओं को लेकर परियोजना पदाधिकारी को मांग-पत्र सौंपा जाएगा। मांग-पत्र पर 15 दिनों के अंदर विचार नहीं होता है तो 15 दिन बाद परियोजना कार्यालय के समक्ष धरना दिया जाएगा। मौके पर संजय मिश्रा, इंद्रदेव राम, गुरुदयाल ठाकुर, विकास कांत सिन्हा, धर्मेंद्र मिश्रा, अजीत सिन्हा, दिनकर सिन्हा, रमेश कुमार, शैलेंद्र सिंह, सुरेंद्र प्रसाद चैधरी, सुरेश सॉन्ग, रामजी सिंह, अरविंद सहाय, परमानंद झा, मनोज करमाली, शिवरतन, उमेश रविदास, मनोज श्रीवास्तव, शंभू रजवार, नंद किशोर साहू, विजय कुमार, चिंतामणि, सनी कुमार, कृष्णा, बबलू, देव कुमार, विद्या आदि मौजूद थें।




## हिंदुओं को शस्त्र और शास्त्र की शिक्षा से होना होगा परिपूर्ण : दीपक



**रामगढ़।** शहर में हिंदू समाज पार्टी के तत्वाधान में हिन्दू जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। रविवार को संगठन के लोगों ने थाना चौक, नईसराय, रांची रोड, मरार में कार्यक्रम किया। हिन्दू समाज पार्टी के पदाधिकारियों ने पोस्टर और बैनर के जरिये हिंदुओं को जागरूक करने का प्रयास किया। जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष पंकज भारती और संचालन सूरज बर्णवाल ने किया। मौके पर पार्टी के नेता दीपक सिसोदिया ने कहा कि हिन्दुओ को शस्त्र और शास्त्र से परिपूर्ण करना होगा। जिससे हर हिंदू अपने और अपने परिवार की रक्षा कर सके। क्योंकि रामगढ़ सहित पूरे देश में एक विशेष धर्म समुदाय लोगों के द्वारा जिहाद के नाम पर जंग छेड़ी गयी है। वही, जिलाध्यक्ष पंकज भारती ने कहा कि धर्म परिवर्तन हो या लव जिहाद या जमीन जिहाद इसको रोकने और इससे लड़ने वाला एकमात्र हिंदुओं का संगठन हिन्दू समाज पार्टी है। पार्टी सिर्फ षड्यंत्र रचने वाले को जेल पहुंचाने तक ही नहीं बल्कि उनके विरुद्ध न्यायालय में सजा के लिए लड़ रही है।

## ईद को लेकर थाने में शांति समिति की बैठक



**पतरातू।** ईद का त्यौहार सदभावना पूर्वक बनाए जाने को लेकर रविवार को पतरातू थाना परिसर में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता थाना प्रभारी रघुनाथ सिंह ने की। बैठक में कहा गया कि ईद के दिन आपसी भाईचारा बनाये रख सौहार्दपूर्ण वातावरण से मनाने की अपील की गयी। इस मौके पर एसआई एस एन सिंह, दिनेश तिवारी, मुखिया किशोर कुमार महतो, पंचायत समिति सदस्य अनीता जैन, देवंती देवी, जयप्रकाश सिंह, सुजीत पटेल अजय सिंह, एम रहमान, मोहम्मद सलीम, हामिद अंसारी, परमानंद राजीव, कमलेश राम, नंदकिशोर, मोहम्मद तबारक अंसारी, मोहम्मद इरफान अंसारी, अजीत कुमार सहित क्षेत्र के गणमान्य लोग शामिल थे।

# पासवान कल्याण युवा समिति ने कराया चित्रांकन प्रतियोगिता, 80 बच्चों ने लिया हिस्सा

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुरकुंडा।** पासवान कल्याण समिति के तत्वावधान में रविवार को भुरकुंडा पंचायत भवन में चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। इसमें पतरातू प्रखंड के 80 बच्चो ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पासवान कल्याण युवा समिति के अध्यक्ष शशि पासवान और संचालन समिति के संरक्षक बिजेंद्र कुमार ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि भुरकुंडा ओपी प्रभारी अमित कुमार, भुरकुंडा मुखिया अजय पासवान और विशिष्ट अतिथि एसआई मयंक प्रसाद ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसके पूर्व समिति के लोगो ने बुके और अंग वस्त्र देकर अतिथियों को सम्मानित किया। निर्णायक मंडल में अधिवक्ता रॉकी अग्रवाल, शिक्षिका शांति मरांडी, अनामिका गोस्वामी शामिल थीं। प्रतियोगिता में नर्सरी से कक्षा 1 तक में प्रथम यूकेजी की सरुश्री कुमारी, द्वितीय यूकेजी के श्रेयांश प्रकाश एवं कक्षा 1 के आर्यन सिंह तृतीय बेहतर प्रदर्शन कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। वही कक्षा 2 से कक्षा 6 तक के बच्चो में प्रथम संचिता कुमार, द्वितीय साक्षी गोस्वामी और तृतीय रिया कुमारी रहीं। सफल प्रतिभागियों को अतिथियों ने ट्रॉफी और मेडल देकर सम्मानित किया। कार्यकर्म को सफल बनाने में समिति के सचिव रोशन पासवान, कोषाध्यक्ष दीपक पासवान, पासवान कल्याण समिति के संरक्षक खजांची राम, बीरेंद्र पासवान, संतोष पासवान, सुरेंद्र पासवान, अध्यक्ष उपेंद्र पासवान, सचिव इंद्रदेव पासवान, कार्यकारी अध्यक्ष प्रभु पासवान, प्रेम पासवान, पप्पू सिंह, देवेंद्र कुमार, आशीष पासवान, सुंदर पासवान आदि का विशेष योगदान रहा।



अतिथियों के साथ प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले बच्चे।

## सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन



**पतरातू।** संविधान निमार्ता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर पतरातू प्रखंड के ग्राम सांकुल में शनिवार देर रात भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में कलाकारों के प्रस्तुति पर मौजूद श्रोता देर रात तक झूमते रहे। वहीं रंगारंग प्रस्तुति देखने के लिए देर रात तक लोग का हुजूम कार्यक्रम स्थल तक डटा रहा। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के विधायक अंबा प्रसाद शामिल हुई। इस मौके पर कमेटी के सदस्यों द्वारा स्थानीय विधायक को अंग वस्त्र (गमछा)देकर सम्मानित किया। विधायक ने कहा कि भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी भारत के ऐसे संविधान का निमार्ता है जो पूरे विश्व में ऐसा संविधान का निर्माण नहीं किया गया है ऐसे संविधान निमार्ता को सादर नमन है। इस मौके पर मुखिया सुमन भारती, पंचायत समिति सदस्य अंजू कुमारी, पतरातू प्रखंड कांग्रेस के अध्यक्ष सुजीत पटेल, विधायक प्रतिनिधि कृष्णा सिंह, अंजन प्रसाद, मुकेश सिंह, याकूब राय, परमानंद राजीव, देवराज राम, राजूराम, भोलाराम, विश्वनाथ राम, लक्ष्मी राम, वासुदेव राम, राम प्रसाद राम, उमेश राम ,विजय मास्टर, आकाश रवि, इंद्रदेव, हरदेव राम, मोनू, सोनू, राजन, विशाल, संजीत सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## खिलाड़ियों के बीच जर्सी और फुटबॉल किट का वितरण

**भुरकुंडा।** बुध बाजार दोतल्ला पंचायत के मयूर स्टेडियम में खिलाड़ियों के बीच जर्सी व फुटबाल किट का वितरण किया गया। पुरूष खिलाड़ियों के बीच जर्सी व फुटबाल किट का वितरण का वितरण करते हुए स्थानीय मुखिया सत्यवंती देवी ने कहा कि खेल व खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उक्त सामग्रियों का वितरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ बेहतर प्रदर्शन कर खेलों में भी कैरियर बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि खेल-कूद जीवन का अभिन्न अंग होता है। खेलो से शारीरिक व मानसिक विकास भी होता है। अगर युवा खेल में व्यस्त रहेंगे तो नशा से भी मुक्त रहेंगे। मौके पर पूर्व मुखिया सह मुखिया प्रतिनिधि लव कुमार महतो, टीम मैनेजर राजु नायक, भगवान दास, शशिकांत सिंह, कप्तान प्रकाश कुमार, उप कप्तान सुनील कुमार, रोहित कुमार, दीपक कुमार, युवराज कुमार, अभय कुमार, आर्यन कुमार, साहिल कुमार, सुशांत कुमार, अजित कुमार, अभिषेक कुमार, गणेश कुमार आदि मौजूद थे।

## निर्माणाधीन मंदिर में अधूरे पड़े कार्यों को पूरा करने को लेकर ग्रामीणों की हुई बैठक



**कुजू।** कठराटोला मुरपा स्थित निमार्णाधीन बजरंग बली व शिव मंदिर में अधूरे पड़े कार्यो को यथाशीघ्र करने को लेकर ग्रामीणों की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता सांसद प्रतिनिधि जगेश्वर प्रजापति व संचालन वार्ड सदस्य रमेश चौधरी ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से निमार्णाधीन मंदिर में अधूरे पड़े कार्यों को तीव्र गति से पूरा करने का निर्णय लिया गया। वहीं, बैठक के दौरान जगेश्वर प्रजापति ने कहा कि मंदिर में अधूरे पड़े कार्यों के लिए खर्च मेरी ओर से किया जाएगा। वही, चहारदीवारी व सीढ़ी का निर्माण कार्य जारी है। साथ ही, मंदिर के पूर्ण निर्माण के बाद ग्रामीणों की सहयोग से मंदिर में मूर्ति का प्राण प्रतिष्ठा और महायज्ञ कराया जायेगा। बैठक में मौजूद ग्रामीणों समेत जगेश्वर प्रजापति ने मंदिर निर्माण के होने से गांव में खुशहाली के साथ-साथ शांति बनी रहेगी। बैठक में जगेश्वर प्रजापति, जगदीश आडवाणी, सुखदेव सोनी, प्रकाश केशरी, कौलेश्वर महतो, जागो महतो, रमेश चौधरी, महादेव प्रसाद, शिबू महतो, मंटू कुमार, बासुदेव महतो, रामजतन प्रजापति, झमन महतो, अयोध्या महतो, महेंद्र महतो मौजूद रहे।

## गरीबों के बीच भोजन का किया वितरण

**भुरकुंडा।** समाजसेवी संस्था राष्ट्रीय सेवा मंच द्वारा प्रत्येक सप्ताह की भांति इस बार रविवार को भी साप्ताहिक बाजार भुरकुंडा में दूर-दराज ग्रामीण क्षेत्रों से दातुल-पत्तल बेचने आये गरीबों को भोजन कराया गया। इस दौरान मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह, मंच के संस्थापक जगतार सिंह, प्रो. रामानुज सिंह, उमाशंकर जयसवाल, संतन सिंह व शिक्षक भूपेन्द्र वर्णवाल उर्फ रिकु ने दर्जनों गरीब महिला-पुरूष व बच्चों के बीच पुरी-सब्जी व ठंडे शरबत का वितरण किया। मौके पर डब्लू सिंह ने कहा कि सबों के सहयोग से पिछले सात वर्षो से मंच द्वारा गरीबों को भोजन कराया जाता रहा है, जो आगे भी जारी रहेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में राकेश शर्मा, लालू उरांव, दिलीप गंजू, डॉ जयश्री मेहता, रेणुका देवी, जय प्रकाश पांडेय, सुकरा उरांव, संजीव सिन्हा, लखन राम आदि का विशेष योगदान रहा।

## यूसीडब्ल्यूयू केंद्रीय कार्यकारिणी की भुरकुंडा में हुई बैठक

# 11वां जेबीसीसीआइ की बैठक कोलकाता में, बेहतर वेतन दिलाने का होगा प्रयास : रमेंद्र

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुरकुंडा।** यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन के केंद्रीय कार्यकारिणी की बैठक रविवार को रिभर साईड भुरकुंडा स्थित केंद्रीय कार्यालय में हुई। इसकी अध्यक्षता सत्रुधन महतो ने की। बैठक में एटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह यूनियन के महामंत्री सह जेबीसीसीआई सदस्य रमेंद्र कुमार मुख्य रूप से मौजूद थें। सर्वप्रथम दिवंगत साथियों के निधन पर एक मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। बैठक में सदस्यता बढ़ाने पर बल दिया गया। कहा गया कि जिस शाखा,एरिया व रिजनल में कमेटी का सम्मेलन नहीं हुआ है उसे तीन माह के अंदर पूरा करने की बात कही गई। इसके अलावे 30 जनवरी को दिलली में हुए 10 केंद्रीय श्रमिक संगठनों के सम्मेलन में लिए गए निर्णय व आंदोलन को पूरा करने का भी निर्णय लिया गया। मौके पर मुख्य अतिथि एटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेंद्र कुमार ने कहा कि 11वां जेबीसीसीआई की बैठक 18 अप्रैल को कोलकाता में होनी है। इसमें एटक हरसंभव कोयला मजदूरों को बेहतर और सम्मानजनक समझौता करने में अग्रणी भूमिका निभाएगा। इसमें कोयला मजदूरों के भत्ता और अन्य सामाजिक सुरक्षा सहित कई मुद्दों पर चर्चा होगी। मौके पर केंद्रीय सचिव अशोक यादव, नरेश मंडल, बिनोद बिहारी पासवान, रामजी साह, उपाध्यक्ष लखन लाल महतो, बिंध्याचल बेदिया, सुरेश प्रसाद, जेपीएन सिन्हा, प्रेम कुमार, अरबिंद शर्मा, विकास कुमार, अनुज कुमार, महादेव मांझी, बिनोद मिश्रा, सुदेश प्रसाद, ललित नारायण, सुशील सिन्हा, करमा मांझी, राजेन्द्र प्रसाद, पप्पू कुमार, पंकज कुमार सिह, नंदू यादव, विजय शेखर, सन्याशी नायक, तुलसी साव, मो सरीफ, एनडी पांडेय, रघुनाथ प्रसाद, विपिन कुमार, शिशिर कुमार, तिवारीजी, नवीन विश्वकर्मा, बलराम नायक, आफताब आलम, गुरुप्रसाद हाजरा, रवि कुमार, लव कुमार, सुनील सिह आदि मौजूद थें।



बैठक को संबोधित करते एटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेंद्र कुमार।

## उपायुक्त के निर्देश पर अवैध खनन और भंडारण के विरुद्ध चला अभियान

# चार ट्रैक्टर, दो ट्रक, एक हाइवा को किया जब्त

**13 वाहन मालिकों पर प्राथमिकी दर्ज की गयी**

**अवैध बालू व बिना चालान के विरुद्ध पुलिस का चला डंडा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा।** उपायुक्त के निर्देश पर जिला खनन पदाधिकारी गोपाल दास के नेतृत्व में रविवार को जिले में अवैध खनन परिचालन एवं भंडारण के विरुद्ध चलाया गया जांच अभियान। जांच के क्रम में खनन पदाधिकारी ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी की इटखोरी प्रखंड के मुहाने नदी और पीतीज बसाने नदी बालू घाट से अवैध बालू का उत्खनन कर जिला भेजा जा रहा है। साथ ही धमनिया के कई क्रशर प्लांट से अवैध पत्थर चिप्स बिहार भेजा जा रहा है। सूचना पर पुलिस बल के साथ औचक जांच की गई जिसमें सदर थाना ओपी के समीप चार ट्रैक्टर अवैध बालू लदा हुआ एवं पांडे महुआ पेट्रोल पंप के पास दो ट्रक पत्थर चिप्स लदा हुआ और एक हाईवा स्टोन डस्ट बिना परिवहन चालान के परिवहन करते हुए पकड़ा गया है। जिसे जब्त कर सदर थाना चतरा को सुपुर्द कर दिया गया है और वाहन मालिक अज्ञात क्रशर संचालक एवं अन्य संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध एमएमडीआर एक्ट 1957 की धारा 21 एवं आईपीसी की धारा 379 के तहत कुल 13 लोगों पर नामजद प्राथमिकी दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।



**JHARKHAND INDUSTRIAL INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT CORPORATION LTD.**
**(A GOVERNMENT OF JHARKHAND UNDERTAKING)**
**Office of the M.D., JIIDCO, 5th Floor, Udyog Bhawan, Ratu Road, Ranchi-834001**

**VERY SHORT NOTICE INVITING TENDER**

**NIT NO. JIIDCO/05/2023-24**

Sealed tenders are invited, on Item rate basis from the registered contractors in appropriate class in Building Construction Department or any Department of Government of Jharkhand and having the experience of similar nature of work for the work as given below:

| Sl. No | Name of Work | Estimated Cost (Rupees) | Amount E.M.D. (Rupees) | Cost of BOQ (Rupees) (Non Refundable). | Time of Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | Repair and Rehabilitation work with Painting of Departmental Store at Narendrapur, Kolkata. | 16,61,190.00 | 33,500.00 | 5000.00 | 02 Months |

a. Tender documents can be purchased from the office of M. D., JIIDCO, 5th Floor, Udyog Bhawan, Ratu Road, Ranchi- 834001 on payment of requisite cost of documents in shape of D.D. in favour of **JIIDCO,** payable at **Ranchi** during working hours from **18.04.2023** to **20.04.2023**
b. Tender will be received on 21.04.2023 up to 3:00 P.M.
c. Tender will be opened on 21.04.2023 at 3:30 P.M. in presence of tenderer or his authorized representative.

**Note: For any information/complaints the department helpline No/Mobile No. 8292234107 may be contacted.**

**Sd/- Executive Engineer**
**JIIDCO, Ranchi**

**Ref. No.** : 270, **Dated :** 13.04.2023

# 2024 के लिए विपक्षी गठबंधन का प्रयास

भाजपा के विरोधी दल अक्सर एक-दूसरे के साथ उलझे रहते हैं और एकजुट होकर की गई कोई भी कार्रवाई उनके लिए कभी आसान नहीं होती। विरोधाभास कई हैं, वैचारिक स्तर पर और निजी स्तर पर। ज्यादातर मामलों में वे परस्पर विरोधी हित समूहों का प्रतिनिधित्व करते हैं। कुछ दल भाजपा के प्रति अपने नजरिए को लेकर चौकस रहते हैं। जब इन दलों को अपनी घरेलू जमीन बचानी होती है, तो ये भाजपा के प्रति काफी सख्त हो जाते हैं। नई दिल्ली में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, कांग्रेस के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी, सीपीआई (एम) के सीताराम येचुरी और आम आदमी पार्टी के अरविंद केजरीवाल की बैठक निर्णायक से ज्यादा संभावनाओं की तलाश से भरी थी। हालांकि, गैर-भाजपा दलों के बीच एक चीज स्पष्ट हो गई है कि अगर आपसी दुश्मनी में वे उलझे रहे, तो भाजपा उन्हें आसान शिकार बना लेगी, जिसकी सत्ता के लिए भूख असीमित है। तथ्य यह है कि इनमें से ज्यादातर गैर-भाजपा दल उसी कांग्रेस के विरोध में पैदा हुए थे जो अभी राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा की प्रतिद्वंद्वी दल हैं। इसलिए इन दलों के बीच में एक साझा बुनियाद तैयार करने में काफी टाल-मटोल होता रहता है। भाजपा का हिन्दी क्षेत्र में दबदबा है और कई राज्यों में इसे क्षेत्रीय दलों के प्रतिरोध का सामना करना पड़ता है। क्षेत्रीय दलों के बीच आपसी गठबंधन से वोट का कोई हस्तांतरण नहीं होता है क्योंकि ये दल अलग-अलग राज्यों में मौजूद हैं। इनमें से कुछ दल तो राज्य के स्तर पर प्रतिद्वंद्वी भी हैं। उदाहरण के लिए, केरल में वाम दल और कांग्रेस। इसलिए, मोटे तौर पर कहा जाए तो चुनाव-पूर्व गठजोड़ सीमित नतीजे वाले होते हैं। हालांकि, फिर भी कुछ ऐसे राज्य हैं जहां ये दल, भाजपा विरोधी वोटों को एकजुट करने के लिए साथ आ सकते हैं। इनमें, सबसे अहम उत्तर प्रदेश और बिहार है जहां कई पार्टियां मैदान में हैं। बहुत कुछ इस बात पर निर्भर करेगा कांग्रेस उन राज्यों में किस तरह समर्थन जुटाती है जहां भाजपा से इसकी सीधी टक्कर है। मसलन राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और कर्नाटक। बिहार में जद (यू) और राजद और उत्तर प्रदेश में सपा और बसपा जैसे सामाजिक न्याय वाले दल, कांग्रेस के साथ आ सकते हैं। इस लिहाज से नीतीश कुमार की भूमिका महत्वपूर्ण है, लेकिन मुश्किल यह है कि हिंदुत्व की राजनीति के सामने सामाजिक न्याय की राजनीति वैधता के संकट का सामना कर रही है। गठबंधन की अहमियत होती है, लेकिन जनता के सामने एक साझा कार्यक्रम और दृष्टिकोण लेकर पहुंचने की अहमियत इससे ज्यादा होती है। अदाणी और वी. डी. सावरकर विवाद पर प्रमुख विपक्षी नेताओं के बीच के मतभेद इसके महत्वपूर्ण उदाहरण हैं। किसी भी विपक्षी मोर्चा को अपने प्रमुख नेताओं के बीच मौजूद अलग-अलग तरह की राय और हितों को स्वीकार करना होगा। उनकी चुनौती है वह साझा जमीन तलाशना जिस पर वे एकजुट हो सकें। विचारधारा के स्तर पर शुद्धता भरी समानता खोजना इस समय उचित नहीं है, क्योंकि किसी भी सूरत में भाजपा की वैचारिक एकता का ये दल मुकाबला नहीं कर पाएंगे।

**गैर-भाजपा दलों के बीच एक चीज स्पष्ट हो गई है कि अगर आपसी दुश्मनी में वे उलझे रहे, तो भाजपा उन्हें आसान शिकार बना लेगी, जिसकी सत्ता के लिए भूख असीमित है। तथ्य यह है कि इनमें से ज्यादातर गैर-भाजपा दल उसी कांग्रेस के विरोध में पैदा हुए थे जो अभी राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा की प्रतिद्वंद्वी दल हैं।**

## उपायुक्त ने मुसाबनी सीएचसी का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा



**अस्पताल में भर्ती सूर्याबेड़ा के मलेरिया पीड़ितों से मिलीं, गांव में डीडीटी छिड़काव, मच्छरदानी वितरण का दिया निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता

**घाटशिला।** मुसाबनी प्रखंड अंतर्गत पीडीएस गोदाम में जीबीवी का उपायुक्त ने औचक निरीक्षण किया। उपायुक्त श्रीमती विजया जाधव सीएचसी मुसाबनी का निरीक्षण के दौरान एमओआईसी, बीपीएम सहित अन्य उपस्थित रहे। उपायुक्त ने अस्पताल परिसर, वार्ड की साफ सफाई सहित ग्रामीणों को उपलब्ध कराई जा रही चिकित्सीय सुविधाओं की जानकारी ली। साथ ही सूयाबेंड़ा के मलेरिया पीड़ितों से मिलकर उनके सेहत में सुधार से अवगत हुईं। गौरतलब है तीन दिन पूर्व सूयाबेंडा गांव में मलेरिया के कई मरीज सामने आया था। उसके बाद एमओआईसी दल बल के साथ सूयाबेंड़ा पहुंचे थे। गांव में 10 लोग मलेरिया पीड़ित मिले, जांच में पीएफ मलेरिया से सभी प्रभावित पाए गए जो घातक है। एम्बुलेंस से सभी को सीएचसी लाकर इलाज किया जा रहा है। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने मलेरिया के मरीजों का विशेष ध्यान रखने, सही खानपान व उचित उपचार सुनिश्चित करने का निर्देश दिए। उपायुक्त के आदेश पर मलेरिया प्रभावित सूयाबेंड़ा में डीडीटी का छिड़काव एवं मच्छरदानी का वितरण किया गया। मौके पर सिविल सर्जन ने बताया अगले 10 दिनों तक मलेरिया पीड़ितों को मॉनिटर किया जाएगा।

## साकची में मोहन सिंह की 20वीं पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर का आयोजन



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** एससीसीएन के संस्थापक दिवंगत मोहन सिंह की 20वीं पुण्यतिथि पर साकची बारी मैदान क्लब हाउस में एसएसपी प्रभात ने रक्तदान शिविर का उद्घाटन किया। प्रशांत सिंह पुतुल की ओर से 39वां रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। पूर्व डीआईजी राजीव रंजन भी बतौर सम्मानित अतिथि के रूप में शामिल हुए। शिविर में समाजसेवी प्रेम, पूर्वी घोष समेत अन्य गणमान्य लोगों ने भाग लिया। शिविर में 73 यूनिट रक्त संग्रहित हुआ है।

अभिमत
आजाद सिपाही

**‘मन की बात’ का प्राथमिक उद्देश्य भारत के प्रधानमंत्री और देश के नागरिकों के बीच सीधा संपर्क बनाना है। हर महीने, प्रधानमंत्री को देश भर से लाखों पत्र मिलते हैं, जिस पर वे कार्यक्रम के दौरान प्रकाश डालते हैं। कार्यक्रम के दौरान माननीय प्रधानमंत्री का लोगों से टेलीफोन पर बातचीत करना भी कोई असामान्य बात नहीं है। निर्वाचित नेता और जनता के बीच संचार का ऐसा तरीका लोकतंत्र और शासन में लोगों के विश्वास को काफी मजबूत करता है।**

# मन की बातें: पीएम मोदी की मन की बात



**अनुराग सिंह ठाकुर**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सार्वभौमिक रूप से एक असाधारण प्रतिभा के धनी वक्ता के रूप में स्वीकार किया जाता है, जो जनता के साथ तत्काल संवाद-संबंध स्थापित कर सकते हैं। उनकी शानदार वक्तृत्व कला, इस अनूठी क्षमता का केवल एक उदाहरण है। जिस लगन के साथ वे बोलते हैं, जिस निष्ठा के लिए वे जाने जाते हैं और पिछले आठ वर्षों में उन्होंने लोगों के साथ जो विश्वास-आधारित संवाद संबंध बनाए हैं, वे सभी मिलकर, जन संचारक के रूप में उनकी सफलता में योगदान देते हैं। उनके समावेशी दृष्टिकोण को देश के सभी भागों में अभूतपूर्व स्वीकृति मिली है। यह पीएम मोदी के विकास का लोक-केंद्रित मॉडल है, जिसने उन्हें बड़ी संख्या में आम लोगों का प्रिय बना दिया है। लोगों के साथ निरंतर संवाद, जिसे हम 'मन की बात' के रूप में जानते हैं, से जुड़े उनके विचार को गैर-अभिजात्य या साधारण स्तर का कहा जा सकता है। 'मन की बात' कार्यक्रम को अक्टूबर 2014 में लॉन्च किया गया था। वर्षों से यह महीने के अंतिम रविवार के दिन के लिए नियत किया गया है। यह एक रेडियो वार्ता के रूप में शुरू हुआ था; लेकिन अब इसे एक साथ विभिन्न प्लेटफार्मों पर कई भाषाओं में प्रसारित किया जाता है। मन की बात से पता चलता है कि मोदी के दो व्यक्तित्व हैं - मजबूत, शक्तिशाली और उद्देश्यपूर्ण प्रधानमंत्री मोदी तथा नम्र, दयालु और नेक पिता तुल्य अभिभावक। यदि आप आंख बंद करके 'मन की बात' सुनें, तो आप सोचेंगे कि मोदी जी गांव की चौपाल पर बैठे हैं, लोगों से बातचीत कर रहे हैं, उनकी बातें सुन रहे हैं, उनके साथ संवाद कर रहे हैं, जहां जरूरत हो वहां ज्ञान भरी सलाह दे रहे हैं या किसी अनुकरणीय कार्य के लिए किसी की तारीफ कर रहे हैं। हाल ही में उन्होंने दुर्घटना पीड़ितों के परिवारों के साथ अपनी बातचीत साझा की, जिन्होंने बहादुरी से अपने प्रियजनों के अंगदान करने के फैसले किये थे। मोदी जी ने उस बातचीत का उपयोग अंगदान के नेक विचार को बढ़ावा देने के लिए किया। ऐसे कई उदाहरण दिए जा सकते हैं, जिनमें जलवायु की विपरीत स्थितियों से निपटने से लेकर स्वास्थ्य और स्वच्छता से जुड़े सामान्य लोगों के अच्छे कार्यों के लिए उन्हें उदार मन से बधाई देना आदि शामिल हैं। पीएम मोदी की 'मन की बात' अनिवार्य रूप से वास्तविक जीवन की कहानियों और अनुभवों के बारे में है। ऐसी कहानियां, जो वास्तविक भारत को दर्शाती हैं और लुटियंस दिल्ली की संकीर्ण सीमाओं से परे हैं। इसी वजह से 'मन की बात' का हर एपिसोड अत्यधिक लोकप्रिय होता है और इसे लाखों प्रतिक्रियाएं मिलती हैं। यह लोगों के साथ प्रतिध्वनित होता है, क्योंकि यह उनकी चिंताओं के बारे में है।

**पीएम मोदी की 'मन की बात' अनिवार्य रूप से वास्तविक जीवन की कहानियों और अनुभवों के बारे में है।**




**मन की बात के माध्यम से प्रधानमंत्री देश भर के लाखों लोगों तक अपनी बात पहुंचाने में सफल रहे हैं। वे इस प्लेटफार्म का देश के लिए अपने दृष्टिकोण को साझा करने में उपयोग करते हैं और राष्ट्र निर्माण प्रक्रिया में नागरिकों की सक्रिय भागीदारी चाहते हैं।**

मन की बात का पहला एपिसोड 3 अक्टूबर, 2014 को प्रसारित किया गया था। यह 30 अप्रैल, 2023 को 100 एपिसोड पूरे करेगा। मन की बात अपनी विषय वस्तु, डिजाइन, बातचीत और आम लोगों तथा समग्र रूप से समाज के साथ संवाद करने के अभिनव तरीके के मामले में अद्वितीय है। 262 रेडियो स्टेशनों और 375 से अधिक निजी और सामुदायिक रेडियो स्टेशनों के साथ दुनिया के सबसे बड़े रेडियो नेटवर्क 'ऑल इंडिया रेडियो' के माध्यम से, भारतीय प्रधानमंत्री सामाजिक-आर्थिक और सांस्कृतिक रूप से विभिन्नता वाली विशाल आबादी तक पहुंचते हैं, उन्हें न केवल सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक मुद्दों पर, बल्कि जलवायु परिवर्तन, अपशिष्ट प्रबंधन, ऊर्जा संकट जैसी चुनौतीपूर्ण समस्याओं पर भी प्रेरित व सक्रिय करते हैं, जिनका दुनिया आज सामना कर रही है। भारतीय लोक प्रसारक, प्रसार भारती मन की बात का अनुवाद और प्रसारण 52 भाषाओं/बोलियों में करता है, जिसमें 11 विदेशी भाषाएं शामिल हैं, ताकि देश के सबसे दूर-दराज क्षेत्रों से लेकर विदेशों में रहने वाले भारतीयों तक इसकी पहुंच सुनिश्चित हो सके। मन की बात भारत का पहला वर्चुअल रूप से समृद्ध रेडियो कार्यक्रम है, जिसे टीवी चैनलों द्वारा एक साथ प्रसारित किया जाता है। दूरदर्शन नेटवर्क के 34 चैनल और 100 से अधिक निजी सैटेलाइट टीवी चैनल इस अभिनव कार्यक्रम को देश भर में प्रसारित करते हैं, जो संचार के इस पारंपरिक माध्यम के प्रति एक नई रुचि और जागरूकता पैदा करते हैं। फरवरी 2022 से हर महीने विशेषज्ञों और जीवन के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े अग्रणी व्यक्तियों के लेखों के साथ एक स्मार्ट तरीके से तैयार पुस्तिका भी प्रकाशित की जा रही है, जो डिजिटल रूप से 60 मिलियन से अधिक लोगों तक पहुंचती है। इतने व्यापक प्रभाव के साथ, मन की बात को एक सामाजिक क्रांति के रूप में देखा जा रहा है (जो सही भी है)। इस कार्यक्रम को जनभागीदारी से ठोस आधार प्राप्त होता है। इस कार्यक्रम की परिकल्पना और कार्यान्वयन, नागरिकों के साथ जुड़ाव और भागीदारी के विचार पर आधारित है, जो कार्यक्रम के नाम से लेकर विषयों की पसंद और लोगों द्वारा सक्रियता से काम करने के आह्वान तक से परिलक्षित होते हैं, जिन्हें प्रधानमंत्री इस कार्यक्रम में शामिल करते हैं। प्रत्येक एपिसोड व्यक्तियों की परिवर्तनकारी शक्ति में प्रधानमंत्री के अटूट विश्वास के आधार पर तैयार किया जाता है और शासन में जनभागीदारी को प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। मन की बात के माध्यम से प्रधानमंत्री देश भर के लाखों लोगों तक अपनी बात पहुंचाने में सफल रहे हैं। वे इस प्लेटफार्म का देश के लिए अपने दृष्टिकोण को साझा करने में उपयोग करते हैं और राष्ट्र निर्माण प्रक्रिया में नागरिकों की सक्रिय भागीदारी चाहते हैं। ‘मन की बात’ का प्राथमिक उद्देश्य भारत के प्रधानमंत्री और देश के नागरिकों के बीच सीधा संपर्क बनाना है। हर महीने, प्रधानमंत्री को देश भर से लाखों पत्र मिलते हैं, जिस पर वे कार्यक्रम के दौरान प्रकाश डालते हैं। कार्यक्रम के दौरान माननीय प्रधानमंत्री का लोगों से टेलीफोन पर बातचीत करना भी कोई असामान्य बात नहीं है। निर्वाचित नेता और जनता के बीच संचार का ऐसा तरीका लोकतंत्र और शासन में लोगों के विश्वास को काफी मजबूत करता है।

‘मन की बात’ के 8 वर्षों के अपने 99 एपिसोड को सफल बनाने के क्रम में, न केवल महत्वपूर्ण मुद्दों के बारे में जनता में जागरूकता पैदा करने का प्रयास किया गया है, बल्कि उन्हें सामाजिक और राष्ट्रीय हितों को लेकर कार्रवाई करने के लिए प्रेरित किया गया है। बदलाव लाने वालों की प्रेरक कहानियां इस कार्यक्रम की प्रमुख विशेषताओं में से एक हैं, जो जमीन पर लगातार और निःस्वार्थ भाव से काम कर रहे हैं, जो न केवल उनके लिए काम करते रहने के लिए प्रेरणा का स्रोत बन जाते हैं, बल्कि लाखों अन्य लोगों को भी प्रेरित करते हैं। अपनी शुरूआत से लेकर, ‘मन की बात’ पूरे देश में समुदायों को शामिल करने वाले सामाजिक आंदोलनों को उत्प्रेरित करने वाले जन आंदोलन के एक प्रभावी उपकरण के रूप में उभरा है। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए सामाजिक संदेश कुछ ही घंटों में सोशल मीडिया ट्रेंड बन जाते हैं और कुछ ही हफ्तों में एक जन आंदोलन बन जाते हैं। ‘स्वच्छ भारत अभियान’, ‘बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ’, ‘कोविड टीकाकरण’ और ‘हर घर तिरंगा’ इसके कुछ शानदार उदाहरण हैं। हाल ही में ‘मन की बात’ के 88वें एपिसोड में प्रधानमंत्री ने जल संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला और नागरिकों से अपने इलाके में अमृत सरोवर बनाने का आग्रह किया। कुछ महीनों के भीतर, प्रधानमंत्री का यह संदेश एक जन आंदोलन में परिवर्तित हो गया और देश भर में कई अमृत सरोवर तैयार हो गए, जो स्थानीय लोगों द्वारा क्षेत्र के सरकारी निकायों की मदद से बनाए गए थे। इसके बाद, 92वें एपिसोड में, प्रधानमंत्री ने नागरिकों के त्वरित प्रयासों की सराहना की, क्योंकि उन्होंने उत्तरप्रदेश के ललितपुर में भगत सिंह अमृत सरोवर और कर्नाटक के बिलकेरूर में अमृत सरोवर जैसे विभिन्न अमृत सरोवरों के बारे में चर्चा की।

‘सशक्त भारत’ के निर्माण की दृष्टिकोण को आगे बढ़ाते हुए, 'मन की बात' का यह कार्यक्रम देश की उन राष्ट्रीय एवं वैश्विक सफलताओं को उजागर करने पर केन्द्रित है, जो नागरिकों में गर्व, अपनेपन और राष्ट्रवाद की भावना पैदा करते हुए लोगों से देश के विकास में भाग लेने का आग्रह करती है। इस कार्यक्रम की 89वीं कड़ी में, प्रधानमंत्री ने भारत में यूनिकॉर्न की संख्या के 100 के आंकड़े तक पहुंचने पर प्रकाश डाला। इसकी 91वीं कड़ी में, ‘हर घर तिरंगा’ अभियान की सामूहिक भागीदारी और देशव्यापी सफलता का उत्सव मनाया गया, जिससे हर भारतीय का हृदय गर्व से भर गया। ऐसे कई और उदाहरण हैं जो यह दिखाते हैं कि कैसे ‘मन की बात’ सिर्फ एक रेडियो कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह भारत के समग्र विकास का प्रतिबिंब और सार्वजनिक भागीदारी की अभिव्यक्ति है।

‘मन की बात’ कार्यक्रम के माध्यम से, प्रधानमंत्री ने सफलतापूर्वक कल्याणकारी योजनाओं और नीतियों को हर स्तर पर लोगों तक पहुंचाने और इसके बारे में जागरूकता पैदा करने हेतु एक तंत्र स्थापित किया है। इतना ही नहीं, इसके माध्यम से प्रधानमंत्री यह भी बताते हैं कि कैसे ये योजनाएं जमीनी स्तर पर लोगों को लाभान्वित करती हैं और अधिक से अधिक लोगों को इन योजनाओं का लाभार्थी बनने के लिए प्रेरित करती हैं। संकट के समय में भी, इस कार्यक्रम ने लोगों को सूचित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उदाहरण के लिए इसने कोविड महामारी के दौरान लोगों को वस्तुस्थिति से अवगत कराया और उन्हें टीका लगवाने के लिए प्रेरित किया। भारत की टीके की कहानी की सफलता का श्रेय काफी हद तक ‘मन की बात’ कार्यक्रम को जाता है। यही हमारे जीवन में ‘मन की बात’ कार्यक्रम की प्रासंगिकता और इसके महत्व का पर्याप्त प्रमाण है।

**(लेखक सूचना और प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय मंत्री हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

## जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने बिरसानगर क्षेत्र में चलाया जनसंपर्क अभियान

**लोगों से मिलकर जानी उनकी समस्याएं, अधिकारियों को दिये समाधान के निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्व के विधायक सरयू राय ने रविवार को बिरसानगर जोन नंबर-6 क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान वे आम लोगों से मिल कर उनकी समस्याओं से अवगत हुए। भाजमो पश्चिम के मंडल अध्यक्ष जयप्रकाश सिंह के नेतृत्व में आयोजित क्षेत्र भ्रमण के दौरान श्री राय ने स्थानीय लोगों से मुलाकत कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली।

श्री राय की क्षेत्र के जनता से सीधे संवाद की पहल से लोग उत्साहित दिखे। उन्होंने बताया कि बिरसानगर का एक बड़ा क्षेत्र बरसों से विकास से वंचित था, लेकिन श्री राय के कार्यकाल में यहां काफी विकास कार्य हुए हैं। श्री राय ने बताया कि उनके विधायक बनने के बाद स्थानीय समस्याओं की जानकारी मिली थी। अब उनके समाधान का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने लोगों को बताया कि उनकी समस्याएं चिह्नित हो चुकी हैं और अब उनका एक-एक कर समाधान किया जा रहा है।

भ्रमण के दौरान जिलाअध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष एम चंद्रशेखर राव, मंत्री विकास गुप्ता, युवा जिला अध्यक्ष अमित शर्मा, एसटी जिला अध्यक्ष प्रकाश कोया, एससी जिला महामंत्री कुंदन मुखी, मंडल अध्यक्ष जयप्रकाश सिंह, महिला अध्यक्ष नंदिता गगराई, महामंत्री प्रेम रंजन घोष, उपाध्यक्ष विनय कुमार, आंनद गिल, कोषाध्यक्ष एसएन मिश्रा, मंत्री खोखन गोराई, अमरजीत सिंह, युवा मंडल अध्यक्ष समेत अन्य अनेक कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग उपस्थित थे।

## कदमा में जानवर को बचाने के चक्कर में हुआ हादसा दीवार से टकरायी कार



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** रविवार सुबह कदमा थाना की दीवार से काले रंग की कार टकरा गई। जिससे दीवार क्षतिग्रस्त हो गई। हालांकि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ और बड़ा हादसा टल गया। कदमा थाना प्रभारी ने बताया कि कार कदमा के रहनेवाले आकाश दीप सिंह की है जो कार चलाकर जा रहे थे कि अचानक जानवर के आगे आने पर उसको बचाने के क्रम में वे संतुलन खो बैठे और कार थाने की दीवार से जा टकराई।

## पश्चिमी कीताडीह पंचायत में टैंकर से जलापूर्ति शुरू

**जिप उपाध्यक्ष की पहल पर हुई नियमित जलापूर्ति की व्यवस्था**

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के कीताडीह क्षेत्र में व्याप्त जल संकट के मद्देनजर जिला परिषद उपाध्यक्ष पंकज के प्रयास से पश्चिमी कीताडीह पंचायत के विभिन्न इलाकों में टैंकर से जलापूर्ति आरंभ हो गई। रविवार को पंकज टैंकर लेकर कीताडीह पहुंचे एवं वहां के निवासियों के लिए टैंकर से जलापूर्ति शुरू कराई। इस दौरान कीताडीह के मथुरा सेठ की दुकान, दुर्गापूजा मैदान एवं मुड़गुट्टू क्षेत्रों में पानी का वितरण किया गया।

जिला परिषद् उपाध्यक्ष पंकज ने इस संबंध में बताया कि क्षेत्र के लोगों की ओर से विगत कुछ दिनों से पानी की परेशानी के संबंध में शिकायतें मिल रही थीं। इसको लेकर वे लगातार पत्राचार भी कर रहे हैं, किन्तु क्षेत्र के लोगों को गर्मी में पानी की किल्लत न हो, इसके लिए उन्होंने जिला प्रशासन और तारापोर कंपनी प्रबंधन से बात की। इसके बाद जिला प्रशासन और तारापोर कंपनी प्रबंधन की मदद से जलापूर्ति की शुरूआत की गयी है। जिप उपाध्यक्ष पंकज ने इस कार्य के लिए जिला प्रशासन और तारापोर कंपनी प्रबंधन का अभार जताया। उन्होंने बताया कि कीताडीह के अलग-अलग जगहों पर हर रोज टैंकर से जलापूर्ति की जायेगी।

**कार्यक्रम :** धूमधाम से मनायी गयी चंद्रगुप्त मौर्य और चक्रवर्ती सम्राट अशोक की जयंती

# झांकी के साथ निकली भव्य शोभायात्रा

**कुशवाहा समाज का गौरवशाली इतिहास रहा है : दिलीप कुमार मौर्य**

**बलराम शर्मा**

**मेराल।** प्रगतिशील विश्व मौर्य परिषद द्वारा रविवार को मेराल प्रखंड मुख्यालय में चंद्रगुप्त मौर्य एवं चक्रवर्ती सम्राट अशोक की जयंती धूमधाम से मनाई गई। जयंती कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पांकी विधायक शशिभूषण मेहता, समाज के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप कुमार मौर्य, जिला अध्यक्ष राजेश कुमार मेहता, राष्ट्रीय सचिव अवधेश प्रसाद कुशवाहा, मेराल पूर्वी के मुखिया रामसागर महतो, सांसद प्रतिनिधि रुपू महतो, कृष्णा प्रसाद कुशवाहा आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर तथा महापुरुषों की तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया गया।





इससे पहले महापुरुषों की झांकी के साथ-भव्य शोभायात्रा निकाली गई। गाजे-बाजे के साथ निकाली गई। शोभायात्रा में मौर्य समाज के बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। जिसमें युवा काफी उत्साहित नजर आये। मेराल पूर्वी के मुखिया रामसागर महतो के निवास स्थान से प्रारंभ हुई शोभायात्रा नेनुआ मोड़, बस स्टैंड, बाजार होते देवी धाम के समीप सामुदायिक भवन पहुंच जयंती कार्यक्रम में तब्दील हो गयी।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष दिलीप कुमार मौर्य ने कहा कुशवाहा समाज का इतिहास गौरवशाली रहा है। इस वंश में अनेक सम्राट, संत एवं समाज सुधारक पैदा हुए। जिन्होंने देश एवं विदेश में मानवता का संदेश दिया। जो समाज अपने इतिहास को भूल जाता है वह विकास की दौड़ में पिछड़ जाता है।

कार्यक्रम को अन्य कई लोगों ने भी संबोधित करते हुए आपसी समन्वय तथा एकजुटता से अपना तथा अपने समाज के विकास पर जोर दिया।



## माइक खराब होने पर भड़के पांकी विधायक

कार्यक्रम संबोधन के दौरान माइक खराब होने पर पांकी विधायक शशि भूषण मेहता भड़क उठे। वे माइक को टेबल पर पटक कर मंच से नीचे उतर गये। उन्होंने कहा कि इंपॉर्टेंट मीटिंग को छोड़कर कार्यक्रम में सम्मिलित होने आया था, परंतु यहां की विधि व्यवस्था ठीक नहीं थी। अति आवश्यक कार्य का हवाला देकर विधायक वहां से निकल गये। हालांकि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि को इस तरह भड़क कर चले जाने से लोग काफी दुखित हुए। लोगों ने तरह-तरह की चर्चाएं की, कहा कि समय नहीं था तो विधायक जी को कार्यक्रम में नहीं आना चाहिए था।

### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में मुख्य रूप से समाजसेवी व युवा नेता पुष्प रंजन, पूर्व जिप सदस्य सुमन मेहता, ओबरा की मुखिया चंद्रमुखी कुमारी, उदय कुमार मेहता, सत्येंद्र मेहता, अर्जुन प्रसाद कुशवाहा, संजय महतो, शुभम मेहता, मनोज कुमार कुशवाहा, राजेंद्र मेहता, दिनेश कुमार, देवव्रत कुमार, अरविंद कुमार मेहता, रामाधार मेहता, राम कुमार मेहता, हरे कृष्ण मेहता, सत्यनारायण कुशवाहा, प्रेम दीवाना, धीरेंद्र मेहता, रमेश महतो, लक्ष्मी महतो सहित बड़ी संख्या में महिला पुरुष व बच्चे शामिल थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में युवा नेता अभिषेक मेहता, सुनील कुमार, विनोद कुमार कुशवाहा, विनायक कुमार, कमलेश कुमार आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संचालन डॉ लाल मोहन के द्वारा किया गया।

# जिला कांग्रेस ने 19 अप्रैल को समाहरणालय घेराव सह जनसभा को सफल बनाने का लिया निर्णय



**गढ़वा जिला कमेटी ने समान विचारधारा वाले दलों के साथ की संयुक्त बैठक**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** जिला कांग्रेस कमिटी के द्वारा समान विचार धारा वाले दलों की एक संयुक्त बैठक कांग्रेस के जिला अध्यक्ष ई. ओबैदुल्लाह हक अंसारी की अध्यक्षता में की गयी। कांग्रेस पार्टी के द्वारा चलाए जा रहे जय भारत सत्याग्रह कार्यक्रम के तहत गढ़वा समाहरणालय का घेराव एवं जनसभा 19 अप्रैल को करना है। राजद जिला अध्यक्ष सूरज सिंह ने कहा कि इस घेराव एवं जनसभा कार्यक्रम में पूरी राजद टीम का समर्थन रहेगा। आज देश दो धाराओं में बह रहा है। एक समाजवाद गांधीवाद और दूसरा गोडसेवाद। हम लोग गांधीवादी विचार धारा को मानने वाले हैं। जिस तरह से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी की एक साजिश के तहत सदस्यता चली गई, उससे से ये साबित होता है कि इस देश में गांधीवादी विचारधारा को ठेश पहुंचायी जा रही है। वहीं जेएमएम की तरफ से बैठक में शामिल युवा नेता ताहिर अंसारी व मुखिया शरीफ अंसारी ने कहा कि 19 अप्रैल को होने वाले जिला समाहरणालय घेराव व जनसभा कार्यक्रम में जेएमएम जिला कमेटी का पूर्ण समर्थन रहेगा और हमारे सभी नेता और कार्यकर्ता ,२ घेराव कार्यक्रम में पूरी ताकत के साथ शामिल होंगे।इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता उदय नारायण तिवारी,त्रिपुरारी सिंह,गढ़वा प्रखंड अध्यक्ष योगेन्द्रनाथ चौबे, रंका प्रखंड अध्यक्ष बृजेंद्र चौधरी,ज़िला महासचिव जें खान,ज़िला सचिव आसिफ खान,कार्यकारिणी सदस्य विकाश राम ,शरवन सिंह सहित अन्य लोग मौजूद थे

## मदनी बने प्रधानमंत्री 15 सूत्री कार्य समिति सदस्य, झामुमो नेता ने दी बधाई



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** झामुमो के वरिष्ठ नेता जैनुल आबेदीन खान उर्फ मदनी खान को प्रधानमंत्री 15 सूत्री कार्य समिति का सदस्य मनोनित किया गया है। उन्हें सदस्य बनाए जाने पर रविवार को गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर के गढ़वा स्थित आवास पर एक समारोह आयोजित कर स्वागत किया गया। झामुमो नेताओं व कार्यकताओं ने उन्हें माला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया। इस कार्य के लिए लोगों ने मंत्री श्री ठाकुर के प्रति आभार व्यक्त करते हुए मदनी खान को बधाई दिया। झामुमो के वरिष्ठ नेता नसीम अख्तर ने कहा कि मदनी खान को सदस्य बनाए से 15 सूत्री कार्य समिति से संबंधित कार्यों को गति मिलेगी। वे निष्पक्षता के साथ अपनी उर्जा लगाकर कार्य करेंगे। बधाई देने वालों में नसीम अख्तर सहित अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष जिलाधक्ष आलमगीर अंसारी, केंद्रीय समिति सदस्य शरीफ अंसारी, अल्पसंख्यक विधायक प्रतिनिधि मासूम खान, वन एवं पर्यावरण के प्रतिनिधि संजय सिंह छोटू,फूजेल अहमद, अनिता दत्त,बाबर खान,सुरेंद्र वर्मा, भुट्टो खान,अजय ठाकुर, आदि का नाम शामिल है।

# भाजयुमो ने सिरोई खुर्द पंचायत में लगाया नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर

**भाजयुमो रंका दक्षिणी मंडल ने 5-16 अप्रैल तक मनाया समाजिक समरसता एवं न्याय पखवाड़ा**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रंका।** भाजयुमो रंका दक्षिणी मंडल अध्यक्ष बलराम यादव की अध्यक्षता में समाजिक समरसता एवं न्याय पखवाड़ा कार्यक्रम 5-16 अप्रैल तक मनाया गया। इस दौरान 16 अप्रैल को कार्यक्रम के समापन के अंतिम दिन रंका प्रखंड के सिरोई खुर्द पंचायत के उचरी गांव में स्वास्थ्य शिविर कैंप का आयोजन किया गया। मेडिकल कैंप के दौरान मलेरिया फैलेरिया सर्दी बुखारी टीवी कोरोना सहित अन्य कई बिमारियों के बारे में लोगों को जानकारी दी गयी एवं लोगों का इलाज भी किया गया। मेडिकल कैंप में सैकड़ों लोगों ने पहुंचकर अपना इलाज कराया।



भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे ने कहा कि समाजिक समरसता एवं न्याय पखवाड़ा कार्यक्रम के दौरान जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में भाजयुमो द्वारा मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। ताकि आम गरीब को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि मेडिकल कैंप के आयोजन से इसका सीधा लाभ आम गरीब आदमी को मिला है मेडिकल कैंप में सभी तरह की जांच की गयी एवं अन्य बिमारियों के प्रति लोगों को जागरूक भी किया गया। मेडिकल कैंप के दौरान लोगों को दवा भी उपलब्ध करायी गयी। उन्होंने कहा कि मेडिकल कैंप से आम जनमानस को काफी लाभ हुआ है। दूरदराज के लोगों को बिमारियों के बारे में जानकारी नहीं होने से उनको परेशान होना पड़ता था। आनेवाले समय में भाजयुमो जिले के अन्य प्रखंडों में भी मेडिकल कैंप का आयोजन कराएगा।

मेडिकल कैंप में प्रसिद्ध चिकित्सक मुख्य रूप से डाक्टर कुलदेव चौधरी एवं उनकी टीम के लोगों ने लोगों का इलाज किया एवं सभी तरह की बिमारी के बारे में लोगों को जानकारी दी। मौके पर डॉ कुलदेव चौधरी ने कहा कि इस तरह के आयोजन से निश्चित रूप से सुदूरवर्ती क्षेत्रों के लोगों को इसका लाभ मिला है। आम गरीब आदमी को बिमारियों के बारे में जानकारी दी गयी ताकि वे गंभीर बिमारियों से बच सकें। समय समय पर लोगों को अपनी सेहत का ख्याल रखना चाहिए। मौसम के बदलाव की वजह से भी लोगों के लिए बिमारी का खतरा बढ़ जाता है।

मौके पर भाजयुमो मंडल अध्यक्ष बलराम यादव ने कहा कि मेडिकल कैंप के माध्यम से गरीब लोगों का इलाज किया गया। गांव में स्वास्थ्य शिविर कैंप का आयोजन होने से इसका लाभ आम जनमानस को मिला है।

कार्यक्रम में भाजपा मंडल उपाध्यक्ष नवल किशोर ठाकुर, उपेंद्र यादव, राजू यादव, अरविंद राम, विकास यादव, वीरेंद्र प्रजापति, रामलाल साव, शिव उरांव, नारायण राम सहित भाजपा के अन्य कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## भीषण गर्मी को देखते हुए श्री राम नवमी पूजा समिति रंका ने किया पनशाला का उद्घाटन



**रंका (आजाद सिपाही)।** भीषण गर्मी के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए श्री राम नवमी पूजा समिति रंका के तत्वावधान में पनशाला का शुभारंभ किया गया। इस पनशाला की शुरूआत समिति व विहिप के अध्यक्ष सुलपानी सिंह ने राहगीरों को पानी पिला कर किया। इस अवसर पर सुलपानी सिंह ने कहा कि प्यासे को पानी पिलाना पुण्य का काम है। इसी निमित्त यह पनसाला का शुभारंभ किया गया है। जो पूरे गर्मी के मौसम तक अनवरत रूप से राहगीरों के लिए खुला रहेगा। इस पनसाला को आरंभ कराने में विहिप उपाध्यक्ष विश्वनाथ यादव , उदियमान गायक पवन कुमार पांडेय , समिति के कोषाध्यक्ष सोनू कुमार मद्धेशिया , मोहित कुमार चौधरी , मिडिया प्रभारी अमरेंद्र कुमार का बहुत ही सराहनीय योगदान रहा है। इस अवसर पर समाजसेवी सह चिकित्सक दिनेश प्रसाद , विक्की सोनी, रामचंद्र दास ,चमरू चौधरी , शिक्षक सत्येंद्र राम , मनोज कुमार ओझा सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## भूतपूर्व सैनिक संगठन प्रखंड कमेटी की बैठक में नयी कमेटी का गठन

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** घाघरा चांदनी चौक स्थित हाईस्कूल मैदान में भूतपूर्व सैनिक संगठन प्रखंड कमेटी की बैठक रविवार को आयोजित की गई। बैठक में संगठन की मजबूती को लेकर कमिटी के गठन किया गया। जिसमें सर्वसमिति से अध्यक्ष लालधर, उपाध्यक्ष विलियम कुजूर, सचिव विजय किंडो, कोषाध्यक्ष रामकुमार भगत, मीडिया प्रभारी महादेव भगत को बनाया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष लालधर ने कहा कि आप लोगों द्वारा जो जिम्मेवारी मुझे सौंपी गई है मैं उसका इमानदारी पूर्वक निर्वहन करूंगा। भूतपूर्व सैनिकों की जो भी समस्या होगी उसे दूर करने के लिए हरसंभव कार्य करूंगा। वहीं अगली बैठक मई महीने के अंतिम रविवार को की जाएगी। बैठक में एतेश्वर बाड़ा, हरि उरांव, सखिचन्द साहू, तीजा भगत, बुधेश्वर उरांव, वकील साहू, चारु चंद उरांव, देवकुमार भगत, चिमनी उरांव, ईश्वर पाल भगत सहित कई भूतपूर्व सैनिक उपस्थित थे।



# रमना की बेटी बनी रौनियार वैश्य महासभा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष

**नमिता गुप्ता उर्फ लवली गुप्ता को जिला रौनियार वैश्य कमेटी ने दी बधाई**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रमना।** रौनियार वैश्य महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के पद पर निर्विरोध रूप से चयनित होने पर रमना के बेटी नमिता गुप्ता उर्फ लवली गुप्ता को जिला रौनियार वैश्य कमिटी ने बधाई दी है। रविवार को पटना के गर्दनीबाग गेट लाइब्रेरी में पटना जिला प्रशासन के द्वारा संपन्न कराए गए रौनियार वैश्य महासभा के चुनावी कार्यक्रम में उपाध्यक्ष पद में निर्विरोध जीत हासिल की।



इस अवसर पर निर्विरोध घोषित हुई राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नमिता गुप्ता उर्फ लवली गुप्ता ने कहा कि जिस तरह से पूरे भारत देश के रौनियार समाज के द्वारा निर्विरोध रूप से जीत दिला कर मुझ पर भरोसा जताने का कार्य किया है। मैं अपनी पूरी ऊर्जा व ईमानदारी के साथ निस्वार्थ रूप से कार्य करूंगी। उन्होंने कहा कि आगे आने वाले दिनों में समाज की महिलाओं सहित सभी वर्गों के लोगों को सामाजिक, आर्थिक तथा राजनीतिक में अपना भाग्य आजमाना होगा तभी हमारा समाज विकसित होगाष कहा कि आज समाज में फैले दहेज रूपी कोढ़ को लगाम लगाने, नशा मुक्ति को लेकर समाज में जागरूकता लाने तथा शिक्षा के प्रति जागरूक करना मुख्य उद्देश्य होगा।

इस निर्विरोध जीत पर जिला अध्यक्ष बैजनाथ प्रसाद, नगर अध्यक्ष हीरा प्रसाद गुप्ता, प्रमंडलीय उपाध्यक्ष अशोक प्रसाद गुप्ता, समाजसेवी नंद कुमार, दामोदर प्रसाद, संजय गुप्ता, उदय प्रसाद, वेंकटेश प्रसाद, अजय प्रसाद गुप्ता, डाक्टर पारसनाथ, महेंद्र प्रसाद, संजीत गुप्ता, नवलकिशोर गुप्ता, ओमप्रकाश गुप्ता, बबलू गुप्ता, बद्री प्रसाद, मुरली प्रसाद, मुन्ना प्रसाद, कन्हैया प्रसाद, संतोष प्रसाद, कृष्णा गुप्ता, पप्पू साह, सतेंद्र प्रसाद गुप्ता, श्यामलाल गुप्ता, गणेश प्रसाद, आदित्य प्रसाद गुप्ता, उमेश प्रसाद, जिला मीडिया प्रभारी दिनेश गुप्ता सहित कई लोगों ने जीत की बधाई दी है।

## सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने को लेकर पुलिस ने चलाया सघन वाहन जांच अभियान

**मेराल (आजाद सिपाही)।** सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने को लेकर मेराल थाना पुलिस द्वारा शनिवार की शाम से लेकर देर रात्रि तक सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। गढ़वा हेड क्वार्टर डीएसपी संतोष कुमार एवं थाना प्रभारी नीतीश कुमार के नेतृत्व में चलाए गए इस जांच अभियान में मोटर वाहन अधिनियम के विभिन्न धाराओं का उल्लंघन करते हुए 32 वाहन चालकों को पकड़ा गया। थाना प्रभारी नीतीश कुमार ने बताया कि जांच अभियान में करीब डेढ़ दर्जन बाइक, 8 फोर व्हीलर तथा 4 ट्रक को जब्त किया गया है। सभी के विरुद्ध कार्रवाई हेतु प्रतिवेदन जिला परिवहन पदाधिकारी गढ़वा एवं अभियोजन चलाने हेतु गढ़वा कोर्ट में प्रतिवेदन भेजा गया है। चेकिंग अभियान में पुलिस अवर निरीक्षक अजीत कुमार, सअनी आशीर्वाद महतो, नीरज पांडे सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

**कार्यक्रम :** गढ़वा में होगी दो दिवसीय फुटबॉल खिलाड़ी चयन प्रतियोगिता

# सेंटर ऑफ एक्सेलेंस केंद्र के लिए चयन 19-20 अप्रैल को

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** पर्यटन, कला संस्कृति, खेल कूद एवं युवा कार्य विभाग, झारखंड के अधिनस्थ झारखंड खेल प्राधिकरण, रांची द्वारा नव सृजित स्वीकृत सेंटर फॉर एक्सेलेंस फुटबॉल प्रशिक्षण केंद्र (एकलव्य प्रशिक्षण केंद्र) हेतु बालक एवं बालिका वर्ग के 16 वर्ष से 22 वर्ष तक के सुयोग्य खिलाड़ियों के लिए रामा साहू हाई स्कूल का मैदान गढ़वा में दो दिवसीय चयन प्रतियोगिता आयोजित होने जा रही है।

जिसमें जिला, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों का बैट्री टेस्ट एवं फुटबॉल स्किल टेस्ट लिया जाएगा। बैट्री टेस्ट अन्तर्गत ऊंचाई, वजन, 30 मीटर, 6 गुणा, 10 मीटर सटल रनिंग, बॉल थ्रो, 800 मीटर, वर्टिकल जंप, स्किल टेस्ट के अंतर्गत ड्रिबलिंग, जैगलिंग, बॉल कंट्रोलिंग, विथ बॉल रनिंग एंड टर्निंग, विथ बॉल जिग जैग मूवमेंट, मैच सिचुएशन गेम्स समेत कई तरह के टेस्ट लिए जायेंगे।

**गढ़वा, पलामू और लातेहार जिला के फुटबॉल खिलाड़ी लेंगे भाग**

**चयनित खिलाड़ियों का अंतिम चयन प्रक्रिया 28 एवं 29 अपैल को बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम मोराबादी, रांची में किया जायेगा।**



जिला के वैसे सभी फुटबॉल खिलाड़ी जो अहर्ता रखते हों आवश्यक रूप से 19-20 अप्रैल 23 को रामा साहू हाई स्कूल-गढ़वा के मैदान में पहुंचें और चयन ट्रायल में भाग लें।

उपर्युक्त स्थल से चयनित खिलाड़ियों का अंतिम चयन प्रक्रिया 28 एवं 29 अपैल को बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम मोराबादी, रांची में किया जायेगा।

अंतिम रूप से चयानित(बालक/बालिका) खिलाड़ियों को राज्य सरकार द्वारा निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण केंद्र के साथ अन्य सभी सुविधाएं उपलब्ध करायी जाएंगी। चयन के अवसर पर चयन समिति के देवेन्द्र कुमार सिंह, खेल परामर्शी सह प्रतियोगिता प्रबंधक साझा , मो सलीम,आवासीय फुटबॉल प्रशिक्षण केंद्र चाईबासा,अजय सुभाष तिर्की,आवासीय फुटबॉल प्रशिक्षण केंद्र ,गिरिडीह, योगेश प्रसाद यादव, आवासीय एथलेटिक प्रशिक्षण केंद्र ,साहेबगंज,सतीश मिंज सहायक प्रशिक्षक आवासीय फुटबॉल प्रशिक्षण केंद्र , गुमला उपस्थित रहेंगे।

वहीं जिला खेल पदाधिकारी उमेश लोहरा के निर्देशानुसार उक्त चयन प्रक्रिया में गढ़वा के कुश्ती कोच लल्लन पहलवान, एथलेटिक्स कोच अरविंद डूबे, रामा शंकर सिंह, वॉलीबॉल कोच प्रभात तिवारी, खेल कार्यालय गढ़वा के कंप्यूटर ऑपरेटर ललन कुमार, आदेशपाल कुश कुमार भी सहयोगी की भूमिका में रहेंगे। उक्त जानकारी विभागीय कुश्ती प्रशिक्षक शैलेंद्र पाठक द्वारा दी गई।

# श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा नगर उंटारी ने खोली पनशाला

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** स्थानीय गोसाई बाग स्थित श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा नगर उंटारी के द्वारा भीषण गर्मी को देखते हुए पनशाला का उद्घाटन किया गया। पनशाला का उद्घाटन स्थानीय पत्रकार रजनीश कुमार मंगलम ने फीता काटकर किया। मौके पर श्री सर्वेश्वरी समूह के सदस्यों के द्वारा अघोरेश्वर महाप्रभु भगवान अवधूत भगवान राम जी एवं गुरु पद श्री संभव राम जी के चित्रों का पूजा अर्चना के पश्चात उपस्थित लोगों को प्रसाद एवं जलपान कराया गया। उक्त अवसर पर रजनीश कुमार मंगलम ने कहा कि प्यासे को जलपान कराना मानवता के सबसे बड़ी पूजा है श्री सर्वेश्वरी समूह हमेशा से मानवता की सेवा करती आई है। श्री सर्वेश्वरी समूह समय-समय पर जनकल्याण कार्यों को किया करता है। शाखा के उपाध्यक्ष हेमंत प्रताप देव ने समूह के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि श्री सर्वेश्वरी समूह बाबा अघोरेश्वर महाप्रभु के द्वारा चलाई जा रही 19 सूत्रीय कार्यक्रम के अंतर्गत समय-समय पर समाज के असहाय लोगों के बीच अन्य, वस्त्र, कंबल, दवाइयों का वितरण करना, मिर्गी कैंप लगाना, व्यापक पैमाने पर मेगा मेडिकल कैंप आयोजन करना। नशाखोरी उन्मूलन कार्यक्रम चलाना, छुआछूत ,दहेज प्रथा, जैसे सामाजिक कुरीतियों को समाज से हटाने के लिए उसके प्रति जागरूकता अभियान चलाना। मौके पर हेमंत प्रताप, शंभू सौदागर, संजीव सिन्हा, नागेंद्र प्रसाद, सुशील सिन्हा, मनोज प्रताप देव, नरेंद्र श्रीवास्तव, नागेंद्र कुमार, अनूप निराला, राजेंद्र यादव, रंजन कुमार उर्फ छोटू, नवनीत कुमार सिन्हा, प्रमेन्द्र कुमार सिन्हा, अमरेंद्र कुमार सिन्हा, राजीव कुमार, दुर्गेश कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।



आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 17 अप्रैल, 2023
www.azadsipahi.in



## खेल से बच्चों का होता है बौद्धिक, शारीरिक और मानसिक विकास : बीडीओ



सेन्हा-लोहरदगा(आजाद सिपाही)। सेन्हा प्रखंड मुख्यालय स्थित बुनियादी उच्च विद्यालय के खेल मैदान में सद्भवना मंच के तहत वॉलीबॉल मैच का आयोजन किया गया। उपायुक्त डा बाघमारे प्रसाद कृष्ण के निर्देश पर सेन्हा में वॉलिबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे खान मुहल्ला और सेन्हा चौक के खिलाड़ियों के बीच मैच खेला गया। वही खेल का शुभारंभ प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा द्वारा बॉल को हैंड से किक कर खेल प्रारम्भ किया गया। बीडीओ स्वयं खेल कर खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। मौके पर बीडीओ श्री चोपड़ा ने कहा की खेल से व्यक्ति का बौद्धिक, शाररिक और मानसिक विकास होता है। खेल टीम भावना का परिचय देता है। जिसे मिल जुल कर एक साथ शान्ति व सौहार्द से रहने पर समाज में अच्छा संदेश जाता है। और समाज भी व्यक्तियों के जैसा साफ सुथरा और स्वास्थ रहता है। एक टीम में खिलाड़ी विभिन्न समुदाय के होते हैं। और सभी आपस मे मिलकर जीतने का प्रयास करते है। उसी तरह सभी जाति समुदाय के लोग मिल जुल कर एक स्वस्थ्य और सुन्दर समाज का निर्माण करेंगे तो सभी का जीवन मे शान्ति, सौहार्द और खुशहाली बना रहेगा। बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा द्वारा दोनों टीम को पुरस्कार स्वरूप एक एक वॉलिबॉल दिया गया। मौके पर बीपीओ निलेन्द्र कुमार, पंचायती राज पदादिकारी सत्यकाम श्रीवास्तव के अलावे नरेश महतो, ईश्वर महतो, जैनुल अंसारी, सिकंदर हयात, सुनील राम सहित सैकड़ों व्यक्ति उपस्थित थे।

## अंडर 16 क्रिकेट लीग के उद्घाटन मैच में रांची ने गुमला को 48 रन से हराया

### रांची के ईशान ओम बने मैन ऑफ द मैच



लातेहार (आजाद सिपाही)। अंडर 16 क्रिकेट लीग के उद्घाटन मैच में रांची ने गुमला को 48 रनो से पराजित किया। जहां रांची ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 47वें ओवर में अपने सभी विकेट खोकर 143 रन ही बना पायी। जिसमे समीर अंसारी 34 तथा प्रिंस राज ने 16 रन का योगदान दिया। गुमला की ओर से मनीष ठाकुर, राहुल प्रसाद, अशिषण कुमार तथा आशीष कुमार ने दो दो विकेट चटकाए। लक्ष्य की पीछा करने उतरी गुमला ने 31वें ओवर में 95 रन बनाकर पूरी टीम ढेर हो गयी। जिसमे आयुष राज ने 14रन का योगदान दिया। रांची की ओर से ईशान ओम ने 10 ओवर में 17 रन देकर 5 विकेट तथा अमित उरांव ने 7.1 ओवर में 10 रन देकर 3 विकेट चटकाए। मैन ऑफ द मैच रांची के ईशान ओम को गुमला सचिव जितेंद्र कुमार द्वारा पुरस्कार दिया गया। मैच पर्यवेक्षक मो सब्बीर, अंपायर अजय पाठक तथा अमित हाजरा थे। जबकि स्कोरर दीपक सेठी थे। मौके पर संघ के सचिव अमलेश कुमार सिंह, लाल आशीष नाथ सहदेव समेत कई खिलाड़ी तथा दर्शक उपस्थित थे।

## एसपी आर रामकुमार ने विजेता पुलिस जवानों को किया सम्मानित



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। रांची रेंज के डीआईजी अनूप बिरथरे की अगुवाई में आयोजित दक्षिण छोटानागपुर प्रमंडल के पुलिस कर्मियों की खेलकूद प्रतियोगिता में लोहरदगा जिले ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। खेल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले लोहरदगा जिले के पुलिस जवानों को डीआईजी अनूप विरथरे, लोहरदगा पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार, पुलिस उपाधीक्षक परमेश्वर प्रसाद समेत अन्य पुलिस अधिकारियों ने प्रशंसा कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस संदर्भ में पुलिस उपाधीक्षक परमेश्वर प्रसाद ने बताया कि, रांची के न्यू पुलिस लाइन परिसर में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता में लोहरदगा पुलिस टीम ने भी भागीदारी निभाया था। प्रतियोगिता में आरक्षी ज्योति मिंज ने हैमर थ्रो में स्वर्ण पदक, आरक्षी धर्म देव महतो 10 किमी पैदल चाल में स्वर्ण पदक, आरक्षी बालमुनि कुमारी ने महिला वर्ग में 10 किमी पैदल चाल में स्वर्ण पदक जीतकर लोहरदगा जिले का मान बढ़ाया। प्रतियोगिता में वॉलीबॉल, बास्केटबॉल तथा कबड्डी प्रतिस्पर्धा में पुलिस टीम उपविजेता रही। प्रमंडल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में लोहरदगा पुलिस टीम द्वारा स्वर्ण, चांदी ,कांस्य पदक जीतकर इस ओर भी परचम लहराया है। लोहरदगा पुलिस टीम को खेल प्रतियोगिता में मिली शानदार सफलता के लिए पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार ने पूरी टीम को बधाई देकर सम्मानित किया है।

### झारखंड के सात जिलों में पिछड़ों के आरक्षण शून्य पर उलगुलान हेतु आंदोलन का लिया निर्णय

# पिछड़ों की उपेक्षा अब बर्दाश्त नहीं: श्रीचंद

आजाद सिपाही संवाददाता




**लोहरदगा।** लोहरदगा तेली धर्मशाला मे पिछड़ा वर्ग संघर्ष समिति की एक आवश्यक बैठक माटीकला बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष श्रीचंद प्रसाद की अध्यक्षता मे किया गया। लोहरदगा,गुमला, सिमडेगा, लातेहार, खूंटी, पश्चिमी सिंहभूम, दुमका जिलों मे पिछडो के लिए आरक्षण शून्य किया जाने से पिछड़ा समाज समाज में शासन प्रशासन के प्रति वक्ताओं ने जमकर भड़ास निकाला। बैठक में माटी कला बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष श्रीचंद प्रसाद व सिमडेगा के जगदीश साहू ने विषय वस्तु पर विस्तृत जानकारी दिया। कहा वर्तमान समय में पिछड़ों को एकजुट और गोलबंद होने की आवश्यकताहै। पूर्व बीजेपी जिला अध्यक्ष राजकिशोर महतो ने कहा झारखण्ड अलग प्रान्त के निर्माण मे पिछडो, सादनों की भूमिका महत्वपूर्ण रही बावजूद, पिछड़ा समाज के हक अधिकार से उन्हें दूर कर दिया गया। पेशा कानून लागु कर पिछड़ों के अधिकार को सिमित किया गया। भाजपा पिछड़ा मोर्चा जिला अध्यक्ष संजय चौधरी ने कहा सजग, सचेत होकर वैधानिकअधिकारों की लड़ायी लड़नी होगी। जिला तेली समाज अध्यक्ष जयनाथ साहू ने कहा सवर्ण समाज को दस प्रतिशत आरक्षण बिना मांगे दे दिया गया। पर, पिछड़ा समाज कीआबादी 52 प्रतिशत होने के बावजूद 27 प्रतिशत के लिए लगातार आंदोलन करनी पड़ रही है। सात जिलों मे आरक्षण शून्य होना घोर अन्याय है। इसे पिछड़ा समाज अब बर्दाश्त नहीं करेगा। राष्ट्रीय तेली युवा अध्यक्ष रिपुसूदन साहू ने कहा झारखण्ड माटी की भाषा सादरी और नागपुरी है। पिछड़े ही आदिवासी है। झारखंड में सभी दलों की सरकार अब तक पिछड़े समाज को ठगने और राजनैतिक उपयोग करने का ही काम किया। मुनेश्वर साहू ने कहा अब पिछडो को एकजुट होना होगा। श्रीचंद प्रसाद ने कहा, पिछड़ों को इग्नोर करके अब कोई विधायक और सांसद नहीं बन पायेगा। कैलास साहू, शिवदयाल साहू ने भी अपने विचार किया। मौके पर ग्यारह सदस्य संचालन समिति का गठन कर आंदोलन की रुपरेखा बनाने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर रोहित साहू, शम्भू प्रजापति, असलम अंसारी, विनोद तमेडा, मनोज गुप्ता, सरोज प्रजापति, ओम्प्र गुप्ता, सोहन साहू, सरिता साहू, सागर वर्मा, प्रदीप ठाकुर को संचालन की जिम्मेदारी दी गयीं हैं, मंच संचालन मनोज साहू और धन्यवाद ज्ञापन रामप्रसाद साहू द्वारा किया गया।

### समाज को नयी दिशा देने का कार्य कर रही है कुर्से की गीता देवी

# हड़िया-दारू बेचने का कार्य छोड़, दूध बेच रही

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** गीता देवी जिला के सदर प्रखंड के हेसल पंचायत के कुर्से गांव की रहने वाली हैं। वे वर्ष 2017 से महिला स्वयं सहायता समूह से जुड़ी हुई हैं। फुलो-झानो आशीर्वाद योजना का लाभुक बनने के बाद उनकी स्थिति पहले से काफी अच्छी है। हँड़िया-दारू बिक्री का काम छोड़ इस योजना से जुड़ीं और ऋण लेने के बाद एक गाय खरीद कर दूध बेचने का कार्य करने लगीं। अब वह प्रतिमाह 12-15 हजार रुपये आसानी से कमा लेती हैं। गीता बताती हैं कि उनके पास खेती योग्य भूमि काफी कम है जिसका कुछ खास लाभ उन्हें नहीं मिल पाता था। आय का कोई साधन नहीं होने की वजह से कोई न कोई सहारा चाहिए था। इसी दौरान वे हँड़िया-दारू निर्माण और बिक्री करने वाली अन्य महिलाओं के संपर्क आयीं और खुद इस कार्य को करने लगीं। इससे ना सिर्फ अपराध होता था बल्कि सामाजिक रूप से बहिष्कृत सी हो गयी थीं। परिवार को हेय दृष्टि से समाज देखता था। गीता ने इस पीड़ा से पाने की सोची और समाज के साथ चलने की ठानी। अंततः वे सराईत आजीविका सखी मंडल जुड़ी और इसके अंतर्गत ऋण प्राप्त करने की जानकारी प्राप्त की। इसी दौरान माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन के द्वारा फुलो-झानो आशीर्वाद योजना के अंतर्गत किये जा रहे आर्थिक सहयोग के बारे जानने का मौका मिला और वे इसकी लाभुक बनीं। आज गीता का जीवन बदल गया है। वे अपनी मेहनत व लग्न से परिवार का भरण पोषण कर रही हैं। उनके परिवार पति, चार बच्चे और सास-ससुर रहते हैं।

# सेन्हा में कांग्रेस की जय भारत सत्याग्रह अभियान के तहत नुक्कड़ सभा आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता



**सेन्हा/लोहरदगा।** जय भारत सत्याग्रह अभियान के तहत सेन्हा प्रखंड के अरू बाजार में प्रखंड अध्यक्ष अनिल उरांव के नेतृत्व में नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष सह प्रखंड प्रभारी मोहन दुबे, सचिव मुस्ताक अहमद, कुणाल अभिषेक, नंदू शुक्ला, इम्तियाज अंसारी मुख्य रूप से शामिल हुए। नुक्कड़ सभा में मोहन दुबे ने आम लोगों को जागरूक और अवगत कराया गया कि केंद्र की मोदी सरकार के द्वारा तानाशाही और अलोकतांत्रिक तरीके से कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी के संसद सदस्यता को रद्द कर दिया गया है। जो देश के लोकतंत्र के लिए घातक है। राहुल गांधी देश के लोगों की आवाज को हमेशा से बुलंद करते रहे हैं। केंद्र की मोदी सरकार के गलत नीतियों का हमेशा से विरोध करते रहे हैं। अपने भ्रष्टाचारी मित्र अदानी को बचाने के लिए मोदी राहुल गांधी के संसद सदस्यता को समाप्त करने की साजिश रची। देश की जनता सभी चीजों को बारीकी से देख रही है। जब से मोदी जी का शासन केंद्र में आया है तब से देश में नफरत का माहौल पैदा किया जा रहा है। महंगाई और बेरोजगारी से आम जनता त्रस्त है। ज्वलंत मुद्दों से आम जनता का ध्यान भटकाने के लिए इस तरह का कार्रवाई किया जा रहा है। कार्यक्रम में रुस्तम अंसारी, दुखिया उरांव, सरफराज अंसारी, खादिम अंसारी, प्रवीण उरांव, नेसार अंसारी, सोमरा उरांव, तबरेज अंसारी, विजय पाठक, अजय महली समेत अन्य कांग्रेसी उपस्थित थे।

### दोषियों की अतिशीघ्र गिरफ्तारी नहीं हुई तो बड़ा आंदोलन होगा

# चंदवा की 'निर्भया' के दरिंदों को फांसी की सजा मिले: प्रतुल



पीड़ित परिवार से मिले भाजपा प्रदेश प्रवक्ता

आजाद सिपाही संवाददाता

**चंदवा।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव शनिवार को चंदवा के सुदूर जंगलों के बीच स्थित हाका गांव में हुई नृशंस हत्या की शिकार हुई दलित बिटिया के घर पहुंचे। उनके परिजनों से मिल कर उन्हें ढांढ़स बंधाया। प्रतुल ने कहा कि बेटी को न्याय दिलाने के लिए जहां भी जरूरत होगी, आप मुझे याद कीजिए, मैं आपके साथ रहूंगा। यह एक नृशंस हत्या है। यह क्रूरता दिल्ली की निर्भया कांड की याद दिलाती है।

प्रतुल ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि बिटिया को इंसाफ स्पीडी ट्रायल के माध्यम से मिले। परिजनों को मुआवजा दिया जाये। प्रतुल ने कहा कि चौथी क्लास में पढ़नेवाली इस बच्ची के साथ दरिंदों ने वहशीपन की सारी हदों को पार कर दिया। इस क्रूरतापूर्ण घिनौनी हरकत में शामिल सभी लोगों को फांसी की सजा मिलनी चाहिए। प्रतुल ने इस संबंध में पुलिस के अधिकारियों से भी फोन से बातचीत की और अब तक हुई कार्रवाई के संबंध में जानकारी ली। प्रतुल ने कहा कि बच्ची के साथ इंसाफ हो, इसमें कही कोई कोताही नहीं होनी चाहिए। अगर अति शीघ्र आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई, तो सड़क पर और बड़ा आंदोलन होगा।

# चतरा सांसद ने नाबालिग बच्ची के साथ हुए जघन्य अपराध की कड़ी निंदा की



आजाद सिपाही संवाददाता

**चंदवा।** चंदवा थाना क्षेत्र के हक्का गांव मे शनिवार को चौथी कक्षा की छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म के बाद निर्मम हत्या मामले मे चतरा लोकसभा सांसद सुनिल कुमार सिंह ने घटीत घटना को लेकर कड़ी निंदा की है। और परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। और उन्होंने ट्वीट कर कहा है की यह घटना अत्यंत विचलित करने वाली है।उन्होंने राज्य सरकार और पुलिस प्रशासन से मांग की है की अपराधियों की तत्काल गिरफ्तार कर फास्ट ट्रैक कोर्ट से कठोर से कठोर सजा दिलाई जाय।

साथ ही जिला व स्थानीय प्रतिनिधि को किये निर्देशितपीड़ित परिवार को बुनियादी सुविधा मुहैया कराने का दिया निर्देश दिया है।गौरतलब हो की सांसद संगठन के कार्य हेतु कर्नाटक दौरे पर है।

सांसद के निर्देश पर जिला प्रतिनिधि की टीम पहुंची पीड़ित परिवार के घर छात्रा से दुष्कर्म और हत्या मामले मे सांसद सुनील कुमा सिंह के निर्देश पर जिला कृषि विभाग प्रतिनिधि राजेंद्र यादव, संजीव आजाद,महेन्द्र प्रसाद समेत कई लोग हक्का गांव जाकर पीड़ित परिजनों से मुलाकात की और उन्हे हर सभव मदद एव न्याय दिलाने का आश्वाशन दिया। साथ ही तत्काल आर्थिक सहायता प्रदान की।और स्थानीय पुलिस से मुलाकात कर हत्यारो की गिरफ्तारी की मांग की है।

## जेल अदालत सह विधिक जागरूकता का आयोजन




लातेहार (आजाद सिपाही)। मंडलकारा लातेहार में रविवार को जेल अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।इस आयोजन में मुख्य अतिथि अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी शशिभूषण शर्मा, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार स्वाती विजय उपाध्याय, राजेश यादव डीप्टी चीफ एलएडीसी लातेहार तथा दीपक कुमार मिश्रा सहायक एलएडीसी उपस्थित हुए। इस अवसर पर एसीजेएम श्री शर्मा ने कैदियों को बंदी के रूप में प्राप्त अधिकारों और जिला विधिक सेवा के द्वारा प्रदत्त लाभ के संबंध में विशेष जानकारी दी। साथ ही उन्हें कानूनी रूप से जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। साथ हीं प्ली बारगेनिंग के प्रावधानों का लाभ उठाने तथा एलएडीसी के कार्यो के बारे में विस्तार से बताया गया। राजेश यादव ने कैदियों को अपने मुकदमें की जानकारी, गिरफ्तारी की तिथि, वाद संख्या की जानकारी और अपने उपर लगे आरोप की जानकारी रखने के लिए जागरूक किया। दीपक कुमार मिश्रा ने कैदियों के बीच जेल की सुधारात्मक अवधारणा के बारे में जानकारी दी तथा कैदियों को यहॉ से निकलने के बाद समाज की मुख्यधारा में जुड़ने का आग्रह किया। इस जेल अदालत में दो मामले का निष्पादन हेतु बंदियो द्वारा आवेदन दिया गया जिसमें से एक मामले का निष्पादन किया गया। वहीं जेल प्रशासन और कार्यरत पीएलभी को झालसा कैलेंडर के अनुसार हर माह लगने वाले जेल अदालत के लिए मामले को चिन्हित करने तथा कैदियों के बीच सूचना प्रसारित करने का निर्देश दिया गया। धन्यवाद ज्ञापन प्रभारी जेलर धमेंन्द्र कुमार के द्वारा किया गया।मौके पर मंडल कारा, लातेहार के जेल कर्मी संगीत कुमार, महेश कुमार एवं व्यवहार न्यायालय, लातेहार के कर्मचारी उपस्थित थे।

## पोषण एवं स्वास्थ्य के बारे में जागरूक किया गया



सेन्हा-लोहरदगा(आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के चितरी डाँडू पंचायत अन्तर्गत अम्बाटोली में बैठक आयोजित कर पोषण एवं स्वास्थ्य के बारे में जागरूक किया गया। प्रखंड में कार्यरत संस्था जेएसएलपीएस के माध्यम से चितरी डाँडू पंचायत के अम्बाटोली में संचालित सरना और गंगा महिला मंडल के सदस्य दीदियों को पोषण और स्वास्थ्य के बारे विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए जागरूक किया गया। मौके पर मौजूद जेएसएलपीएस के प्रखंड बीआरपी पूनम देवी पंडित दीनदयाल उपाध्याय कौशल ग्रामीण विकास योजना के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि जो बच्चे बच्चियाँ पढ़ाई छोड़ चुके हैं। वैसे लोगों को पंडित दीनदयाल उपाधयाय कौशल विकास योजना की ओर इलेक्ट्रिशियन, होटल मैनेजमेंट तथा अन्य तरह का नि:शुल्क प्रशिक्षण देकर जॉब से जोड़ने का कार्य किया जायेगा। मौके पर मोनी देवी, अनिता उराँव, अंजू उराँव, सघन देवी, बिना देवी के अलावे महिला समूह की सैकड़ो दीदी उपस्थित थी।

## बनवारी साहू महाविद्यालय के 39 वर्ष पूर्ण होने पर स्थापना दिवस मनाया गया

लातेहार(आजाद सिपाही)। जिला मुख्यालय के समीप बानपुर स्थित बनवारी साहू महाविद्यालय के 39वां वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय में बनवारी साहू की प्रतिमा पर फूल माला पहनाकर श्रद्धा सुमन अर्पित की गयी। महाविद्यालय 40वां वर्ष में प्रवेश कर गया है। विदित है कि महाविद्यालय की स्थापना में बनवारी साहू की धर्म पत्नियां तेतरी कुंवर और पारो कुंवर के द्वारा स्थापित किया गया था। लेकिन अब बनवारी साहू के पुत्र वधू और उनके पुत्र कृष्णा प्रसाद गुप्ता और अंजू गुप्ता के द्वारा महाविद्यालय को संरक्षण प्राप्त है उन्हीं की देखरेख में महाविद्यालय चल रही है। वहीं महाविद्यालय के प्राचार्य प्रदीप कुमार तिवारी महाविद्यालय के व्याख्याता गण लिपिक आदेशपाल सहित महाविद्यालय के छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। यह जानकारी राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी नवल किशोर प्रसाद ने दी सभी कर्मियों ने लातेहार क्षेत्र के शिक्षा के विकास में इस महाविद्यालय का अग्रणी भूमिका रही है।

## महुआडांड़ थाना के पास चलाया गया वाहन चेकिंग अभियान



महुआडांड़(आजाद सिपाही)। आये दिन बढ़ती हुई दुर्घटनाओं को देखते हुए लातेहार पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के निर्देश पर महुआडांड़ थाना प्रभारी आशुतोष यादव के नेतृत्व में विरसा चौंक, आदर्श नगर के समीप पु०अनी मो. कमर आलम के नेतृत्व में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान दर्जनों बिना हेलमेट लगाये दो पहिया वाहन चालकों का वाहन नम्बर मोबाइल नंबर दर्ज किया गया। चेकिंग के दौरान अधिकतर वाहन चालकों के पास ड्राइवरी लाइसेंस नहीं था साथ ही उन्होंने हेलमेट भी नहीं लगाया था। जांच के दौरान पु०अनी मो. कमर आलम ने बताया कि वाहन चेकिंग जैसे ही कम होता है चालक लापरवाही बरतना शुरू कर देते हैं, जुर्माना से हो सकता है कुछ सुधार हो इसलिए यह कदम उठाना जरूरी था। इस अभियान में पु०अनी मो कमर आलम जिला पुलिस बल के जवान शामिल थे।

## आरएसएस बाल विभाग के पौधरोपण अभियान से जुड़ रहे हैं लोग



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बाल विभाग द्वारा चलाए जा रहे अभियान अपने जन्मदिन पर एक वृक्ष अवश्य लगाएं। इस अभियान से प्रभावित हो और उसे बढ़ावा देते हुए अपने समाज के बच्चे इसे एक अभियान के तरह पालन कर रहे हैं। जिसकी आज एक झलक देखने को मिली। ईस्ट गोला स्थित रवि अग्रवाल की पुत्री अनन्या कुमारी ने अपने जन्मदिन पर रामपुर स्थित खकपरता मंदिर में चंदन का पौधा लगाकर अपने जन्मदिन पर अपने जीवन की नई शुरूआत की। उन्होंने यह बतलाया की जिस तरह आए दिन पेड़ पौधों को काटा जा रहा है, उसके प्रभाव से हमारे प्रकृति में क्षति पहुंच रही है, ओजोन लेयर का प्रभाव घातक कर रहा है, पर्यावरण अशुद्ध हो रहा है, इन सब से बचने के लिए हम सभी को एक पौधा अपने जन्मदिन पर अवश्य लगाना ही चाहिए। हम राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बाल विभाग द्वारा चलाए जा रहे अभियान से प्रभावित होकर वृक्षारोपण का कार्य कर रही हैं।

## बगैर सूचना के मेरे रैयती प्लांट में बने घर को सीओ ने तोड़वाया:अमित कुमार



लातेहार (आजाद सिपाही)। लातेहार जिला के बालूमाथ प्रखंड निवासी अमित कुमार पिता भुनेश्वर प्रसाद साहू ने बालूमाथ थाना में थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद सिन्हा को एक आवेदन देकर न्याय का गुहार लगाते हुऐ बालूमाथ अंचलाधिकारी आफताब आलम पर कई गंभीर आरोप लगाते हुए कहां है कि मेरे रैयती प्लॉट में बने मकान को बगैर लिखित सूचना दिऐ अंचलाधिकारी द्वारा जेसीबी लगाकर तोड़वा दिया गया है। अमित कुमार ने बालूमाथ थाना मे दिऐ गये आवेदन यह भी आरोप लगाया है कि अंचलाधिकारी आफताब आलम के द्वारा पूर्व में बार-बार दबाव बनाया जा रहा था कि लातेहार डीसी भोर सिंह यादव, एसी, एसडीओ द्वारा आदेश निकाला गया है कि उक्त भूमि पर बनाए गए घर अविलंब हटाया जाऐ ताकि वहां पर पूर्व से बनाया गया पीसीसी पथ से आम लोगो का आना जाना प्रारंभ कर सके। अमित कुमार ने यह भी कहा है कि जब मैंने लातेहार उपायुक्त भोर सिंह यादव, एससी और एसडीओ से संपर्क किया तो कहा कि उक्त जमीन में घर बना है तो मैं कैसे तोड़ने का आदेश दे सकता हूं। उसके संबंध मे बालूमाथ अंचलाधिकारी आफताब आलम ही बता सकते हैं कि घर तोड़ने के पिछे क्या कारण हो सकता है।

## नगर परिषद के मोहल्लों में मूलभूत समस्याओं का अंबार



**समस्याओं के समाधान को लेकर स्थानीय लोगों के साथ मिशन बदलाव के प्रतिनिधि करेंगे बैठक**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** वार्ड का सवाल वार्ड के सरकार अभियान के तहत मिशन बदलाव नगर कमेटी सभी वार्डों में बैठक आयोजित कर मोहल्ले वालों से चर्चा करेंगे। रविवार को मिशन बदलाव के नगर अध्यक्ष ज्योति वर्मा और नगर सचिव बिनय गोप की अध्यक्षता में बिरसा एग्रो पार्क में बैठक आयोजित की गई।

बैठक का संचालन मिशन बदलाव महिला जिला सचिव सैयदा खातुन ने किया और कहा कि नगर की समस्या का समाधान करना मिशन बदलाव की प्राथमिक जिम्मेदारी है। मिशन बदलाव के विभिन्न प्रतिनिधियों ने बैठक में चर्चा कर बताया कि गुमला नगर परिषद के विभिन्न मोहल्ले एवं वार्डों में पानी, साफ सफाई एवं मूलभूत समस्याओं को लेकर हाहाकार मचा हुआ है। विभिन्न मोहल्लों एवं कॉलोनियों में पानी की कमी दिखाई दे रही है। बहुत ऐसे मोहल्ले में पानी की सप्लाई पेयजलापूर्ति की व्यवस्था सुचारु पूर्वक नहीं है और अन्य मोहल्लों में सप्लाई पानी पहुंचाने के लिये पाइपलाइन भी नहीं पहुंचा है।

मिशन बदलाव की चंदकला टोप्पो एवं पूनम भगत ने कहा कि कदमटोली तुकुटोली के आसपास पानी की भी व्यवस्था नहीं है। मिशन बदलाव प्रतिनिधियों ने कहा कि पानी की समस्याओं को देखते हुए प्रसाशन टैंकरों के माध्यम से पानी पहुचांने का कार्य करे।

बैठक में भूषण भगत, लखन गोप, ज्योति गलोरिया कुजूर, अंनीता वर्मा, बिनोद साहू, हरेंड कुमार, सिरिश प्रजापति एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## खेरवार आदिवासी एकता संघ बिशुनपुर प्रखंड कमेटी का किया गया विस्तार



**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** बिशुनपुर प्रखंड स्थित डिपु मैदान में रविवार को खेरवार समाज की एक आवश्यक बैठक खेरवार आदिवासी एकता संघ के जिला अध्यक्ष देवी सिंह के अध्यक्षता में हुई। मौके पर बिशनपुर प्रखंड के विभिन्न गांव से आए खेरवार समाज के लोगों को संबोधित करते हुए संरक्षक रामचंद्र खेरवार ने कहा कि समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करना, नशा पान से दूर रहना तथा बच्चों की शिक्षा पर विशेष बल देने के लिए खेरवार आदिवासी एकता संघ ने बीड़ा उठाया है। जिसको लेकर हम सभी लोगों ने जिला के सभी प्रखंडों में प्रखंड कमेटी का विस्तार कर रहे हैं। समाज को संपूर्ण विकास करने के लिए एक सशक्त संगठन होने की जरूरत है। इसी निमित्त प्रखंड इकाई खेरवार आदिवासी एकता संघ कमेटी का विस्तार किया गया। जिसमें अध्यक्ष ज्ञान सिंह, उपाध्यक्ष कुलदीप खेरवार, जागेश्वर खेरवार, सरिता देवी, सचिव इजोतपाल सिंह खेरवार, कुलदीप खेरवार, हिरामुनी देवी, महरंग खेरवार, कोषाध्यक्ष अशोक खेरवार, संगठन मंत्री राजेश सिंह खेरवार सहित 11 सदस्यों का चयन किया गया। जिसमें केश्वर खेरवार, देवलाल खेरवार, मनलाल खेरवार, राजू खेरवार, विनोतर खेरवार, आरतीमा देवी, जानकी कुमारी, निशा देवी, रितेश खेरवार, अनिल खेरवार, फूलचंद खेरवार के नाम सम्मिलित हैं। बतौर पर्यवेक्षक के रूप में प्रतिनियुक्त खेरवार लोक सेवक संघ गुमला जिला सचिव श्री शंकर खेरवार और उपसचिव रण प्रताप सिंह साथ ही इस मौके पर लोक सेवक संघ जिलाध्यक्ष बाबूलाल खेरवार, खेरवार आदिवासी एकता संघ जिला सचिव मुनेश्वर सिंह खेरवार, कोषाध्यक्ष जयकरण सिंह खेरवार, सोशल मीडिया प्रभारी राम भरत खेरवार, खेरवार आदिवासी एकता संघ जिला अध्यक्ष खूंटी देवनाथ सिंह खेरवार, आदिवासी एकता संघ जिला उप सचिव जितेंद्र खेरवार, ब्रह्मदेव खेरवार सहित क्षेत्र के गणमान्य बुद्धिजीवी सहित कई लोग सम्मिलित हुए।

## नि:शुल्क नेत्र परीक्षण सह चश्मा वितरण शिविर आयोजित

**सिसई (आजाद सिपाही)।** बाबा भगवान राम ट्रस्ट ब्रह्मनिष्ठालय सोगडा आश्रम, जशपुर छ.ग. द्वारा रा. उत्क्रमित मध्य विद्यालय बिरकेरा, रेडवा में रविवार को निशुल्क नेत्र परीक्षण सह चश्मा वितरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जेनरल फिजिशियन डॉ एसएन सिंह, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ डीपी कुशवाहा द्वारा लोगों की जांच की गई। इस दौरान बिरकेरा, नागफेनी, पंडरिया, दिकदोन सहित आस पास के विभिन्न गांवों के पांच सौ से अधिक लोगों ने नेत्र जांच करायी। नेत्र परीक्षण कर डॉक्टरों द्वारा चश्मा का भी वितरण किया गया। इस मौके पर ट्रस्ट के पदाधिकारी सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

**प्रेस कांफ्रेंस :** चित्रपट झारखंड का फिल्म फेस्टिवल 23 से 25 जून तक

# संस्था का मुख्य उद्देश्य क्षेत्रीय सिनेमा को बढ़ावा देना है : दीपक कुमार

**रांची के सरला बिरला स्कूल में होगा कार्यक्रम**

**कार्यक्रम से संबंधित पोस्टर का किया गया विमोचन**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गुमला।** चित्रपट झारखंड के द्वारा आगामी 23, 24 एवं 25 जून 2023 को चित्रपट झारखंड फिल्म फेस्टिवल मनाया जा रहा है, जिसमें राज्य भर से लगभग सौ से भी अधिक फिल्मों का प्रदर्शन होना निश्चित किया गया है। यह जानकारी स्थानीय उत्कल भवन गुमला में प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर चित्रपट के समन्वयक सह मीडिया प्रभारी दीपक कुमार ने दी। उन्होंने कहा कि इस संस्था का मुख्य उद्देश्य क्षेत्रीय सिनेमा को बढ़ावा देना है। झारखंड में बन रही फिल्मों को एवं निर्माताओं को यहां की ऐतिहासिक एवं पौराणिक संस्कृति को पूरे विश्व के पटल पर प्रदर्शित करने के लिए एक साझा मंच तैयार किया जा रहा है। झारखंड के लोक कला एवं लोक कलाकारों को, लोक वाद्यों को संजोने के लिए एवं उनको एक प्लेटफार्म देने के लिए चित्रपट झारखंड के द्वारा पूरे झारखंड में यह प्रयास किया जा रहा है। वहीं फिल्म विधा के माध्यम से राज्य के विभिन्न क्षेत्रों की सांस्कृतिक परंपराओं एवं सामाजिक आधार बनाकर देश की एकता, अखंडता एवं सामाजिक सद्भाव, वसुधैव कुटुंबकम की ओर अग्रसर करना है। उक्त विषय से संबंधित पोस्टर विमोचन भी किया गया। फिल्म फेस्टिवल में जो भी फिल्म निर्माता भाग लेंगे उन्हें झारखंड राज्य से संबंधित होना चाहिए। जो भी फिल्म निर्माता अपनी फिल्म को फिल्म फेस्टिवल में भेजना चाहते हैं वह चित्रपट झारखंड की वेबसाइट पर अपना ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करा लें। फिल्म गूगल ड्राइव लिंक या पेनड्राइव के माध्यम से ही भेजी जा सकती है। फिल्म जमा करने की अंतिम तिथि 15 मई 2023 मध्यरात्रि रखी गई है। जिसमें फिल्म का विषय जनजातीय समाज, वोकल फॉर लोकल, ग्रामीण विकास, पर्यावरण, रोजगार सृजन, झारखंड स्वतंत्रता संग्राम, झारखंड का इतिहास, महिला सशक्तिकरण, सामाजिक सद्भाव, भविष्य का भारत, निश्चित की गई है।

चित्रपट झारखण्ड के विभाग समन्वयक डॉ दीपक प्रसाद ने विषय प्रवेश करते हुए कहा कि झारखण्ड की भाषा, संस्कृति और कला को फिल्मों के माध्यम से आगे बढ़ाने और मनोरंजन के क्षेत्र में रोजगार के अवसर सृजित करने के लिए चित्रपट झारखण्ड का गठन किया गया है।

मौके पर कार्तिक उरांव कॉलेज के प्राध्यापक डॉ दिलीप प्रसाद, मुद्रिका, डॉ राकेश प्रसाद, नृपेंद्र कुमार सेठ, एवं समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## भाजयुमो ने वृंदा पंचायत सचिवालय में लगाया नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर

**भाजयुमो के सामाजिक समरसता और न्याय सप्ताह के तहत आयोजित स्वास्थ्य शिविर का सैकड़ों ग्रामीणों ने उठाया लाभ**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गुमला।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के द्वारा गुमला जिला स्थित वृंदा पंचायत के पंचायत सचिवालय में सामाजिक समरसता और न्याय सप्ताह के तहत ग्रामीणों के बीच नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन सदर अस्पताल के उपाधीक्षक, भाजपा जिला महामंत्री मिसिर कुजूर और जिला परिषद की उपाध्यक्ष संयुक्ता देवी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित शिविर के मुख्य चिकित्सक सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ अनुपम किशोर ने कहा कि ऐसे नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन एक बहुत ही नेक कार्य है। इसके माध्यम से गरीब तबके के ग्रामीण को इसका लाभ मिलता ही है साथ ही चिकित्सकों को भी जनसेवा का कार्य करने का एक बेहतरीन अवसर मिल पाता है। भाजयुमो के द्वारा किया गया यह आयोजन सराहनीय है।

मौके पर भाजयुमो जिलाध्यक्ष रविन्द्र सिन्हा ने कहा कि भाजयुमो के द्वारा सामाजिक समरसता और न्याय सप्ताह के तहत यह नि:शुल्क चिकित्सा शिविर समाज के अंतिम व्यक्ति तक चिकित्सा सुविधा,दवाई और चिकित्सीय परामर्श उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह भाजपा की समाजोपयोगी कार्यक्रम के तहत एक बेहतरीन आयोजन है जिसका लाभ ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को मिला। उन्होंने कहा कि ऐसा कार्यक्रम युवा मोर्चा के द्वारा आगे भी आयोजित किया जाता रहेगा। जिला महामंत्री मिसिर कुजूर ने कहा कि नि:शुल्क शिविर का आयोजन एक पुनीत कार्य है और ऐसे कार्यक्रमों से यह पता चलता है कि भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता सदा समाज के हित की सोचते हैं। ऐसे कार्यक्रम से कार्यकर्ता सबका साथ सबका विकास के मूल मंत्र को सार्थकता प्रदान करते हैं। शिविर को सफल बनाने में भाजयुमो के जिला महामंत्री संदीप कुमार, उपाध्यक्ष कौशल साहू, नीरज सिंह,विजय कुमार, सूरज कुमार सिंह सहित अनेक कार्यकताओं का सहयोग रहा। इस दौरान लगभग 100 ग्रामीणों ने नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का लाभ प्राप्त किया।

## भविष्य में पूरे प्रखंड को पानी मुहैया करानेवाले गांव में पानी की भारी किल्लत

**पानी की जुगत में रात के अंधेरे में निकलतीं हैं घर की महिलाएं**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**सिसई।** मुख्यालय से करीब 13 किमी दूर बसा रड़वा पंचायत का पोढ़ा गांव जहां करीब तीन सौ परिवार के लगभग बारह सौ लोग रहते हैं। यहां पीने के पानी के लिए गांव की महिलाएं रात के अंधेरे में दो बजे घर से निकलकर कुएं में पानी भरने जाती हैं। कारण है कि अगर रात में पानी न भरा जाए तो सुबह तक कुएं में पानी ही नहीं बचेगा।

गांव के रोहित साहू, संदीप, अर्णव, बसंत, छोटू साहू, सुनील साहू, करमचंद, परमेश्वर, अर्जून, नागेन्द्र, ललिता देवी, महलीन देवी, रुकमनी देवी, हेमा देवी, अंगनी देवी, सुनीता कुमारी सहित कई ग्रामीणों का कहना है कि गांव के लगभग सभी चापाकल व जल मिनार गर्मी शुरू होते ही सुख चुके या खराब पड़े हुए हैं, कई बार पीएचईडी विभाग के अभियंता को चापाकल मरम्मती कराने की गुहार लगाई गई है, किन्तु विभाग द्वारा मिस्त्री व वाहन नहीं होने की बात कहकर टाल दिया जाता है। ग्रामीणों को पीने का पानी नहीं मिलने से लोग परेशान हैं। पानी के लिए लोग गांव के इक्के-दुक्के कुओं पर आश्रित हैं, किन्तु कुएं भी सुखने की कागार पर पहुंच चुके हैं। गांव की महिलाएं रात के अंधेरे में खतरा उठाकर पानी लाने को मजबूर हैं।

रेड़वा पंचायत की पंसस कल्याणी कुमारी ने बताया कि पंचायत के सभी राजस्व गांव में पेयजल की भारी समस्या है, पेयजल विभाग को इसकी सूचना होने के बावजूद इस पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने संबंधित विभाग व प्रखंड प्रशासन से बढ़ती गर्मी में पानी की किल्लत को दूर करने के लिए जल्द से जल्द ठोस कदम उठाने का आग्रह किया है।

बताते चलें कि हर घर नल जल योजना के तहत प्रखंड के 18 पंचायतों में से 15 पंचायत में जलापूर्ति के लिए पोढ़ा गांव के कोयल नदी पर पानी की सप्लाई के लिए करोड़ों रुपए की महत्वाकांक्षी योजना वर्तमान में निमार्णाधीन है।

**कार्यक्रम :** पायोनियर कंप्यूटर सेंटर के फाउंडेशन डे पर 30 विद्यार्थियों के बीच टैबलेट का वितरण

# कंप्यूटर शिक्षा हर एक पेशे का एक अभिन्न अंग : विधायक भूषण बाड़ा

**टैबलेट टेक्नोसिस एजुकेशन बिलासपुर के तहत आयोजित परीक्षा में सफल छात्रों को दिया गया है : संचालक राहुल कुमार**

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**सिमडेगा।** पायोनियर कंप्यूटर सेंटर में रविवार को फाउंडेशन डे सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। मौके पर डांस प्रतियोगिता भी हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी के इस युग कंप्यूटर शिक्षा हर एक पेशे का एक अभिन्न अंग बन गया है। कंप्यूटर शिक्षा इन दिनों हमारे जीवन के लगभग हर क्षेत्र पर हावी हो रहे हैं। इससे अब पीछे हटना संभव नहीं है। पायोनियर कंप्यूटर सेंटर वर्षों से कम खर्च पर जिले के गरीब से गरीब छात्रों को कंप्यूटर ज्ञान दे रहा है जो सराहनीय है। यहां से पढ़कर आज कई युवा विभिन्न विभागों में नौकरी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कंप्यूटर ज्ञान को बढ़ावा देने के लिए वे हरसंभव मदद करेंगे। मौके पर विधायक सहित पाकरटांड़ जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने सेंटर की 30 छात्रों के बीच टैबलेट का वितरण किया।

संचालक राहुल कुमार ने बताया कि टैबलेट टेक्नोसिस एजुकेशन बिलासपुर के तहत आयोजित परीक्षा में सफल छात्रों को दिया गया है। प्रतियोगिता में जज के रूप में जिप सदस्य जोसिमा खाखा, प्रीति नूर कुल्लू उपस्थित थे। प्रतियोगिता में सुमन ग्रुप को प्रथम, लक्ष्मी ग्रुप को द्वितीय तथा आरती ग्रुप को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। सभी को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मौके पर कांग्रेस के जिला प्रवक्ता रणधीर रंजन, मो अरमान, शिक्षक अरुण शर्मा, ललिता, प्रीति नूर कुल्लू, मणि कुमारी सिंह आदि उपस्थित थे।

### जिले की शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने में लगे हैं भूषण बाड़ा : जोसिमा खाखा

**मौके पर जोसिमा खाखा ने सभी विद्यार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। साथ ही आगे बढ़ने का सन्देश दिया। उन्होंने कहा कि विधायक भूषण बाड़ा की पहल पर जिले की शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त किया जा रहा है। विधायक के अपने मद से कई स्कूलों में पुस्तक सहित अन्य पाठ्य सामग्री का वितरण किया जाएगा। इसके लिए निविदा भी निकाली जा चुकी है। इसके बाद शिक्षा व्यवस्था और अधिक मजबूत होगी। वहीं गरीब बच्चों को विभिन्न तरह की पुस्तकें आसानी से उपलब्ध होंगी।**

## कुआं धंसने से हुई एक मजदूर की मौत

**सिसई (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के डाड़हा गांव में कुआं धंसने से एक मजदूर की मौत हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार भरनो थाना क्षेत्र के भड़गांव तेतराटोली गांव के मांगा उरांव (42) डाड़हा के सुनील साहू के सड़क अधिग्रहण में अधिग्रहित पुराने बने कुआं से पत्थर निकालने का काम कर रहा था। इसी दौरान ऊपर से मिट्टी धंसने से मांगा उरांव के दबने से उसकी मृत्यु घटनास्थल पर ही हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। जहां परिजन मुआवजे की मांग को लेकर अड़े थे। जिसके बाद कुआं मालिक सुनील साहू ने 2 लाख 20 हजार मुआवजा देने की बात कही। अंतिम संस्कार के लिए तत्काल 20 हजार रुपये दिये गये और 15 दिन के अंदर दो लाख देने की बात कही।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## घाघरा के आदर गांव में सरना संचालन समिति ने धूमधाम से मनाया सरहुल पर्व



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के आदर गांव में सरना संचालन समिति द्वारा सरहुल पर्व रविवार को धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में सरना टांड़ से शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा गांव के विभिन्न चौक-चौराहा टोला होते हुए आदर्श बाजार के समीप पहुंच सभा में तब्दील हो गई। वहीं कार्यक्रम में सीआरपीएफ डीआईजी रविंद्र भगत, बिशुनपुर विधानसभा विधायक प्रतिनिधि संजय उरांव, प्रखंड प्रमुख सविता देवी, विधायक प्रतिनिधि संजीव उरांव, बिशनपुर विधायक की धर्मपत्नी ललिता लिंडा, जतरु उरांव, अतिथि के रूप से शामिल हुए। सैकड़ों खोड़हा दल मंच के समीप पारंपरिक नृत्य गीत कर मंचन किया। जहां अतिथियो द्वारा एक एक ड्राम देकर सभी खोड़हा दल को पुरस्कृत किया गया। मौके पर उपस्थित लोगों में चंद्रदेव उरांव, कृष्णा कुमार लोहरा, राजू उरांव, श्याम साहू, बादल राम, लाल साहू, सनिया उरांव, संजय उरांव सहित हजारों लोग उपस्थित थे।

## संत जॉन कैथोलिक चर्च में 80 कलीसिया बच्चों को दिया गया प्रथम परम प्रसाद



**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** चैनपुर के संत जॉन कैथोलिक चर्च में रविवार को पवित्र अनुष्ठान के साथ चैनपुर पल्ली के 80 कलीसिया बच्चों को प्रथम परम प्रसाद संस्कार दिया गया। मुख्य अधिष्ठाता चैनपुर पारिस के डीन फादर रजत एक्का की अगुवाई में पवित्र मिस्सा पूजा कराया गया। फादर डीन रजत एक्का ने कहा कि बच्चों का ईश्वर से संबंध जोड़ने के लिए परम प्रसाद ग्रहण कराया जाता है ईश्वर में अटूट आस्था रखने और ईशवरीय संस्कार पैदा करने के उद्देश्य से परम प्रसाद बच्चों को देना आवश्यक होता है। परम प्रसाद से ही बच्चों में धर्म का बीजारोपण भी होता है। उन्होंने आगे कहा कि परम प्रसाद ग्रहण करने वाले बच्चे प्रभु यीशु के बताए मार्ग का अनुकरण करें। इससे पूर्व मिस्सा बलिदान उद्घाटन किया गया। मौके पर फादर सुमन, डीकन डेविड कई पुरोहित एवं धर्म बहनें सहित सैकड़ों की संख्या में धर्म विश्वासी उपस्थित रहे।

## रोमन कैथोलिक नवाडीह चर्च में प्रथम परम प्रसाद कार्यक्रम आयोजित

**डुमरी (आजाद सिपाही)।** रोमन कैथोलिक नवाडीह चर्च परिसर में रविवार को प्रथम परम प्रसाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अनुष्ठता के रूप में पल्ली पुरोहित फादर पिंगल कुजूर द्वारा पवित्र मिस्सा पूजा कराया गया। मुख्य अनुष्ठाता ने कहा कि आज के दिन को उजाला या करुणा रविवार कहा जाता है, जहां आज 46 बच्चों को प्रथम परम प्रसाद दिया गया। मौके पर फादर अंसेलम कुजूर, फादर ब्यातुस किंडो, फादर बिलियन डुंगडुंग सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## प्रदान संस्था ने आर्या पंचायत के सकेया ग्राम में दिया व्यापक आजीविका प्रशिक्षण



**बसिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के आर्या पंचायत के सकेया ग्राम में प्रदान संस्था द्वारा व्यापक आजीविका प्रशिक्षण किया गया। इस प्रशिक्षण में गांव से जुड़ी सभी समस्याओं और उनके निदान के उपाय तथा ग्राम सभा सशक्तिकरण एवं व्यापक आजीविका प्रशिक्षण के इस कार्यक्रम में रांची के आराकेरम गांव के बदलाव को वीडियो के माध्यम से दिखाया गया। जिसके बाद अपने गांव को आदर्श ग्राम बनाने के बारे में विस्तृत चर्चा की गयी। जिसमें गांव से जुड़े सभी छोटी बड़ी समस्याओं और उनके निराकरण के उपायों को समय के प्राथमिकता के आधार पर वगीर्कृत किया गया। कार्यक्रम में ग्राम स्तर पर स्वास्थ्य समिति, विकास और निर्माण समिति, पर्यावरण समिति, स्वच्छता समिति, कृषि समिती एवं शिक्षा समिति का गठन किया गया। कार्यक्रम में सकेया के ग्राम प्रधान फ्लोरेंस कुजूर, वार्ड सदस्य बेरनादेत टोप्पो, पूर्व वार्ड सदस्य नीलमणि टोप्पो, जल सहिया सावित्री देवी, कोषाध्यक्ष मेरी पुष्पा कुजूर, सदस्य अजय टोप्पो, प्रदान संस्था से अंकित कुमार, मधुप्रिया कुमारी, सुमित श्रीवास्तव, शिवचरण गोप समेत स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थे।

## क्षत्रिय महासंघ गुमला ने कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए किया प्रचार-प्रसार



**भरनो (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासंघ गुमला जिला द्वारा रविवार को भरनो प्रखण्ड के विभिन्न गांव का दौरा कर समाज के लोगो के साथ बैठक कर आगामी 23 अप्रैल को गुमला में आयोजित वीर कुंवर सिंह जयंती और आगामी 25 अप्रैल को रांची के हरमू में बाबू वीर कुंवर सिंह पार्क में बने आदमकद वीर कुंवर सिंह के प्रतिमा का अनावरण कार्यक्रम को लेकर जनसम्पर्क अभियान चलाकर प्रचार प्रसार किया गया। इस दौरान क्षत्रिय समाज के प्रदेश महामंत्री सूरजदेव सिंह, गुमला जिला अध्यक्ष जगनारायण सिंह, प्रवक्ता देवकुमार सिंह, सचिव सन्तनु सिंह, सिसई प्रखंड कोषाध्यक्ष अरुण नारायण सिंह के नेतृत्व में भरनो प्रखंड के दतिया, डूडीया, जिरहुल, भरनो, अमलीया, खरका, खुखरा आदि गांवों में बैठक कर समाज के लोगों को एकजुट करते हुए उन्हें जागृत होने और अपने समाज के प्रति सजग होने का आहवान किया गया। साथ ही क्षत्रिय समाज के लोगो से इस कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की गई। मौके पर प्रेम कुमार सिंह, शिव शंकर सिंह, सुदर्शन सिंह, राजदेव सिंह, जगजीवन सिंह, राजकुमार सिंह, नागेश्वर सिंह, दिलीप सिंह, रामकुमार सिंह, हरि किशुन सिंह, राधा सिंह, दीपक सिंह, दिगम्बर सिंह, मदन सिंह, जितेंद्र सिंह समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## हुसैनाबाद के बेनिखुर्द गांव में लक्ष्मी नारायण महायज्ञ की तैयारी जोरों पर



आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** प्रखंड के दरुआ बेनी पंचायत के बेनी खुर्द गांव में श्री सांबसदा शिव बागेश्वर महादेव प्राण प्रतिष्ठा सह श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ की तैयारी जोरों पर है। इसकी सफलता को लेकर सदस्यों ने रविवार को बैठक की। महायज्ञ कमेटी के अध्यक्ष रंजीत कुमार सिंह ने तैयारियों को लेकर अवगत कराया। यज्ञ कमेटी के संरक्षक विनोद कुमार सिंह ने सदस्यों के साथ विशेष चर्चा करते हुए महायज्ञ की सफलता को लेकर की जा रही तैयारियां व प्रचार-प्रसार पर बातचीत की। वहीं, समिति के अध्यक्ष रंजीत कुमार सिंह ने बताया कि यह महानुष्ठान पूज्य श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज के सानिध्य में पूरी की जाएगी। यज्ञ के प्रारंभिक दौर में 28 अप्रैल को भव्य जलयात्रा, वेदी निर्माण, 29 को पंचांग पूजन, मंडप प्रवेश, अरणी मंथन, हवन कर्म कुटी जलाधिवाश, 30 अप्रैल को मंडप पूजन, हवन, 1 मई को मंदिर संस्कार, 2 मई को देव स्नपन, नेत्रोंनिम्लन, नगर भ्रमण व 3 मई को भगवान बागेश्वर महादेव का प्राण प्रतिष्ठा के साथ भंडारा व संत महात्माओं के विदाई के साथ संपन्न कराया जाएगा। इस मौके पर कृत नारायण सिंह, नरेंद्र प्रसाद सिंह, अखिलेश कुमार सिंह, कृष्णा सिंह, संजय सिंह, ओम प्रकाश सिंह, राकेश सिंह, मेघनाथ सिंह, अभिमन्यु सिंह और कैलेंद्र सिंह आदि मौजूद थे।

### स्वच्छ गंगा मिशन के तहत मेदिनीनगर का चयन ऐतिहासिक

# अयोध्या की तर्ज पर सजेगा कोयल तट : अरुणा शंकर

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नगर निगम की महापौर अरुणा शंकर ने खुशी जाहिर करते हुए बताया कि हमारा शहर और आसपास के क्षेत्र जो पानी के लिए जूझ रहे है। प्रतिदिन पानी का स्तर नीचे जा रहा है। जिसके स्थाई समाधान के लिए मैं लगातार कोयल में मिनी बांध बांधने की मांग कर रही थी। इसके लिए निगम बोर्ड की ओर से पारित पत्र झारखंड सरकार को भी लिखी हूं। लगे हाथ भारत सरकार के स्वच्छ गंगा मिशन के तहत इस योजना को लेने की मांग करते हुए पलामू सांसद वीडी राम से भी अनुरोध की थी। मुझे यह बताते हुए हर्ष हो रहा है कि शनिवार को



सौंदर्यीकरण की प्रतिकात्मक तस्वीर।

ही भारत सरकार के राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के निदेशक जनरल जी अशोक कुमार का पत्र मिला जिसमें भारत के चुनिंदा शहरों में एक स्वच्छ गंगा मिशन के तहत मेदिनीनगर नगर निगम के अंतर्गत आने वाले कोयल तट का भी चुनाव किया गया है। जिसके लिए सांसद वीडी राम, भारत सरकार एवं झारखंड सरकार को बधाई देती हूं। महापौर ने बताया कि सिर्फ मिनी बांध पानी संचय करने के लिए मांग रही थी, ताकि शहर में पानी का स्तर आ जाए। जानवर भी पानी पी सके। खेत भी सिंचित हो, लेकिन भारत सरकार ने तो स्वच्छ गंगा मिशन के तहत अयोध्या की तर्ज पर कोयल के दोनों तट को मिलो तक सजाने, कई स्तर पर निगम क्षेत्र में कोयल को बांधने के साथ-साथ सुंदरीकरण का ऐतिहासिक प्रोजेक्ट की स्वीकृति प्रदान कर मेदिनीनगर नगर निगम को बहुत बड़ा तोहफा दिया है जिसके लिए पूरे निगम वासियों को ओर से केंद्र सरकार को बधाई देती हूं। महापौर ने कहा कि इस योजना से हमारे शहर का सम्मान भी बढ़ेगा और पानी की किल्लत भी दूर होगी।

## एके सिंह कॉलेज में छात्र सेमिनार का आयोजन




**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** जपला एके सिंह कॉलेज में अंबेडकर जयंती पर शनिवार को एकेडमिक इंचार्ज सह आइक्यूएसी समन्वयक डॉ राम सुभग सिंह की अध्यक्षता में छात्र सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर राजेश कुमार सिंह और डॉ आलोक रंजन कुमार ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में 50 से अधिक छात्र-छात्राएं मौजूद थीं। छात्र सेमिनार में सिर्फ छात्र-छात्राएं ही वक्ता थे। जिसमें शीतल कुमारी, दिव्या कुमारी, आरुषि कुमारी, बंकटेश कुमार, बबलू कुमार, आलोक कुमार, अतुल कुमार, सेजल कुमारी आदि ने बाबा साहब के प्रति अपने विचारों को व्यक्त किया। अपने अध्यक्षीय संबोधन में डॉ राम सुभग सिंह ने कहा कि छात्र-छात्राओं ने बहुत अच्छा भाषण दिया। कहा कि डॉ अंबेडकर सिर्फ दलितों के ही नेता नहीं थे, बल्कि सच्चे अर्थों में आधुनिक भारतीय राष्ट्र के निर्माता भी थे। उन्होंने दलितों, किसानों, मजदूरों और महिलाओं के उत्थान एवं मुक्ति के लिए प्रयास किया। शिक्षा पर जोर देते हुए उन्होंने कहा था कि 'शिक्षा शेरनी का दूध है, जो पियेगा, वह दहाड़ेगा'। बाबासाहब राजकीय समाजवाद के पक्षधर थे। कार्यक्रम में प्रोफेसर शशि भूषण सिंह और प्रोफेसर अरुण कुमार सिंह भी उपस्थित थे।

## अपनी जान दे देंगे लेकिन बिना उचित मुआवजा के जमीन नहीं देंगे : रैयत

आजाद सिपाही संवाददाता



**विश्रामपुर/पलामू।** विश्रामपुर अंचल के शंखा गांव से लेकर भोगु गांव तक के भूखंड का मुआवजा आवासीय दर के बजाए कृषि दर से भूअर्जन विभाग द्वारा निर्धारित किए जाने के विरोध में दर्जन भर गांव के ग्रामीणों ने तीन सूत्री मांगों के समर्थन में रविवार को एक दिवसीय धरना दिया। फोरलेन बाईपास सड़क किनारे शंखा गांव में आयोजित धरना की अध्यक्षता किसान नेता सह वरिष्ठ समाजसेवी नंददेव यादव ने किया। जिसमें सर्वसम्मति से प्रस्तावित फोरलेन सड़क निर्माण में प्रभावित भूरैयत ने एनएचआई और मुआवजा भुगतान करनेवाले सरकारी एजेंसी भूअर्जन विभाग से आवासीय दर पर ही हर हाल में मुआवजा लेने के लिए एकजुट होकर आगे बढ़ने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि स्वच्छ भारत मिशन के प्रांतीय सह संयोजक रविंद्रनाथ उपाध्याय व विशिष्ट अतिथि एएनएम जीएनएम संघ के प्रतिनिधि इदरीश हवारी उपस्थित थे। रविंद्रनाथ ने रैयत समूह को कतिपय क्षदमभेषी नेता द्वारा फोरलेन में जा रही जमीन के मुआवजा के नाम पर रैयत को दिखाए जा रहे सब्जबाग से सतर्क रहने का आग्रह किया। वहीं किसान नेता नंददेव यादव ने रैयत से दो टूक शब्दों में कहा कि वाजिब मुआवजा दिलाने के लिए सड़क से न्यायालय तक फरियाद करेंगे। प्रभावित भूरैयत से एक पाई भी चंदा लिए बिना हाई कोर्ट तक जायेंगे। धरना में रैयतों द्वारा कई प्रस्ताव पारित किया गया। जिसमें सांसद और विधायक को मांगों का ज्ञापन देकर उनका समर्थन और सहयोग लेने, रांची उच्च न्यायालय में रिट दायर कर भूरैयत का वाजिब मुआवजा दिलाने, जमीन अधिग्रहण किए जा रहे बेरोजगार और जरूरतमंद भूरैयत को सड़क निर्माण एजेंसी और जिला प्रशासन रोजगार मुहैया कराना आदि शामिल है। इस मौके पर मुखिया संघ अध्यक्ष रोहित तिवारी, ओंकार सिंह,अनूप कुमार सिंह, रविरंजन सिंह, कृष्णा तिवारी, मुश्ताक खान, रिटायर्ड जीएम रमाकांत चंद्रवंशी, सोयब साह, उमत रसूल साह आदि मौजूद थे।

## कोई भी कंठ प्यासा ना रहे: महापौर

**भीषण गर्मी को देखते हुए जयंट्स ग्रुप एवं मारवाड़ी युवा मंच ने खोला पंशाला**

आजाद सिपाही संवाददाता




**मेदिनीनगर।** नगर निगम की महापौर अरुणा शंकर के आग्रह पर शहर के दो और अग्रणी सामाजिक संगठन जायंट्स ग्रुप ऑफ डालटेनगंज एवं मारवाड़ी युवा मंच ने पंशाला खोल एक बार फिर समाज के लिए समर्पित भावना से कार्य किया है। जायंट्स ग्रुप ऑफ डालटेनगंज का पनसाल्ला होटल निरवाना के समीप शुभारंभ करते हुए महापौर अरुणा शंकर ने कहा कि मुझे बेहद खुशी है कि आज भी हमारा शहर जिंदा है। जहां भी समाज की आवश्यकता होती है सारे सामाजिक संगठन एक होकर कार्य करते है। तभी हम लोगों ने कोरोना जैसी महामारी के समय में भी सभी संगठनों के सहयोग से लड़ाई कर विजय पाई थी। आज भी पानी की अति आवश्यकता है। हमारे शहर में प्रतिदिन रात को लगभग डेढ़ लाख लोग सोते है और सुबह दो लाख लोग जगते हैं। प्रतिदिन ग्रामीण क्षेत्र से 50 हजार के आसपास पापुलेशन शहर में आता है जो पंशाला पर निर्भर होते है। जहां जायंट्स ग्रुप द्वारा चना, गुड़ के साथ लोगों को पानी पिलाया जा रहा है। वहीं मारवाड़ी युवा मंच के सौजन्य से ललित उदयपुरिया के निवास राहुल ऑटो कनीराम चौक राजेश शंघाई के आवास, किशोरी लाल के दुकानों पर पंशाला का शुभारंभ ललित उदयपुरिया की ओर से की गई जो बधाई के पात्र हैं। महापौर ने और भी संगठन से अनुरोध किया है कि गर्मी भयावह है लोग आगे आकर जन सेवा में लगे कोई भी कंठ प्यासा ना रहे।

## झगरुआ में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर नगर परिषद के झगरुआ गांव में संविधान निमार्ता डॉ भीम राव अंबेडकर की जयंती पर सांकृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मिशन गायक विकाश गौतम, शोनी भारती व राकेश कुमार ने एक से बढ़कर एक बाबा साहब पर आधारित गाना गाया। इससे पहले अतिथियों ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। इसके बाद कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि बसपा के प्रदेश अध्यक्ष राजन मेहता, वरीय कांग्रेसी नेता अमृत शुक्ला, जिला पार्षद विजय रविदास, वरीय बसपा नेता गोपाल राम, भाजपा नेता डॉ वीपी शुक्ला, मुंशी प्रसाद गुप्ता व भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम ने संयुक्त रूप से किया। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता अंबेडकर विचार कमेटी के अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार एवं संचालन समाजसेवी संतोष राम ने किया। सभी अतिथियों ने बाबा साहेब के जीवन पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। इस मौके पर साबिर अंसारी, महेंद्र राम, अंबेडकर विचार कमेटी के उपाध्यक्ष उपेंद्र कुमार, सचिव कमलेश कुमार, कोषाध्यक्ष शशिकांत कुमार, उप कोषाध्यक्ष प्रभात कुमार, संरक्षक राम पूजन राम, महासचिव जयप्रकाश राम, मीडिया प्रभारी विमलेश कुमार, उपसचिव कंचन कुमार, सदस्य रंजीत कुमार, राकेश कुमार, सुरेंद्र कुमार, आदित्य कुमार, रामजन्म राम सहित कई लोग मौजूद थे।

## सुरेंद्र सिंह बने पांकी विधायक प्रतिनिधि



**पांकी/पलामू (आजाद सिपाही)।** पांकी प्रखंड क्षेत्र के सुरेंद्र सिंह को पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने प्रखंड का विधायक प्रतिनिधि मनोनीत किया है। उन्हें अपने आवास पर नियुक्ति पत्र सौंपा। वहीं, सुरेंद्र सिंह ने कहा कि विधायक जी ने मुझपर जो भरोसा दिखाकर अपना प्रतिनिधि बनाया है। मैं उनके भरोसे पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करूंगा। मौके पर सुनील प्रसाद गुप्ता, मनोज सिन्हा, समाजसेवी अरविंद सिंह, रोशन सिंह आदि मौजूद थे।

## विद्या विहार पब्लिक स्कूल ने जीती टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** तोरपा क्रिकेट अकादमी के तत्वावधान में स्कूल स्तरीय टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन शनिवार को किया गया। जिसका उद्देश्य स्कूल स्तर के प्रतिभावान खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करना और तोरपा क्रिकेट अकादमी में निःशुल्क प्रशिक्षण देना है। टूर्नामेंट में सता टीमों ने हिस्सा लिया। फाइनल मुकाबला महात्मा एनडी ग्रोवर डीएवी स्कूल तोरपा और विद्या विहार गरई रनिया के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए तोरपा महात्मा एनडी ग्रोवर डीएवी ने 10 ओवर में 10 विकेट खोकर 35 रन बनाए। जवाब में रनिया विद्या विहार 23 रन पर ही सिमय गई। इस तरह तोरपा महात्मा एनडी ग्रोवर डीएवी 12 रन से मैच जीत कर खिताब अपने नाम किया। वहीं, कार्यक्रम में उपस्थित तोरपा थाना प्रभारी मनीष कुमार गुप्ता ने कहा कि हॉकी और फुटबॉल के नाम से मशहूर तोरपा और रनिया जैसी जगह में स्कूली बच्चों में क्रिकेट के प्रति रुझान देखकर अच्छा लगा। तोरपा क्रिकेट अकादमी बधाई का पात्र है कि गांव स्तर के खिलाड़ियों को मंच देने का सफल प्रयास कर रही है। विजेता टीम कों 5100 रुपये और उप विजेता को 2100 रुपये नकद पुरस्कर व कप दिया गया। अंकित कुमार को मैन ऑफ द सीरीज चुना गया। वहीं, आयोजन समिति में विशाल कुमार, ऋषभ षाड़ंगी, अभिषेक कुमार, रौनक षाड़ंगी, सौरव शर्मा, अनीश होरो के अलावा सतीश शर्मा, अजीत जयसवाल, दीपक तिग्गा, विनायक विक्रम, प्रवीण कुमार, विपिन कर, शैलेश रथे, उमेश नाग, ज्ञान हंस ओझा, देवशरण यादव, संजय साहू, विकासा साहू, राजेश नायक, निखिल साहू, सोनू तिग्गा, स्कूल नायक, बसंत बड़ाईक, गौतम भुइयां, आदि उपस्थित थे।

## निवर्तमान वार्ड पार्षद की इफ्तार पार्टी में शामिल हुए हिंदू समाज के भी लोग



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर नगर परिषद अंतर्गत वार्ड 19 के निवर्तमान पार्षद सलीमुदीन अंसारी ने अपने कोशियार स्थित आवास पर रविवार को इफ्तार पार्टी का आयोजन किया। जिसमें विश्रामपुर नगर परिषद के मुस्लिम रोजेदारों के अलावा काफी संख्या में हिंदू समाज के लोग भी शामिल हुए। इफ्तार के बाद रोजेदारों ने नमाज अदा कर अमन व शांति की दुआ मांगी। इफ्तार पार्टी में बतौर मुख्य अतिथि वरीय समाजसेवी सह बसपा नेता अभिमन्यु सिंह उर्फ बबलू सिंह शामिल हुए। इफ्तार के बाद उन्होंने कहा कि रमजान का पाक माह चल रहा है। रमजान हमें अमन और भाईचारे का संदेश देता है। इस संदेश को समझते हुए आपसी सौहार्द को और विकसित करने की जरूरत है। इफ्तार पार्टी में नप के निवर्तमान अध्यक्ष हलीमा बीबी, वरीय बसपा नेता नईमुद्दीन अंसारी, श्याम बिहारी विश्वकर्मा, अनीश अंसारी, प्रवीन सिंह, राहुल दूबे, उस्मान अंसारी, नाजमुदिन नूरी, इरशाद अहमद, अकबर अली, सुदामा राम, रामजी यादव, चंदन चंद्रवंशी, दीपक कुमार, बालकेश यादव, बच्चन मेहता, दिनेश यादव, शिवनाथ बैगा, कमरोज आलम, सफी आलम, जलालुदीन सिद्दकी, हेसामुदीन अंसारी, इम्तियाज अहमद, शिवनाथ पासवान, राजेश मेहता, शुहैल अंसारी, एमडी रसूल, रोज मुहम्मद, कुतबुदीन अंसारी, मास्टर रसीद अंसारी, सफीक अंसारी, महमूद अंसारी सहित कई लोग शामिल हुए।

## हुसैनाबाद में ईद उल फितर के नमाज का समय मुकर्रर



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** गुलाम मो अमीन अली खां के हुसैनाबाद स्थित आवास पर रविवार को बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता एजाज हुसैन उर्फ छेदी खां और संचालन वार्ड पार्षद सुहैल आलम ने किया। हुसैनाबाद के मुख्य ईद गाह में नमाज के समय को लेकर चर्चा की गई। सर्वसम्मति से हुसैनाबाद के मुख्य ईदगाह में ईद उल फितर की नमाज सुबह 7.30 बजे पढ़ने का निर्णय लिया गया। जबकि चिक टोली स्थित नूरी मस्जिद में सुबह 7.45 बजे, इस्लामगंज मस्जिद में सुबह आठ बजे नमाज पढ़ी जाएगी। इस मौके पर मोहिउद्दीन अंसारी, नगर पंचायत उपाध्यक्ष ग्यास-उद्दीन सिद्दीकी, सोएब अहमद खलीफा, डॉ मन्नान खान, इजहार अंसारी, सहायत अंसारी, शमीम कुरैशी, कयामुद्दीन अंसारी आदि मौजूद थे।

# स्पोर्ट्स



मुंबई के वानखेडे स्टेडियम में खेले गए तीसरे सुपर संडे के पहले मैच में मुंबई इंडियंस ने कोलकाता नाइट राइडर्स को पांच विकेट से हरा दिया। केकेआर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 185 रन बनाए थे, जिसे मुंबई ने 17.5 बॉल में ही हासिल कर लिया।

### एमआइ ने केकेआर को 23वीं बार हराया, अय्यर के शतक पर भारी पड़ा ईशान का अर्धशतक

आइपीएल-16

# केकेआर पर मुंबई इंडियंस की पांच विकेट से धमाकेदार जीत

एजेंसी



**मुंबई।** इंडियन प्रीमियर लीग (आइपीएल) के 16वें संस्करण में वानखेड़े के मैदान पर रविवार को खेले गए तीसरे सुपर संडे के पहले मैच में एक बेहद रोमांचक मुकाबले में पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस (एमआइ) ने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) पांच विकेट से हरा दिया है। यह एमआइ की केकेआर पर 23वीं जीत है। दोनों के बीच अब तक 32 मैच खेले गए हैं। मौजूदा सीजन की बात करें तो यह मुंबई की लगातार दूसरी जीत है। टीम पॉइंट्स टेबल के 8वें नंबर पर है। अपने होम ग्राउंड पर मुंबई ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला लिया। कोलकाता ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट पर 185 रन बनाए। 186 रन का लक्ष्य मुंबई इंडियंस के बल्लेबाजों ने 17.4 ओवर में 5 विकेट पर ही हासिल कर लिया।

### भारी पड़ी ईशान की पारी

ईशान किशन ने 25 गेंद पर 58 रन की तूफानी पारी खेली। यह पारी वेंकटेश अय्यर के शतक पर भारी पड़ गई। ईशान ने रोहित के साथ 29 गेंद में 65 रन की विस्फोटक ओपनिंग साझेदारी कर आधा काम कर दिया। बचा हुआ काम सूर्या और तिलक वर्मा की अर्धशतकीय साझेदारी ने कर दिया। तिलक वर्मा ने 25 बॉल पर 30 और सूर्यकुमार ने 25 बॉल पर 43 रन बनाए।

### पावरप्ले में मुंबई की तूफानी शुरूआत

पावरप्ले में मुंबई ने तूफानी शुरूआत की। इम्पैक्ट प्लेयर रोहित शर्मा और ईशान किशन की जोड़ी ने 29 गेंद पर 65 रन की ओपनिंग साझेदारी की। यहां रोहित शर्मा 20 रन बनाकर आउट हुए। वे इम्पैक्ट प्लेयर के रूप में खेल रहे हैं। सीजन में पहली बार किसी टीम का रेगुलर कप्तान इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर उतरा, हालांकि इस मैच में मुंबई के कप्तान सूर्यकुमार यादव ही कहे जाएंगे, क्योंकि उन्होंने टॉस कराया है।

वहीं, रोहित और ईशान के आउट होने के बाद तिलक वर्मा और सूर्यकुमार यादव ने 38 बॉल पर 60 रनों की अर्धशतकीय साझेदारी की। इस साझेदारी को सुयश ने तिलक को बोल्ड कर तोड़ा। सुयश ने रोहित को बोल्ड कर ओपनिंग साझेदारी भी तोड़ी थी।

### अय्यर के आइपीएल करियर का पहला शतक

मुंबई के वानखेड़े मैदान पर कोलकाता ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट पर 185 रन बनाए। इसमें वेंकटेश अय्यर ने 104 रनों की आक्रमक पारी खेली। लेफ्टी बैटर ने अपनी पारी में 6 चौके और 9 छक्के जमाए। वहीं, मुंबई के ऋतिक शौकीन ने दो विकेट लिए। बतातें चलें कि वेंकटेश अय्यर ने सीजन का दूसरा शतक जमाया है। अय्यर ने 50 बॉल में शतक पूरा किया। उन्होंने 104 रन बनाए। 51 गेंदों की पारी में अय्यर ने 6 चौके और 9 छक्के जमाए। वे केकेआर के लिए शतक जमाने वाले दूसरे बल्लेबाज बने हैं। इससे पहले, ब्रैडन मैकुलम ने पहले सीजन के पहले मुकाबले में 158 रनों की पारी खेली थी। वे मैकुलम के बाद एक पारी में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बने हैं।

### पावरप्ले में कोलकाता ने बनाए 55 प्लस रन

मैच के पहले पावरप्ले में कोलकाता ने 57 रन बनाए, लेकिन टीम को दो झटके भी लगे। जगदीशन जीरो और गुरबाज 5 रन बनाकर पवेलियन लौटे। ऐसे में वेंकटेश अय्यर ने पारी को 50 पार पहुंचाया।

## जिला जज ने किया धनबाद जेल का औचक निरीक्षण, जेल प्रशासन को दिये कई आवश्यक निर्देश

# चार बंदियों को मुक्त करने का आदेश

**बंदियों को दी गई कानून की जानकारी, कानूनी सहायता क्लीनिक का हुआ उद्घाटन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के चेयरमैन सह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राम शर्मा, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी संजय कुमार सिंह, अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कुलदीप मान, अवर न्यायाधीश सह सचिव डालसा निताशा बारला और न्यायिक दंडाधिकारी अंकित कुमार सिंह ने रविवार को धनबाद मंडल कारा का औचक निरीक्षण किया। जेल में कुल 702 दोषसिद्ध व विचाराधीन बंदी मिले। न्यायाधीश ने कारागार के प्रत्येक बैरक में पहुंचकर बंदियों से उनके स्वास्थ्य, इलाज, पेयजल, नास्ता, भोजन व मुकदमे में पैरवी के लिए अधिवक्ता होने-न होने की जानकारी ली। स्वच्छता पर विशेष ध्यान देते हुए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने बंदियों के शौचालयों की साफ-सफाई का निर्देश दिया। कारागार अस्पताल में निरुद्ध बीमार बंदियों के बेहतर इलाज के लिए उन्हें उच्च स्वास्थ्य सेंटर भेजे जाने, शिक्षा एवं रोजगारपरक शिविरों का आयोजन कराकर उन्हें प्रशिक्षित करने का निर्देश दिया। साथ ही महिला बैरक में निरुद्ध कुल 34 महिला बंदियों से मुलाकात कर जिला जज ने उनकी समस्याएं सुनी। निरीक्षण के दौरान अधीक्षक कारागार को निर्देशित किया कि सभी बंदियों का वर्तमान डेटा जेल के पैरा लीगल वालेंटियर (विधिक स्वंयसेवक) के माध्यम से कम्प्यूटर पर फीड कराया जाए। निरूद्ध सभी महिला बंदी स्वस्थ्य पायी गयीं। कुछ महिला बंदियों के साथ बच्चे भी रह रहे हैं। बच्चों व उनके स्वास्थ्य का विशेष देखभाल रखने व उन्हें पोषण युक्त भोजन दिये जाने का भी निर्देश दिया। जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने चिकित्सा सुविधाओं, पुस्तकालय, रसोई घर, वहां तैयार हो रहे भोजन, व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र और ध्यान-सह-योग केंद्र में सुविधाओं का जायजा लिया। कहा कि प्रशासन की ओर से किसी भी तरह की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

दूसरी ओर, रविवार को मंडल कारा धनबाद में जेल अदालत का भी आयोजन किया गया। जेल अदालत में रेलवे के न्यायिक दंडाधिकारी अंकित कुमार सिंह द्वारा चार बंदी सोनू हसन, शंकर कोल, दीनानाथ चौहान एवं इंदिरा भूईया को मुक्त करने का आदेश दिया। इस मौके पर जेल अधीक्षक अजय कुमार, डिप्टी जेलर मुस्तकीम अंसारी, एलडीसीएस के चीफ डॉक्टर कुमार विमलेंदु, डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट, एलएडीसीएस के असिस्टेंट काउंसिल नीरज गोयल, सुमन पाठक, कन्हैया लाल ठाकुर, शैलेंद्र झा, मुस्कान चोपड़ा, स्वाति कुमारी, डालसा सहायक अरुण कुमार, सौरव सरकार, पीएलबी जैनेन्द्र सिंह, शिव शंकर रेलवे कोर्ट के सहायक अजय कुमार उपस्थित थे।


धनबाद मंडल कारा का निरीक्षण करने पहुंचे जिला जज व अन्य।


जेल में आयोजित विधिक जागरूकता शिविर में उपस्थित जिला जज।

### जेल में बंदियों को दी गयी कानून की जानकारी

इसके पूर्व मंडल कारा धनबाद में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राम शर्मा, मुख्य दंडाधिकारी संजय कुमार सिंह, एलएडीसीएस के चीफ डॉक्टर कुमार विमलेंदु ने बंदियों के अधिकार, जमानत संबंधी प्रावधान व प्ली बारगेनिंग अधिनियम के बारे में जानकारी दी। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राम शर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम की स्थापना की गई है। इसमें ऐसे बंदी जो अपना अधिवक्ता स्वयं करने में आर्थिक रूप से असमर्थ हैं उनके मुकदमे की नि:शुल्क पैरवी के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार में चीफ, डिप्टी चीफ व असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल की नियुक्ति की गई है। उन्होंने जेल प्रशासन को निर्देशित किया कि बंदियों की समस्याओं के समाधान के लिए लीगल एड डिफेंस काउंसिल से नि:शुल्क विधिक सहायता प्राप्त करें इसके लिए बंदी आवेदन जिला विधिक सेवा प्राधिकार को भेजें।

### कानूनी सहायता क्लिनिक का उद्घाटन

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने रविवार को धनबाद जेल के अंदर कानूनी सहायता क्लीनिक का उद्घाटन किया। कहा कि वैसे बंदी जो अपने मुकदमे की पैरवी नहीं कर पा रहे हैं उन्हें मुफ्त कानूनी सहायता देने के लिए इस क्लीनिक का निर्माण किया गया है। जहां एलएडीसीएस के अधिवक्ता उपस्थित रहेंगे और उनके मुकदमे की उचित पैरवी नि:शुल्क करेंगे।

## दहेज लेना और देना दोनों कानूनी अपराध: न्यायिक दंडाधिकारी रूपम स्मृति टोपनो



आजाद सिपाही संवाददाता

**तेनुघाट।** दहेज लेना एवं देना, दोनों ही कानूनी अपराध है। उक्त बातें प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी रूपम स्मृति टोपनो ने कही। वो रविवार को आयोजित कानूनी जागरूकता शिविर के दौरान बंदियों को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने डायन प्रथा के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि किसी को डायन कहकर प्रताड़ित करना भी कानूनन अपराध है। ऐसा करने वालों को जमानत तक नहीं मिलती है। सुप्रीम कोर्ट, झारखंड हाई कोर्ट और बोकारो जिला जज सह सत्र न्यायाधीश रंजना आस्थाना के निर्देशानुसार तेनुघाट जेल में जेल अदालत सह कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जेल अदालत में एक बंदी का आवेदन दिया गया था। मगर उसकी समय अवधि पूरा होने के कारण उसे छोड़ा नहीं जा सका। वहीं अधिवक्ता रितेश जयसवाल ने बंदियों को निःशुल्क कानूनी सहायता और अधिकार एवं कर्तव्य की जानकारियां दी। मंच संचालन अधिवक्ता सुभाष कटरियार और स्वागत भाषण जेलर विपिन कुमार ने किया। इस मौके पर सुजय आनंद और विजय कुमार आदि उपस्थित थे।

## रोचक गतिविधियों के साथ शिक्षकों ने सीखे सरल अध्यापन के गुण



**बोकारो डीपीएस में 'एक्सपेरिएंशियल लर्निंग' पर दो दिवसीय कार्यशाला का समापन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** नई शिक्षा नीति 2020 के आलोक में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद (सीबीएसई) सेंटर आफ एक्सीलेंस (सीओई), पटना की ओर से बोकारो डीपीएस में एक्सपेरिएंशियल लर्निंग विषय पर आयोजित शिक्षकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण रविवार को संपन्न हुआ। इस क्षमता निर्माण कार्यक्रम (कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम) सह प्रशिक्षण कार्यशाला में जिले के विभिन्न विद्यालयों से आए 60 से अधिक प्रतिभागी शिक्षकों ने दो दिनों की अवधि में अनुभव आधारित व्यावहारिक शिक्षा के विभिन्न पहलुओं की जानकारी प्राप्त की। साधनसेवी (रिसोर्स पर्सन) बाल भारती पब्लिक स्कूल, औरंगाबाद (बिहार) की प्राचार्या साओली दत्ता एवं विद्या विकास पब्लिक स्कूल, रांची की अंग्रेजी विभागाध्यक्ष प्रेमलता कुमारी ने विद्यालय की कक्षा और किताबी दुनिया से बाहर बच्चों की प्रतिभा निखारने को लेकर कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। विषयवार पाठ्य-सामग्री आधारित पोस्टर-निर्माण, समाचार पत्र से टॉपिक चुनकर उनसे संबंधित प्रस्तुतीकरण सहित विभिन्न शिक्षण पैरामीटरों से जुड़ी रोचक गतिविधियों के माध्यम से शिक्षकों को सरल अध्यापन के गुर सिखाए गए। साधनसेवियों ने कहा कि हर बच्चा प्रतिभावान होता है। सभी में कुछ न कुछ खासियत होती है और आज विभिन्न क्षेत्रों में करियर की असीम संभावनाएं हैं। मेडिकल-इंजीनियरिंग ही नहीं, खेलकूद, संगीत, पत्रकारिता सहित करियर के कई आयाम हैं। साओली व प्रेमलता ने इन आयामों के मानदंडों की जानकारी देते हुए शिक्षकों को बच्चों की प्रतिभा व रुचि के अनुसार उनका मार्गदर्शन करने पर बल दिया। इसके लिए उन्होंने पहले शिक्षकों को खुद में बहु-बुद्धिमता (मल्टीपल इंटेलिजेंस) विकसित करने पर जोर दिया। कहा कि नियमित अध्ययन, अखबार पढ़ने की आदत डालना, सतत ज्ञानार्जन आदि इस दिशा में आवश्यक हैं। उन्होंने प्रतिभागियों को एक्सपेरिएंशल लर्निंग में 'एक्टिविटी, रिफ्लेक्शन, कंसन्ट्रेशन और एप्लीकेशन' के चारसूत्री फॉर्मूला तथा 'स्मार्ट लर्निंग आउटकम' डिजाइन करने की बारीकियां समझाईं। अंतिम सत्र में प्रतिभागी शिक्षकों की प्रस्तुतियों का मूल्यांकन कर उनकी प्रतिक्रियाएं ली गईं। रिसोर्स पर्सन सहित जिले के विभिन्न विद्यालयों से आए सभी शिक्षकों ने डीपीएस बोकारो की मेजबानी में हुई इस विशेष कार्यशाला में अपनी भागीदारी को स्मरणीय व कुशल शिक्षण के लिए लाभदायक बताया। प्राचार्य डॉ एएस गंगवार ने कार्यक्रम के सफल आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए शिक्षकों में बेहतर अध्यापन-कला विकसित करने और विद्यार्थियों को लाभान्वित करने की दिशा में इसे महत्वपूर्ण बताया।

## जन सेवा और सहानुभूति ही भाजपा की पूंजी: पीएन सिंह



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** भाजपा युवा मोर्चा धनबाद महानगर की ओर से बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे सेवा सप्ताह के तहत रविवार को चांदमारी दुर्गा स्थान के समीप निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता भाजयुमो जिलाध्यक्ष अमलेश सिंह ने की। जांच शिविर में 350 से अधिक लोगों ने अपना स्वास्थ्य जांच कराया, जिन्हें चिकित्सकों ने निःशुल्क दवाइयां भी दी। इससे पूर्व शिविर का उद्घाटन धनबाद के सांसद पशुपतिनाथ सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि भाजपा का मकसद जनसेना है। यह अन्य पार्टियों ने एकदम अलग है। भारत के संविधान निमार्ता डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती के उपलक्ष में सेवा सप्ताह के रूप में लगाया गया जांच शिविर काफी सराहनीय है। इस चिलचिलाती गर्मी में लोग बीमार पड़ रहे हैं और गरीबों के बीच निःशुल्क जांच शिविर लगाना सेवा भाव को दर्शाता है। जन सेवा और सहानुभूति की भाजपा की पूंजी है। इसके लिए सभी युवा मोर्चा धनबाद महानगर के कार्यकर्ता बधाई के पात्र हैं। वहीं, भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह ने कहा कि भाजपाई लोक सेवा में समर्पित रहने वाले कार्य करते है। इसी समर्पण भाव से आज पूरे झारखंड में बाबा साहेब की जयंती के उपलक्ष्य में सेवा सप्ताह के रूप में मना रही है। वहीं, कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे और भाजयुमो के जिलाध्यक्ष अमलेश सिंह ने कहा कि हम सभी को बाबा साहेब के जीवन से लोक सेवा जन कल्याण की सीख लेनी चाहिए। सेवा का यह जो भाव है वह भाजपा हमें सिखाती है। इस मौके पर महामंत्री नितिन भट्ट, रमेश राही, रुपेश सिन्हा, उपाध्यक्ष संजय झा, मानस प्रसून, नित्यानंद मंडल, उमेश यादव, स्वरुप भट्टाचार्य, संतोष शर्मा, मौसम सिंह, तमाल राय, जयंत सिंह चौधरी, सुमित प्रामाणिक, अवधेश साव, आकाश पासवान, राहुल गुप्ता, तरुण राय, कमलेश तिवारी, दीपक विश्वकर्मा, मुन्ना बाल्मीकि, प्रतिमा देवी, अंकित राय, विक्की कुमार, विकाश कुमार, राकेश प्रसाद, प्रकाश पासी, रुपेश गुप्ता, संतोष रवानी, रामदेव शर्मा समेत अन्य भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## झारखंड सरकार कांग्रेस के पुराने कार्यालय को अविलंब खुलवाने का दे निर्देश: ब्रजेंद्र सिंह

**पुराने कार्यालय को खुलवाने को लेकर कांग्रेसियों का आंदोलन जारी**

**चौथे दिन बलियापुर प्रखंड कांग्रेस ने दिया धरना**

आजाद सिपाही संवाददाता


पार्टी कार्यालय खुलवाने की मांग को लेकर धरने पर बैठे कांग्रेसी।

**धनबाद।** लुबी सर्कुलर रोड स्थित पुराने कांग्रेस कार्यालय को खुलवाने को लेकर कांग्रेसियों का आंदोलन चौथे दिन भी जारी रहा। चौथे दिन बलियापुर प्रखंड कांग्रेस कमेटी की ओर से धरना दिया गया। जिसमें पूर्व मंत्री मन्नान मल्लिक, झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह एवं कार्यकारी अध्यक्ष राशिद रजा अंसारी मुख्य रूप से उपस्थित थे। अपने संबोधन में जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने कहा कि जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा पूर्ण निर्धारित कार्यक्रम के तहत पुराना कांग्रेस कार्यालय को खोलने को लेकर प्रतिदिन जिला के सभी प्रखंड-नगर कांग्रेस कमेटी की ओर से क्रमवार शांतिपूर्ण ढंग से धरना दिया जा रहा है। इसी कड़ी में रविवार को बलियापुर प्रखंड कांग्रेस कमेटी की ओर से धरना दिया गया। इसके माध्यम से कांग्रेस कार्यालय नहीं खुलने तक जिला के सभी कांग्रेसजनों ने संकल्प लिया कि इसी तरह बंद कांग्रेस कार्यालय के सामने निरंतर धरना देते रहेंगें। जब तक राज्य सरकार द्वारा कार्यालय को खोलने का आदेश निर्गत नहीं हो जाता। वहीं, झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष ब्रजेन्द्र प्रसाद सिंह ने कहा कि झारखंड की पूर्व भाजपा सरकार ने एक षड्यंत्र के तहत 11 वर्ष पूर्व कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं के सम्मान को ठेस पहुंचाते हुए कार्यालय को बंद करा दिया था। उन्होंने कांग्रेसजनों की भावनाओं एवं संगठन के मंदिर रुपी कार्यालय को खोलने में झारखंड सरकार के साथ कैबिनेट में कांग्रेस के मंत्रियों से इस पर गंभीरता दिखाते हुए कैबिनेट में अविलंब पास करा कार्यालय को खोलने का आदेश निर्गत करने की मांग की है। जबकि पूर्व मंत्री मन्नान मल्लिक ने कहा कि भाजपा ने 11 वर्ष पूर्व साजिश रचकर पार्टी कार्यालय को बंद कराया था। जो कांग्रेसियों की आस्था से जुड़ा है। इस मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष राशिद रजा अंसारी, झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष अभिजीत राज, संजय कुमार महतो, रवि रंजन सिंह, योगेंद्र योगी, राजेश्वर यादव, नवनीत नीरज, सीता राणा, गोपाल कृष्ण चौधरी, दिनेश सिंह, गुड्डू खान, पप्पू कुमार तिवारी, बाबू अंसारी, ईदु अंसारी, बाबू अंसारी, मधुसूदन चौधरी, उमाशंकर रजवार, श्यामलाल महतो, सुधन महतो, नसीम खान, सत्यानंद पांडे, अरविंद सैनी, नौशाद खान, लगन महतो, अफरोज खान, लक्ष्मी देवी, फरीद खान, सेफतुला खान, कलाम खान, शोएब खान आदि उपस्थित थे।

## मिथिला सांस्कृतिक परिषद में 56वां दो दिवसीय विद्यापति स्मृति पर्व समारोह का आयोजन

# बोकारो के विकास में अग्रणी भूमिका निभा रही मिथिला सांस्कृतिक परिषद : अमरेंदु प्रकाश

आजाद सिपाही संवाददाता


समारोह के मुख्य अतिथि बीएसएल के निदेशक प्रभारी अमरेन्दु प्रकाश व अन्य।

**बोकारो।** बोकारो की प्रतिष्ठित सामाजिक व सांस्कृतिक संस्था मिथिला सांस्कृतिक परिषद् का मुख्य वार्षिक उत्सव 56वां दो दिवसीय विद्यापति स्मृति पर्व शनिवार शाम को शुरू हुआ। परिषद् द्वारा संचालित सेक्टर-4 स्थित मिथिला एकेडमी पब्लिक स्कूल परिसर में आयोजित इस भव्य आयोजन का उद्घाटन बीएसएल के निदेशक प्रभारी अमरेंदु प्रकाश के अलावा बोकारो एसपी चंदन झा, परिषद् के अध्यक्ष अनिल कुमार, उपाध्यक्ष अनिमेष कुमार झा, राजेन्द्र कुमार व महासचिव अविनाश कुमार झा, मिथिला महिला समिति की अध्यक्ष सीमा झा ने दीप प्रज्वलित कर व महाकवि विद्यापति की तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया। इसके पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ रंजीत कुमार झा और बाल शेखर झा द्वारा स्वस्तिवाचन से हुआ। सुप्रसिद्ध गायक अरुण पाठक ने मंगलगीत 'मंगलमय दिन आजु हे...' की सुमधुर प्रस्तुति की। वहीं, अतिथियों के सत्कार में मिथिला महिला समिति की ममता झा, बीनू चौधरी, मधुबाला झा, वंदना झा, बबिता झा व अदिति झा ने स्वागत गीत 'आहां अतिथि भगवान यौ...' प्रस्तुत किया। इस बीच बोकारो, बीएसएल और मानवता के उत्थान में सेल चेयरमैन के रूप में चुने गए बीएसएल के निदेशक प्रभारी अमरेंदु प्रकाश के अवदानों पर सुंदर वृत्तचित्र प्रस्तुत किया गया। अपने संबोधन में निदेशक प्रभारी ने कहा कि 'बोकारो मेरी मातृभूमि के समान रही है। मैंने अपनी जिंदगी के तीन दशक से अधिक समय यहीं बिताए हैं। बोकारो का भी विशेष रंग है। इसे विभिन्न तरह के रंगों से सजाने-संवारने और इस शहर के विकास में मिथिला सांस्कृतिक परिषद की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने परिषद के कार्यों एवं गतिविधियों की सराहना करते हुए अपनी शुभेच्छाएं व्यक्त की। इसके बाद परिषद, मिथिला एकेडमी स्कूल कार्यकारिणी के शंभु झा, प्रदीप कुमार झा, जय प्रकाश चौधरी, पी के झा चंदन, समरेन्द्र झा, नीरज चौधरी, उषा झा, प्रीति राय, कंचन झा, अविनाश झा अवि, सुनील कुमार चौधरी, अरुण पाठक, मिहिर झा राजू, बहुरन झा, गंगेश कुमार पाठक व मिथिला महिला समिति की सदस्याओं द्वारा पुष्प गुच्छ एवं मिथिला की परंपरानुसार पाग, शॉल व मिथिला पेंटिंग भेंट कर अतिथियों का सम्मान किया गया। वहीं, एसपी चंदन झा ने परिषद् के गतिविधियों की सराहना की और महाकवि विद्यापति को मिथिला की संस्कृति का धरोहर बताया। इस क्रम में अतिथियों ने परिषद् के स्मारिका का विमोचन भी किया। उद्घाटन सत्र का मंच संचालन शिक्षिका मीनू रानी मिश्रा व धन्यवाद ज्ञापन उपाध्यक्ष राजेंद्र कुमार ने किया। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम निदेशक शंभु झा ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डाला। इस मौके पर उमेश मिश्र, गणेश चंद्र झा, अमरेंद्र कुमार झा, विजय शंकर मल्लिक, अनिल कुमार कर्ण, हरि मोहन झा, नूतन झा, किरण मिश्रा, दीप्ति झा, पुष्पा रानी कर्ण, बटोही कुमार, श्रीमोहन झा, सुनील मोहन ठाकुर, विश्वनाथ झा, हरिश्चन्द्र झा आदि थे।

## राष्ट्रीय धर्म जागरूकता को लेकर संगोष्ठी का आयोजन



**बाघमारा/कतरास (आजाद सिपाही)।** रानी बाजार के खेमका निवास में रविवार को हिंदू जनजागृति समिति की ओर से राष्ट्रीय धर्म जागरूकता को लेकर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसे संबोधित करते हुए हिंदू जनजागृति समिति के धर्म प्रचारक सद्गुरू नीलेश सिंगबाल ने कहा कि आज के युवाओं को धर्म की शिक्षा मिलनी चाहिए। देश की गौरवशाली इतिहास, परंपरा और संस्कृति की शिक्षा मिलनी चाहिए, ताकि युवाओं में अपने राष्ट्रधर्म के प्रति भावनाएं जागृत हो। राष्ट्र और धर्म के प्रति युवा अपने दायित्व का निर्वहन कैसे करें ये भी समझे। अपना जीवन आदर्श बनाने के लिए जीवन को सार्थक बनाने के लिए मनुष्य को अध्यात्मिक साधना करने की जरूरत है। कार्यक्रम में हिंदू जनजागृति समिति के शंभु ग्वारे और समर पाल सिंह आदि थे।

## दुगार्पुर कुम्हार बस्ती में भगवती जागरण का आयोजन

**झरिया (आजाद सिपाही)।** मैया झूले ली झुलनवा..... मां शेरावालिए मां ज्योता वालिए....भक्ति गीतों से शनिवार की रात झरिया का दुगार्पुर कुम्हार बस्ती सराबोर रहा। मौका था न्यू जेम्स क्लब के स्कूली छात्रों द्वारा आयोजित श्रीश्री मां भगवती जागरण कार्यक्रम का। जिसमें उपस्थित सैकड़ो श्रद्धालु भक्ति गीतों पर झूम उठे। बंगाल से आए चमकलाल की टीम कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भक्ति गीत गाया।

## पूर्व विधायक संजीव सिंह के बेहतर स्वास्थ्य कामना को लेकर युवा जमसं ने की पूजा-अर्चना



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोयाबाद।** झरिया के पूर्व विधायक संजीव सिंह के बेहतर स्वास्थ को लेकर युवा जमसं ने रविवार को बांसजोड़ा शिव मंदिर में पूजा अर्चना की। जमसं के नेता रामाशंकर महतो व शंकर तुरी ने कहा कि संजीव सिंह का स्वास्थ ठीक नहीं है। उन्हें बेहतर ईलाज की जरूरत है। उनके बेहतर स्वास्थ के लिए भगवान शिव की पूजा कर शीघ्र स्वास्थ की कामना की गई। बतातें चलें कि धनबाद के पूर्व डिप्टी मेयर नीरज हत्याकांड में पूर्व विधायक संजीव सिंह कई वर्षों से धनबाद जेल में बंद है। सीने में दर्द की शिकायत पर पिछले दिनों धनबाद के एसएनएमएमसीएच में भर्ती कराए गए थे। जिन्हें वापस धनबाद जेल भेज दिया गया। इससे समर्थकों में आक्रोश है। वहीं, पूजा करने वालों में विजय यादव, सत्यनारायण यादव, मनोज कुशवाहा, राजा पोद्दार, शंकर प्रमाणिक, बबलू अंसारी, अरविंद चौहान, सुरेश सिंह, शंकर भुईयां, नरेश यादव, गुड्डू तुरी, सचिन कुमार और विकाश सिंह आदि शामिल थे।

## ओड़िशा फिनटेक फेस्टिवल-2023 का हुआ आयोजन

# सीएम ने आयोजकों को दी बधाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** ओड़िशा के इलेक्ट्रॉनिक्स, सूचना और प्रौद्योगिकी विभाग और भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम ने संयुक्त रूप से ओड़िशा में पहली बार राज्य लोकसेवा भवन कन्वेंशन सेंटर में आज एक दिवसीय ओड़िशा फिनटेक फेस्टिवल-2023 का आयोजन किया। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने वर्चुअल उपस्थिति से कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने इस तरह के अभिनव कार्यक्रम के आयोजन के लिए सभी आयोजकों को बधाई दी। इस अवसर पर बोलते हुए, मुख्यमंत्री ने एक वीडियो संदेश के माध्यम से कहा, मुझे बहुत खुशी है कि ओड़िशा फिनटेक फेस्टिवल फिनटेक उद्योग के क्षेत्र में नूतन उद्भावन और फिनटेक उत्पादों का प्रदर्शन करेगा और राज्य के लोगों के लिए वित्तीय समावेशन का रोड मैप बनाने में मदद करेगा। इलेक्ट्रॉनिक्स और आइटी, खेल और युवा सेवा और गृह राज्य मंत्री तुषार कांति बेहेरा, मुख्य शासन सचिव प्रदीप कुमार जेना, प्रमुख सचिव वित्त विशाल कुमार देव, प्रमुख सचिव सूचना और प्रौद्योगिकी मनोज कुमार मिश्र, भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम के मुख्य कार्यकारी अधिकारिणी प्रवीना रॉय, ओड़िशा कंप्यूटर एप्लीकेशन सेंटर के सीइओ



मनोज पटनायक, विशेष सचिव मानस रंजन पंडा, 'आइसरभुयू' के सीईओ देवीप्रसाद सडंगी और अन्य अधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर राज्य सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग और भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम इंडिया के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गये। इसके माध्यम से डिजिटल भुगतान के प्रभावी उपयोग और डिजिटल लेनदेन को बढ़ाने के संदर्भ में राज्य के लिए एक अभिनव मॉडल विकसित और सरकारी क्षेत्र में लागू किया जा सकता है। भविष्य में यह राज्य के लोगों और विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले छोटे व्यवसायियों की आर्थिक समस्याओं को दूर करने के साथ-साथ निवेश की सुविधा भी प्रदान करेगा। राज्य में फिनटेक उद्योग के लिए भविष्य की दिशा निर्धारित करने के साथ-साथ अधिक से अधिक फिनटेक कंपनियों को राज्य में निवेश के लिए कैसे आकर्षित किया जाये, इस पर भी चर्चा हुई। आजकल आम लोगों द्वारा फिनटेक उत्पादों का व्यापक उपयोग, स्वीकृति और लोकप्रियता बढ़ रही है। राज्य सरकारों की कई जनोन्मुख योजनायें वास्तविक लाभार्थियों को सहायता प्रदान करने के लिए भुगतान के डिजिटल मोड को महत्व दे रही हैं। राज्य सरकार वास्तविक हितग्राहियों की पहचान कर उन्हें विभिन्न योजनाओं में शामिल करने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। 'मो सेवा केंद्र' के माध्यम से डिजिटल पहचान सहित कई सेवाये आम लोगों को उपलब्ध कराई जा रही हैं। कार्यशाला में ओड़िशा में फिनटेक इकोसिस्टम के विकास सहित 5 विषयों पर 20 से अधिक वक्ताओं ने यूपीआइ और इसके उपयोगों के बारे में जिसमें क्रेडिट कार्ड-यूपीआइ लिंकेजः डिजिटल भुगतान में वृद्धि, भएस प्रौद्योगिकी, भारत के विकास में एसएमइ की भूमिका, भारतीय फिनटेक सफलता की कहानियां पारिस्थितिकी तंत्र ने अपने अनुभव साझा किये। वर्तमान में, देश में नये फिनटेक उत्पादों और सेवाओं को बनाने के लिए 3,000 से अधिक स्टार्टअप काम कर रहे हैं और कई फर्में पहले से ही स्थापित हैं। मोबाइल वॉलेट और डिजिटल भुगतान प्लेटफॉर्म वित्तीय समावेशन की प्रक्रिया को तेज कर रहे हैं, जो बैंक रहित लोगों को अर्थव्यवस्था में भाग लेने के लिए सशक्त बना रहे हैं। ओड़िशा ने भी पिछले कुछ वर्षों में फिनटेक क्षेत्र में तेजी से प्रगति की है और कई फिनटेक स्टार्टअप्स ने राष्ट्रीय स्तर पर अपने अभिनव उत्पादों और सेवाओं को लांच किया है।

### सभा में 700 से अधिक गणमान्यों ने शिरकित की

यह कार्यक्रम अधिक रोजगार सृजित करने, वित्तीय क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने और ओड़िशा को राष्ट्रीय फिनटेक हब बनाने के सरकार के प्रयासों का समर्थन करेगा। सभा में 700 से अधिक गणमान्य व्यक्तियों, उद्यमियों, बैंकों, स्टार्टअप्स, फिनटेक कंपनियों, शोधकर्ताओं, नीति-निमार्ताओं और छात्रों ने भाग लिया। 30 से अधिक कंपनियों ने अपने फिनटेक उत्पादों का प्रदर्शन किया। उनकी गुणवत्ता और जनता के दैनिक जीवन में व्यावहारिक जरूरतों के कारण यूजर्स में उत्साह देखा गया।

## सोआ में 8 देशों के प्रतिनिधियों का सम्मेलन

# भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था की तारीफ की

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** शनिवार को भारत दौरे पर आए 8 लोकतांत्रिक देशों के प्रतिनिधियों ने दुनिया में मिसाल कायम करने वाली भारत की लोकतांत्रिक विचारधारा की तारीफ की। पुर्तगाल के सांसद मिगुएल कोस्टा माटोस ने कहा कि भारत न केवल सबसे पुराना बल्कि दुनिया का सबसे लोकतांत्रिक देश है और इसकी स्वतंत्रता, सहिष्णुता और पुरुषों और महिलाओं की समानता के मुद्दे बहुत महत्वपूर्ण हैं। श्री माटोस ने शिक्षा और अनुसंधान (सोआ) में 'डेमोक्रेसी एंड गवर्नेंस' सिस्टम डेवलपमेंट वर्कशॉप में भाग लेने के दौरान यह बात कही। भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (आइसीसीआर) और 'जेन-नेक्स्ट डेमोक्रेसी नेटवर्क' द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में भारत की आजादी की 75वीं वर्षगांठ और आजादी का अमृत पर्व के उपलक्ष्य में 8 देशों के प्रतिनिधियों ने भारत का दौरा किया है। भारतीय लोकतांत्रिक प्रणाली, सांस्कृतिक विरासत और विकास का व्यापक विश्लेषण किये। माटोस ने बसुधैब कुटुंबकम' अर्थात एक पृथ्वी, एक परिवार और एक भविष्य पर भारत के जोर की सराहना की। उन्होंने कहा कि अब जलवायु परिवर्तन के खिलाफ लड़ने, एक परिवार के रूप में एक साथ आने और एक साथ भविष्य का सामना करने का समय है, उन्होंने कहा कि कोरोना



महामारी ने दुनिया के देशों को एक साथ करीब ला दिया है। झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति अनिल कुमार चौधरी सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और उन्होंने भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था को दुनिया का सबसे पुराना और सबसे बड़ा लोकतंत्र बताते हुए कहा कि यह व्यवस्था मध्यकाल से चली आ रही है। सिंधु सभ्यता के समय से ही लोकतंत्र और परोपकारी व्यवस्था प्रचलित रही है। उन्होंने कहा कि प्राचीन हरप्पा सभ्यता की खुदाई से भारत में पंचायत व्यवस्था 5000 साल पुराना पाया जाता है और तमिलनाडु में तानजावुर पत्थर की नक्काशी से रिट्रीट सिस्टम प्राचीन काल में प्रचलित है। पुर्तगाल, दक्षिण अफ्रीका, मंगोलिया, क्रोएशिया, गुयाना, ब्राजील, बेल्जियम और बुल्गारिया के राजनेताओं, विधायकों, व्यापारियों, पत्रकारों, शिक्षाविदों और युवाओं सहित 26 सदस्यों का एक प्रतिनिधिमंडल ओडिशा के दौरे पर है। श्री माटोस के अलावा, क्रोएशिया के डोमागोज हाजतुकोविच, बेल्जियम के थॉमस रोगमैन, ब्राजील के ग्यूसेप रिकार्डो मेनेघेटी, बुल्गारिया के अलेक्जेंडर वैलेंटिनोवा कोरसेवा, गुयाना के सुरेश सिंह और दक्षिण अफ्रीका के गणेश आडत्या महिपल और परवीन वेडान ने भी सम्मेलन में बात की। सोआ के कुलपति प्रोफेसर प्रदीप कुमार नंद ने सम्मेलन में प्रतिनिधियों का स्वागत किया और अपने भाषण में कहा कि सोआ ने पिछले साल अपनी स्वर्ण जयंती मनाई थी और कहा था कि 200 से अधिक विदेशी छात्र वर्तमान विश्वविद्यालय में अध्ययन कर रहे है। जबकि विभिन्न देशों के 1000 छात्रों का लक्ष्य है सोआ में अध्ययन करें।

### निदेशक ने धन्यवाद प्रस्ताव दिया

सोआ के प्रो-चांसलर प्रो. अमित बनर्जी कार्यक्रम में उपस्थित थे, जबकि छात्र मंगल के डीन प्रो. ज्योति रंजन दास ने कार्यक्रम का संचालन किया और यूनिवर्सिटी आउटरीच प्रोग्राम के निदेशक प्रो. नचिकेता शर्मा ने धन्यवाद प्रस्ताव दिया। प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को सुबह ओड़िशा विधानसभा का दौरा किया और ओडिशा की लोकतांत्रिक व्यवस्था को लेकर डिप्टी स्पीकर रजनीकांत सिंह और सरकारी दल के सचेतक प्रशांत मुदुली के साथ से चर्चा की। शनिवार की शाम इन विदेशी प्रतिनिधियों ने राज्य सचिवालय में मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के साथ सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने उन्हें संबोधित किया।

study MBBS in ABROAD
RUSSIA GEORGIA POLAND EGYPT
KAZHAKASTAN UZBEKISTAN
Get Direct Admission in Top Government Medical Universities of ABROAD.
UNIVERSITY FLY
Call Now ! +91-7903149721
www.universityfly.com

बोर्ड परीक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण पुस्तकें
प्रकाशित
Jharkhand Board Today CLASS-X 2023
निकटतम पुस्तक विक्रेता से अपनी प्रतियाँ शीघ्र प्राप्त कर लें।
मिलते-जुलते नामवाली नकली पुस्तकों से सावधान !
VERMA PRESS PVT. LTD.
4, R. G. STREET, THARPAKHNA, RANCHI (JHARKHAND) - 834 001
Visit us at www.vermapress.com, e-mail : vermapress@gmail.com

# मीडिया की रचनात्मक भूमिका पर जोर दिया

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** प्रमुख मीडिया संपादकों ने अपने राष्ट्र के लिए युवाओं में गर्व पैदा करने और उन्हें राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में नेतृत्व करने के लिए प्रेरित करने में मीडिया की रचनात्मक भूमिका पर जोर दिया। किट ड्यू द्वारा 20 परामर्श के हिस्से के रूप में आयोजित एक मीडिया सत्र में बोलते हुए वरिष्ठ पत्रकार और न्यू इंडियन एक्सप्रेस के संपादकीय निदेशक प्रभु चावला ने युवाओं में अपने राष्ट्र के बारे में नकारात्मक धारणाओं को खत्म करने और उन्हें भारत को बेहतर बनाने के लिए प्रोत्साहित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। सत्र का विषय 'द पावर ऑफ यूथः ड्राइविंग चेंज एंड बिल्डिंग ए बेटर वर्ल्ड' था। कार्यक्रम के दौरान परामर्श को कवर करने वाले देश भर के मीडिया पेशेवरों को किट और किस के संस्थापक डॉ अच्युत सामंत और अन्य गणमान्य व्यक्तियों द्वारा सम्मानित किया गया। धारित्री और ओडिशा पोस्ट के संपादक तथागत सतपथी ने युवा पीढ़ी को बंद मानसिकता रखने के बजाय वैकल्पिक विचारों और विचारों के लिए खुले रहने का आह्वान किया। उन्होंने उनसे धार्मिक मान्यताओं से ऊपर उठकर एक मजबूत और समृद्ध राष्ट्र के निर्माण की दिशा में मिलकर काम करने का आग्रह किया। समाज के मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक निरंजन रथ ने वर्तमान पीढ़ी के युवाओं में बढ़ती अनुशासनहीनता पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने स्वामी विवेकानंद और शिवाजी महाराज जैसे युवा नेताओं से प्रेरणा लेकर समाज में शांति और समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए अपनी ऊर्जा का उपयोग करने के महत्व पर जोर दिया। संवाद के संपादक सौम्य रंजन पटनायक ने युवाओं से आग्रह किया कि वे अपनी ऊर्जा एक मजबूत राष्ट्र के निर्माण में लगाएं और अपने पूर्ववर्तियों द्वारा छोड़े गए कार्यों को जारी रखें। उन्होंने मीडिया पेशेवरों से युवाओं को हमारे जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के बारे में सोचने के लिए संवेदनशील बनाने के लिए एकजुट होने का आह्वान किया। सूचना आयुक्त ओडिशा और पूर्व संपादक समाज सुशांत महांति ने अपने भाषण में कहा, नयी पीढ़ी को समय के मूल्य, समय की पाबंदी, अनुशासन, कार्रवाई करने से पहले सोच, चरित्र-चालित और अपने प्रयास में निडर होना चाहिए। निदेशक सत्यजीत रे फिल्म और टेलीविजन संस्थान, कोलकाता, हिमांशु शेखर खटुआ ने युवाओं के विकास की बारीकियों पर विचार-विमर्श किया क्योंकि यह भविष्य के लिए प्रतिज्ञा करता है।

# राज्यपाल ने प्रतिनिधियों को सम्मानित किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** ओड़िशा के राज्यपाल प्रोफेसर गणेशी लाल ने शनिवार को जी20 देशों के सांसदों और पांच देशों के राजदूतों को सम्मानित किए जो किट डीयू में प्रतिष्ठित वाइ 20 परामर्श में भाग लिए। समारोह किट द्वारा आयोजित किया गया था जहां राज्यपाल ने सभी गणमान्य व्यक्तियों को सम्मानित किया और वाइ 20 परामर्श के विषय 'वसुधैव कुटुम्बकम' (एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य) के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने यह भी कहा कि जी 20 के तहत भारत के युवाओं के लिए कल्पित वाइ20 उन्हें दूसरे स्तर तक ले जाने में मदद करेगा और समाज में शांति, समृद्धि और समानता लाने में मदद करेगा। सांसद संयुक्त राज्य अमेरिका, ब्रिटेन, जर्मनी, यूक्रेन, स्विट्जरलैंड, पोलैंड, आर्मेनिया, स्लोवाकिया, बुल्गारिया, कांगो और आइवरी कोस्ट जैसे देशों से आये हैं। 20 परामर्श के दौरान, अंतर्राष्ट्रीय प्रतिभागियों ने किट और किस दोनों के विभिन्न परिसरों का दौरा किया और किट और किस के संस्थापक के प्रयासों की प्रशंसा की, जिन्होंने केवल 25 वर्षों में किट समूह के संस्थानों को देश में सर्वश्रेष्ठ में से एक में बदल दिया। प्रतिनिधियों ने ओडिशा के लोगों की निष्ठा और आतिथ्य की भी प्रशंसा की और कहा कि वे अपने शेष जीवन के लिए अपने प्रवास की यादों को संजोते रहेंगे। डॉ. सामंत ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि वह उन प्रतिनिधियों के बेहद आभारी हैं जिन्होंने उनके अनुरोध पर परामर्श में भाग लिया। यह वास्तव में ओडिशा के लिए गर्व का क्षण था। रग्बी इंडिया के अध्यक्ष और अभिनेता राहुल बोस, अध्यक्ष किट और किस सास्वती बल और उपाध्यक्ष किट और किस के उमापद बोस और अन्य मान्य गण्य व्यक्ति उपस्थित थे।

Ranjeet Singh
Kundan Singh
Proprietor
SHIVA TRADERS
T:+91-9934189684
7667384788
Shiva Complex, Rajender Chowk, Giridih Bypass Road Koderma(JH)825410
Mob : 9939563560, 7004525571, Email id : shivacement1212@gmail.com

बोरिंग के लिए संपर्क करे
जल ही जीवन
993106883
9113754813
रांची के अंदर कहीं भी अच्छे रेट में
Contact for : Deep Boring, 405" 6" 8" Dia All Motor & Pump Fitting, Building Material

Alpha Institute of Computer Education
FREE FRANCHISE
Just call us : 9835502908
Franchise Benefit
All Computer courses
Vocational courses
Authorization Letter
Authorization Certificate
Web Login ID & Password
Study Material Support
Branded Name
PDF Certificate in 24 Hrs
Hard Copy Certificate & Mark sheet
Students Placement Support
Marketing Support
Online & Offline Certificate Verification
Yearly Career Guidance - Seminar in your city
Paper and Media Support
E-mail : alphaeducational.center@gmail.com, Web site : www.alphaec08.com

Helpline No.: 7061812125
www.janyafertilityclinic.com
Janya Hospital
जान्या हॉस्पिटल
नि:संतान दंपतियों, स्त्रियों एवं गर्भवती महिलाओं और बच्चों के इलाज हेतु संपर्क करें!
सुविधाएँ
(1) कृत्रिम गर्भाधान (IUI)
(2) आई.वी.एफ. (IVF)
(3) इक्सी (ICSI, IMSI)
(4) ब्लास्टोसिस्ट ट्रांसफर
(5) विशिष्ट सूई द्वारा शुक्राणुओं को निकालना (TESE/ MESA / PESA)
(6) एग एवं शुक्राणु डोनेशन प्रक्रिया (Egg & Sperm Donation)
(7) भ्रूण डोनेशन प्रक्रिया (Donor Embryo)
(8) वीर्य एवं भ्रूण का संग्रहण
(9) दूरबीन पद्धति द्वारा जाँच व ईलाज (Lapro Hysteroscopy)
DOCTORS
डा० मणि मुक्ता
नि: संतानता ईलाज(IVF) पर भारी छूट
ऐश्वर्या रेसिडेंसी, ए-1, अरगोड़ा-कटहल मोड़ रोड, नियर रिलायंस फ्रेस, दीपाटोली, पुन्दाग, राँची, झारखण्ड-834004

अविराम ए ग्रुप ऑफ इंस्टीटयुशंस
(मान्यता एवं संबद्धता रांची वि.वि., जैक, एनपीयू, पी.सी.आई., JSPC, JNRC एवं विहित NCTE भुवनेश्वर उड़ीसा)
टिको, कुडू, लोहरदगा एवं हुटाप, चंदवा, लातेहार (झारखंड)
इंटर एवं स्नातक पास बालक/बालिकाएं शीघ्र प्रवेश लें एवं B.ed के अतिरिक्त अन्य में सीधे प्रवेश हेतु आवेदन करें
झारखंड स्टेट एवं रांची विश्वविद्यालय में टॉपर देने वाले संस्थान में प्रवेश का सुनहरा अवसर
ए.एन.एम A.N.M | डी.फार्मेसी D.Pharmacy | बी.एड. B.Ed. | बी.एस.सी. नर्सिंग B.Sc Nursing | डी.एल.एड D.El.Ed
FACILITIES : SCHOLARSHIP ◆ BUS & HOSTEL FACILITY ◆ CAMPUS PLACEMENT ◆ WELL EQUIPPED LAB ◆ ONLINE ADMISSION PAYMENT & ONLINE CLASS FACILITY
URGENT REQUIREMENT
◆ B. Sc Nursing/ M.Sc Nursing Pass
◆ D. Pharma/ B. Pharmacy Pass
◆ B.Ed & M.Ed in (Science/Literature Social Science)
Send resume within 3 days in 7782054270
Coming Soon Paramedical Courses
◆ Diploma in Operation Theater
◆ DMLT ◆ Dresser
संपर्क कीजिए : 7782054270, 8987470640
www.aviramcollege.com, www.aviramcollegeofnursing.com
bedcollege2011@gmail.com/aviram.gv@gmail.com

S M TOY & School Furniture
Old Bank Colony, RMCH Road Sadhu Maidan
Shop Add. : Industrial Area Kokar, Ranchi-834001 (Jharkhand)
Everything From A to Z
For School, Playground, Playschool Park, Playazone, Mails, Backyard, Recreation Zone Society & Anganwadis
PROP. SANTOSH KUMAR 7503729696, 9205624569

रत्न विक्रेता जय माता दी रत्न विक्रेता
ज्योतिष ग्रहरत्न केन्द्र
ज्योतिष शास्त्र • वास्तु शास्त्र • हस्त शास्त्र • हस्त रेखा • अंक शास्त्र
पंडित शशि कांत मिश्रा
पता - लाईन टैंक रोड, गोपाल गंज गली, अपोजिट-भूतपूर्व बारगेन बाजार, रांची
फोन :- 9334718296, 9835195382, 9431792761

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
**संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**